seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

# सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

श्रीगंगानगर, मंगलवार, 03 नवम्बर 2026

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 301 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 seema-sandesh.com

## न्यूज इन ब्रीफ

### तेल रिफाइनरी में विस्फोट, आग

**विशाखापट्टनम।** आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की तेल रिफाइनरी में देर रात भीषण आग लग गई। धमाके के बाद उठीं ऊंची लपटों और काले धुएं से आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। हादसे से जुड़े वीडियो सामने आए हैं, जिनमें रिफाइनरी परिसर से आग की लपटें और धुएं का गुबार उठता दिखाई दे रहा है। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। ट्रायल रन के दौरान तकनीकी गड़बड़ी के बाद आग लगने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि प्रक्रिया के दौरान बायप्रोडक्ट के रूप में सल्फर जमा हो गया था। कंपनी की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

### टैक्स ढांचा बदलने पर विचार होगा: निर्मला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट से पहले शेयर बाजार और विदेशी निवेशकों के लिए राहत की उम्मीद जगी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स (एलटीसीजी) टैक्स में राहत की मांगों पर विचार करने के संकेत दिए हैं। मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और बदलती वैश्विक परिस्थितियों के कारण निवेशकों की चिंताएं स्वाभाविक हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इन सुझावों पर गंभीरता से विचार करेगी। सीतारमण ने बताया कि वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड विदेशी निवेश आया था, जबकि उस समय भी टैक्स ढांचा यही था। हालांकि, मौजूदा समय में बाजार की परिस्थितियां बदली हैं।

## क्रूड सस्ता होने, वैश्विक संकेतों और त्योहारी मांग से सोने-चांदी में रिकवरी; निवेशकों की संपत्ति 8 लाख करोड़ बढ़ी

# शेयर बाजार में रौनक, दीपावली से पहले फिर चमका सोना

**नई दिल्ली।**

कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट और मध्य-पूर्व में शांति वार्ता की उम्मीदों ने वैश्विक बाजारों का माहौल बदल दिया है। इसका असर न केवल शेयर बाजार बल्कि सोने और चांदी की कीमतों पर भी दिखाई दिया। दिवाली से पहले घरेलू बाजार में बढ़ी मांग और अंतरराष्ट्रीय संकेतों से सोने के भाव में फिर तेजी दर्ज की गई है।



### सोना 3,900 डॉलर के पार, चांदी में भी उछाल

कमोडिटी बाजार में सोमवार को सोने और चांदी ने पिछले सत्र की गिरावट से उबरते हुए मजबूती दिखाई।

- अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना करीब 1 प्रतिशत बढ़कर 3,899.73 डॉलर प्रति औंस पहुंच गया।
- अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर्स भी बढ़त के साथ 3,913 डॉलर प्रति औंस के करीब रहा।
- चांदी में 2 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई और यह 50 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच गई।

इससे पहले सोने में भारी बिकवाली के कारण करीब 4 प्रतिशत की गिरावट आई थी, लेकिन अब बाजार में दोबारा भरोसा लौट रहा है।

### दिवाली की मांग से दिल्ली में बढ़े भाव

घरेलू सराफा बाजार में भी त्योहारों की खरीदारी का असर दिखा। दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500 रुपये बढ़कर 1,42,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। व्यापारियों के अनुसार दिवाली नजदीक आने के साथ ज्वैलर्स और ग्राहकों की ओर से खरीदारी बढ़ी है। इसके अलावा रुपये में कमजोरी के कारण आयात महंगा होने से घरेलू कीमतों को समर्थन मिला है।

### अक्टूबर की गिरावट के बाद राहत

अक्टूबर महीने में सोने की कीमतों में करीब 7,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट आई थी। वहीं चांदी भी करीब 46 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक टूटी थी। सोमवार की तेजी को बाजार विशेषज्ञ इस गिरावट के बाद सुधार के रूप में देख रहे हैं।

### शेयर बाजार में भी लौटा उत्साह

कीमती धातुओं में सुधार के साथ शेयर बाजार में भी तेजी आई। सेंसेक्स 1,233 अंक उछला और निफ्टी 23,400 के पार बंद हुआ। इस तेजी से निवेशकों की संपत्ति में करीब 8 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ।

### क्रूड में गिरावट से कम हुआ महंगाई का खतरा

सोने की कीमतों में आई तेजी के पीछे कच्चे तेल की कीमतों में नरमी को बड़ा कारण माना जा रहा है। ईरान और कतर के बीच बातचीत से युद्ध विराम की उम्मीद बढ़ी है, जिससे कच्चे तेल के दाम नीचे आए।

- तेल सस्ता होने से वैश्विक महंगाई का दबाव कम होने की उम्मीद है।
- ब्याज दरों में लंबे समय तक बढ़ोतरी की आशंका कमजोर हुई है।
- कम ब्याज दरों के माहौल में सोना निवेशकों के लिए आकर्षक विकल्प बन जाता है।

### दीपावली पर महंगाई की मार, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और मिठाइयां महंगी

दीपावली से पहले बाजार में खरीदारी की रौनक बढ़ गई है, लेकिन इस बार महंगाई ने त्योहार के बजट पर असर डाला है। घरेलू सामान, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और मिठाइयों की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। कच्चे माल की बढ़ती लागत, माल ढुलाई के महंगे होने और आपूर्ति खर्च बढ़ने से टीवी, गीजर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के दाम 3 से 7 फीसदी तक बढ़ गए हैं।

हायर, एलजी और ब्लू स्टार जैसी कंपनियों ने कीमतों में इजाफा किया है, जबकि हैवल्स भी दिसंबर तक 5 से 7 फीसदी बढ़ोतरी की तैयारी में है।

**मिठाइयों पर भी महंगाई का असर :** दीपावली पर सबसे ज्यादा खरीदी जाने वाली मिठाइयों के दाम करीब 15 फीसदी तक बढ़ गए हैं। ड्राई फ्रूट, दूध और चीनी की कीमतों में वृद्धि के कारण मिठाई कारोबारियों की लागत बढ़ी है।

**ऑनलाइन खरीदारी बढ़ी :** विजय सेल्स के प्रबंध निदेशक नीलेश गुप्ता के अनुसार, लोग अब ऑनलाइन खरीदारी पर ज्यादा निर्भर हो रहे हैं। करीब 70 फीसदी खरीदारी ऑनलाइन माध्यम से हो रही है, जिससे ग्राहकों पर एक साथ ज्यादा आर्थिक बोझ नहीं पड़ता। हालांकि, त्योहार की खरीदारी इस बार पहले के मुकाबले महंगी रहने वाली है।

### आगे अमेरिकी चुनाव और आर्थिक आंकड़ों पर नजर

आने वाले दिनों में सोने की दिशा अमेरिकी चुनाव, डॉलर की चाल, रोजगार आंकड़ों और केंद्रीय बैंक की नीतियों से तय होगी। अगर डॉलर कमजोर होता है तो सोने को और मजबूती मिल सकती है। दिवाली से पहले सोने की चमक लौटने से निवेशकों और खरीदारों दोनों की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

### नौसेना के लिए बनेंगे 8 नए युद्धपोत : राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए 8 अगली पीढ़ी के कार्वेट युद्धपोतों के निर्माण हेतु जीआरएसई और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के साथ 53,866.50 करोड़ के अनुबंध किए हैं। इनमें जीआरएसई पांच और जीएसएल 3 युद्धपोत बनाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी जहाज निर्माण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। परियोजना से लाखों रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।



## बीएस-6 से पुराने वाहनों पर रोक

### दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रवेश प्रतिबंध पर रोक से किया इनकार

**नई दिल्ली।** प्रदूषण नियंत्रण उपायों के तहत दिल्ली में बाहर से आने वाले बीएस-6 मानकों का पालन नहीं करने वाले पेट्रोल और डीजल वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। यह प्रतिबंध 31 जनवरी तक लागू रहेगा। सोमवार को दिल्ली की सीमाओं पर वाहनों की सघन जांच के कारण गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद, सोनीपत और अन्य मार्गों पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। दिल्ली यातायात पुलिस, परिवहन और पर्यावरण विभाग की टीमों ने राजोकरी, डीएनडी, गाजीपुर, सिंघु, टिकरी और बदरपुर सहित प्रमुख प्रवेश बिंदुओं पर कार्रवाई की। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को वापस भेजने के साथ चालान भी काटे गए। दिल्ली हाईकोर्ट ने गैर-दिल्ली पंजीकृत बीएस-6 पूर्व वाहनों के प्रवेश प्रतिबंध पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि, कोर्ट ने याचिका पर नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई 27 नवंबर तय की है। याचिकाकर्ता ने इस नियम को भेदभावपूर्ण बताते हुए कहा है कि यह वाहन के पंजीकरण स्थान पर आधारित है, न कि प्रदूषण स्तर पर।

## राहुल ने घुसपैठिया बचाओ रैली की

### केंद्रीय गृह मंत्री का आरोप कांग्रेस फर्जी वोटों से चुनाव हथियाना चाहती है

**हैदराबाद।** गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को हैदराबाद में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च में शामिल हुए। जनसभा को भी संबोधित किया। यह कार्यक्रम इंडिया ब्लॉक के एसआईआर के खिलाफ चल रहे विरोध के जवाब में किया जा रहा है। शाह ने कहा कि राहुल गांधी ने दिल्ली में घुसपैठिया बचाओ रैली की। कांग्रेस मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध कर बांग्लादेशी घुसपैठियों को बचाने का प्रयास कर रही है। भाजपा एक-एक घुसपैठिए को देश और मतदाता सूची से बाहर निकालकर रहेगी।



राहुल गांधी 13 करोड़ वोट हटाने का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन इनमें कई वोट ऐसे लोगों के हैं जो दूसरी जगह चले गए हैं या जिनकी मृत्यु हो चुकी है। कांग्रेस फर्जी वोटों के सहारे चुनाव जीतना चाहती है।

**कांग्रेस पर अराजकता फैलाने का आरोप:** अमित शाह ने कहा कि यदि भाजपा ईवीएम के जरिए चुनाव जीतती है तो तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में गैर-भाजपा सरकारें कैसे बनीं। उन्होंने राहुल गांधी को एसआईआर और ईवीएम के मुद्दे पर संसद में चर्चा की चुनौती दी। शाह ने कहा कि कांग्रेस चुनाव में हार के बाद अराजकता फैलाकर सत्ता में आने की कोशिश कर रही है। राहुल गांधी संविधान की बात करते हैं, लेकिन संसद नहीं चलने देते। लोकतंत्र की रक्षा के लिए भाजपा का अभियान देशभर में चलाया जा रहा है।

## भाजपा-अकाली दल के बीच सीटों पर बातचीत तेज

**नई दिल्ली।** पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के विस्तार की अटकलें तेज हो गई हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पंजाब में एनडीए सरकार बनाने के लगातार बयानों के बीच भाजपा और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत आगे बढ़ती दिखाई दे रही है। सूत्रों के अनुसार, दोनों दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर चर्चा जारी है और दिवाली के बाद गठबंधन की औपचारिक घोषणा हो सकती है। सूत्रों का कहना है कि संभावित समझौते में भाजपा को 45 से 50 विधानसभा सीटें मिल सकती हैं। हालांकि, भाजपा की ओर से अभी तक 117 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की बात कही जा रही है।

**अमित शाह के बयानों से बढ़ी हलचल :** अमित शाह के पंजाब में एनडीए सरकार बनने के दावों को भाजपा और अकाली दल के बीच बढ़ती नजदीकी का संकेत माना जा रहा है। दोनों दल पहले भी गठबंधन में रह चुके हैं, लेकिन सितंबर 2020 में कृषि कानूनों के विरोध में अकाली दल ने एनडीए से नाता तोड़ लिया था।

### आप के 3 विधायक भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के तीन विधायक-कुंवर विजय प्रताप सिंह, हरमीत सिंह पठानमाजरा और पूर्व मंत्री चेतन सिंह जौरामाजरा-सोमवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में भाजपा में शामिल हो गए।

इन नेताओं ने पंजाब को नशा, अपराध और कर्ज से मुक्त बनाने की बात कही, जबकि भाजपा ने इसे आप सरकार के खिलाफ बढ़ते जनअसंतोष का संकेत बताया। भाजपा का जोर पंजाब में सत्तारूढ़ आप पार्टी को किसी भी तरह से कमजोर करना है।

### कांग्रेस की रैली में 20 हजार भी नहीं आए :महस्के

**जयपुर।** जयपुर प्रवास पर आए भाजपा सोशल मीडिया के राष्ट्रीय संयोजक दीपक महस्के ने सोमवार को यहां कहा कि 2029 का चुनाव जमीनी स्तर के साथ सोशल मीडिया पर भी लड़ा जाएगा। पार्टी सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को साथ लेकर चलेगी, लेकिन युवाओं की सक्रियता को देखते हुए इंस्टाग्राम पर विशेष फोकस रहेगा। इसके साथ ही दीपक ने कांग्रेस की 10 लाख की भीड़ के दावे पर तंज कसते हुए कहा, रैली में 20 हजार लोग भी नहीं आए। महस्के ने कहा कि सोशल मीडिया लगातार बदलने वाला मंच है और इसमें नई-नई तकनीकें आती रहती हैं। ऐसे में कार्यकर्ताओं को अपडेट रखना जरूरी है। भाजपा में प्रशिक्षण का दौर लगातार चलता रहता है और आने वाले समय में सोशल मीडिया हेतु और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। पंजीकृत राजनीतिक दल नहीं है और उसके पास चुनाव चिह्न भी नहीं है।

आर्य समाज द्वारा संचालित
डीएवी आयुर्वेद नर्सिंग इंस्टीट्यूट, रायसिंहनगर
रायसिंहनगर का प्रथम आयुर्वेद संस्थान
राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त
Code : 212 Course Only
DAN&P
(डिप्लोमा इन आयुर्वेद नर्सिंग एंड फार्मेसी)
योग्यता : 10+2 सभी संकाय, अवधि : 2.5 वर्ष
प्रवेश प्रारम्भ
Behind Railway Station, RAISINGHNAGAR
M: 8094112524

शिखर
(संशोधित जौ बीज)
शिखर जौ जिसने लगाया रिकॉर्ड तोड़ उत्पादन पाया
SHIKHAR
मोटे एवं वजनदार दाने
ज्यादा उपज उच्च बाजार भाव
काली स्मट रोग के प्रति सहनशील

Hero
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
आवश्यक सूचना
वर्कशॉप में अवकाश के बारे में।
दि. 05/11/2026 गुरुवार से दि. 09/11/2026 सोमवार तक वर्कशॉप का अवकाश रहेगा।
आगामी कार्य दिवस
दि. 10/11/2026 मंगलवार सुबह 9:00 बजे से वर्कशॉप पूर्ण रूप से खुली रहेगी। धन्यवाद
for more information : शैलेंदर कामरा 9413535100
सौजन्य से : सूर्या ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड श्रीगंगानगर (राज.)



### टाटा मोटर्स और जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने भी दर्ज की वृद्धि, एसयूवी की मांग ने दिया सहारा

# त्यौहारी मांग; ऑटो सेक्टर में रफ्तार, हुंदै और महिंद्रा की रिकॉर्ड बिक्री

**नई दिल्ली।**

देश में त्योहारी सीजन के दौरान वाहनों की मांग में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। अक्टूबर 2026 में प्रमुख वाहन निमार्ता कंपनियों हुंदै मोटर इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स और जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने शानदार बिक्री दर्ज की। हुंदै और महिंद्रा ने इस दौरान अपनी अब तक की सबसे अधिक मासिक बिक्री का रिकॉर्ड बनाया।

**हुंदै की कुल बिक्री 82,299 इकाई पर पहुंची :** हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड ने अक्टूबर में घरेलू बाजार और निर्यात को मिलाकर कुल 82,299 वाहनों की बिक्री की, जो पिछले वर्ष



अक्टूबर की तुलना में 17.7 प्रतिशत अधिक है। कंपनी की घरेलू बिक्री 16.7 प्रतिशत बढ़कर 62,799 इकाई रही, जबकि निर्यात 21.1 प्रतिशत बढ़कर 19,500 इकाई पर पहुंच गया। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तरुण गर्ग ने कहा कि मजबूत त्योहारी मांग और घरेलू व अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बेहतर प्रदर्शन के कारण कंपनी ने बिक्री का रिकॉर्ड बनाया है।

**महिंद्रा की एसयूवी बिक्री ने बनाया नया स्तर:** महिंद्रा एंड महिंद्रा की अक्टूबर में कुल वाहन बिक्री 1,31,109 इकाई रही, जिसमें निर्यात भी शामिल है। कंपनी की बिक्री में सालाना आधार पर 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एसयूवी खंड में महिंद्रा ने घरेलू बाजार में 73,338 वाहन बेचे, जबकि निर्यात सहित इस श्रेणी की कुल बिक्री 74,904 इकाई रही। वाणिज्यिक वाहनों की घरेलू बिक्री भी 4 प्रतिशत बढ़कर 33,037 इकाई पहुंच गई। महिंद्रा के वाहन कारोबार के अध्यक्ष डॉ. वेलुसामी आर. ने कहा कि अक्टूबर कंपनी के लिए शानदार महीना रहा। एसयूवी, पिकअप और तिपहिया वाहनों की मांग, नए उत्पादों के कारण बिक्री में वृद्धि हुई।

**टाटा मोटर्स और एमजी मोटर को भी मिला फायदा :** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने अक्टूबर में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कुल 75,426 वाहनों की बिक्री की। पिछले वर्ष अक्टूबर में यह आंकड़ा 61,295 इकाई था। इस तरह कंपनी की बिक्री में 23 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज हुई। वहीं, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की अक्टूबर में थोक बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 8,013 इकाई रही। कंपनी के नए मॉडल एमजी हेक्टर टोमाहॉक ईवी और विंडसर इंडल्ज एडिशन को ग्राहकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

## गंगनहर का वरीयताक्रम

**03 नवम्बर 2026, मंगलवार [सम्भावित]**



| पेयजल व छीजत 250 | खुलने का समय | बंद होने का समय |
|---|---|---|
| एफ 753 (8) | 26 अक्टूबर रात्रि 12 बजे | 03 नवम्बर सायं 6 बजे |
| केके 766 (7) | 27 अक्टूबर प्रातः 9 बजे | 03 नवम्बर सायं 6 बजे |
| एलएनपी 1043 (4) | 30 अक्टूबर प्रातः 3 बजे | 06 नवम्बर रात्रि 9 बजे |
| ईईए 1103 (4) | 30 अक्टूबर प्रातः 9 बजे | 06 नवम्बर सायं 6 बजे |
| बीबी 1301 (2) | 01 नवम्बर प्रातः 3 बजे | 08 नवम्बर सायं 6 बजे |
| एमके 1399 (2) | 01 नवम्बर प्रातः 3 बजे | 08 नवम्बर दोपहर 12 बजे |
| एच 1706 | | |
| वाई 1737 | | |
| जैड 1892 | | |
| डी-भागसर 1910 | | |
| बीआईएफ+जे 1951 | | |
| पीएस 2111 | | |
| समेजा 2313 | | |
| आरबी 2583 | | |
| एचएच 2618 | | |
| रिडमलसर 2629 | | |
| फार्म 2690 | | |
| करणीजी 3020 | | 01 नवम्बर प्रातः6 बजे |
| एमएलए 3061 | | 30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे |
| एमएल 3121 | | 30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे |
| नेतेवाला 3142 | | 29 अक्टूबर रात्रि 9 बजे |
| हिरणावाली 3164 | | 29 अक्टूबर रात्रि 9 बजे |
| जीजी 3365 | | 29 अक्टूबर सायं 6 बजे |

**नोट : गंगनहर में सोमवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1568 क्यूसेक।**

## इन्दिरा गांधी नहर

**इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मसीतांवाली | 6491 | साहवा | 250 |
| आरडी-496 | एनएम | अनूपगढ़ | 2550 |
| एनडी | निल | कंवरसैन | 512 |
| रावतसर | 55 | बिरधवाल हैड से नीचे | 2220 |
| सूरतगढ़ | निल | | |
| जोरावरपुरा | निल | | |
| खेतेवाली | निल | | |

**सोमवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।**

**बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 02.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति**

**भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.59**
पानी की आवक - 7145 क्यूसेक, निकासी- 8100 क्यूसेक।

**पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1357.65**
पानी की आवक- 2263 क्यू., निकासी- 12002 क्यू., बीकानेर - 1998

**सार्दुल ब्रांच 895, करणीसिंह ब्रांच- 305, पानी की कुल मात्रा- 1200**

## भाखड़ा वरीयताक्रम

**28 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रतनपुरा | 42 | नवां-सतीपुरा | 987 |
| नाथवाना | 73 | मोरजण्डा | 1200 |
| प्रतापपुरा | 248 | नगराना | 1208 |
| हरिपुरा | 261 | लीलांवाली | 1448 |
| दीनगढ़ | 274 | भाखरांवाली | 1453 |
| सूरतपुरा | 283 | करनीसिंह | 1783 |
| मोडिया | 508 | मम्मड़खेड़ा | 1978 |
| पीलीबंगा | 653 | जोड़कियां | 2058 |
| लोंगवाला | 868 | सूरतगढ़ | 2178 |
| अमरपुरा | 963 | भगतपुरा | 2216 |
| रोड़ांवाली | 976 | संगरिया | 2222 |

# श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

## श्रीगंगानगर जिला

**श्रीगंगानगर :** सरसों 8597-6200 (आ. 585 क्विं.), मूंग 8425-7100 (आ., **करणपुर :** नरमा 8957-8801, सरसों 7625, ग्वार 7800-7791, मूंग 8266-8000, **गजसिंहपुर :** सरसों 8765-7700, गवार 7005, चना 6501, मूंग 8250-6491, नरमा 8781-8550, कपास 8805-8550, जवी 3405, **रायसिंहनगर :** ग्वार 7900-7750, बाजरी 2726-2660, सरसों 8831-8300, मूंग 8551-7500, नरमा 8768-8550, **जैतसर :** सरसों 8485, मूंग 8519-6801, ग्वार 7855-7670, नरमा 8949-8600, बाजरी 2700-2601, कपास 8551, गेहूं 2750-2601, धान 4500-3700, **घड़साना :** मूंग 8600-6575, नरमा 8835-8600, सरसों 8897-8288, ग्वार 7600-7405, **सबमंडी यार्ड रीको :** गेहूं 2890-2100, सरसों 9051-5500, पीली सरसों 9050-6200, ग्वार 7850-6500, मूंग 8330-5000, नरमा 8841-8000, बाजरी 2750-2002, **अनूपगढ़ :** नरमा 8862-8500, धान 4520-3701, मूंग 8500-7405, ग्वार 7661-7416, गेहूं 2942-2840, सरसों 8855-8254, बाजरा 8600-7960, **श्रीविजयनगर :** मूंग 8440-7551, नरमा 8799-8690, ग्वार 7755-7541, सरसों 8256, बाजरी 2750-2741, कपास 8605-8450, धान 4500-1851, गेहूं 2779-2700,

### किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 22000-24000, जीरा 28000-30000, अजवाइन 20000-21000, सौंफ 12500-22000, मेथी 8500, खोपरा 1950, गट गोला 415 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1480, आटा (45 किग्रा.) 1440, सूजी 1600, बेसन 9100-9200, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

### दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 10000, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11400-12000, अरहर दाल 12000-13000, दाल मसूर 7800, दाल चना 8800, देशी चना 8200, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

### गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5600, गुड़ पेड़ी 5400, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 6000, चीनी महाराष्ट्र 5500-5600, चीनी एल 5850-5900।,चीनी एस 5600, चीनी गंगानगर 5700।

### तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

## हनुमानगढ़ जिला

**हनुमानगढ़ जं.:** नरमा व्यापारी 8821, बाजरा 2596, ग्वार 7700, मूंग व्यापारी 7700, धान पीआर व्यापारी 2371, धान मुछल 4565, धान 1509- 3825, **डबली राठान:** नरमा व्यापारी 8626, ग्वार 7610, धान 1509- 3330, **हनुमानगढ़ टा.:** कपास 8650, नरमा व्यापारी 8888, बाजरा 2560, ग्वार 7581, मूंग व्यापारी 7800, सरसों व्यापारी 8160, धान पीआर व्यापारी 2400, धान मुछल 4525, धान 1509-4225, **रावतसर:** कपास 8410, नरमा व्यापारी 8851, गेहूं व्यापारी 2922, बाजरा 2551, ग्वार 7675, मूंग व्यापारी 7900, मोठ 8650, सरसों व्यापारी 8500, तारामीरा 7250, तिल 21051, अरण्डी 7700, मूंगफली व्यापारी 7571, **नोहर:** ग्वार 7500, चना व्यापारी 7125, मूंग व्यापारी 8000, मोठ 8586, सरसों व्यापारी 8427, तिल 15100, अरण्डी 7986, मूंगफली व्यापारी 7580 , **भादरा:** गेहूं व्यापारी 3000, बाजरा 2560, ग्वार 7586, मूंग व्यापारी 7900 , **संगरिया:** नरमा व्यापारी 8849, गेहूं व्यापारी 2825, बाजरा 2501, ग्वार 7200, मूंग व्यापारी 7655, मोठ 8575, मक्का 2516, **गोलूवाला:** कपास 9300, गेहूं व्यापारी 2806, बाजरा 2662, ग्वार 7791, चना व्यापारी 6601, मूंग व्यापारी 8241, सरसों व्यापारी 8445, **पीलीबंगा:** कपास 8800, बाजरा 2502, ग्वार 7650, सरसों व्यापारी 8300, धान पीआर व्यापारी 2450, धान 1509- 3900, **टिब्बी:** धान पीआर व्यापारी 2300





कैश डिस्काउंट ₹2 100~ तक | फाइनेंस 100%^ तक | इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10000$ तक SBI card HDFC BANK pine labs | कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2200* तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

5 YEAR WARRANTY | Hero GoodLife | Also Available on: Flipkart amazon.in | Finance Powered by: Hero FINCORP SHRIRAM

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount & Corporate offer are exclusive and can't be availed together. ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, subject to their respective T&Cs. 100% finance applicable on Ex-showroom price. Offer available only on limited stores. $Offer is only for New Goodlife members. Limited period offer. T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: श्रीगंगानगर: सूर्या ऑटोमोबाईल्स प्रा.लि., 9289922194, बीकानेर: राजाराम धारणिया हीरो, गोगा गेट सर्किल के पास, 9289922708 करण हीरो, म्यूजियम सर्किल के पास, 9289922528, एक्सटेंशन काउंटर : राजाराम धारणिया ऑटोमोबाईल्स, अनाज मण्डी गेट के सामने 7229822929, 8048243279, कालू रोड, लूणकरणसर, 8000294880, श्री गंगानगर रोड, 7428598938, चुरू: महालक्ष्मी हीरो, 9289922872, एसोशिएट डीलर: सूरतगढ़: बंसल ऑटो एवं रिपेयरिंग सेंटर, 9414092085, अनूपगढ़: बी.एस. मोटर्स, 9982725676, रायसिंहनगर: राजू ऑटो स्पेयर्स, 9414480981, करणपुर: जगदम्बा ऑटोमोबाईल्स, 9828297920, विजयनगर: राजू ऑटो एजेंसी, 9549228881, गजसिंहपुर: रामदेव ऑटोमोबाईल्स, 9772727008, घड़साना: संधु मोटर्स, 9782712236, पदमपुर: गिल ऑटो, 9414506065, बींझबायला: खालसा ऑटोमोबाईल्स, 9460602222, रिड़मलसर: सिद्धू ऑटोज, 9928296984, हनुमानगढ़: माँ भगवती मोटर्स, 8875901000, 8875907000, रावतसर: एस.बी. मोटर्स, 9414636600, 9166066604, भादरा: बंसल ऑटोमोबाईल्स, 8302473860, 9664487183, नोहर: कृष्णा मोटर्स, 9414503107, पीलीबंगा: आर.एल. मोटर्स, 7426835220, संगरिया: एस.एम. ऑटोमोबाईल्स, 9784490100, जैतसर: गजरा ऑटोमोबाईल्स, 9667761860, पल्लू: जय भवानी मोटर्स, 9672000078, टिब्बी: आर एण्ड आर ऑटोमोबाईल्स, 9588736600, हनुमानगढ़ जंक्शन: श्री महेश मोटर्स, 9079429111, गोलूवाला: प्रगति मोटर्स, 8696162229, रावलामंडी: ओम गणपति मोटर्स, 9887256445.

**मौसम**

अधिकतम 33.9° | न्यूनतम 18.3°

**आर्द्रता**

सुबह 71% | शाम 51%

**विंड स्पीड**

2-8KM/h

**आज का सूर्यास्त**

05:46PM

**कल का सूर्योदय**

06:51AM

आंशिक रूप से बादल रहेंगे।

**सर्राफा श्रीगंगानगर**

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,38,640

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,28,250

चांदी (प्रति किलो) ₹1,83,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

### धनतेरस को लेकर अगले दो-तीन दिन बर्तन बाजार रहेगा गुलजार, महिला व पुरुष इस दिन बर्तनों की करते हैं खरीददारी

# बर्तन कारोबार चढ़ने लगा परवान : पीतल, तांबा व कांसी के दाम दुगने



**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर**

दीपावली त्योहार को लेकर बाजार में बर्तनों की दुकानों में ग्राहक उमड़ने लगे हैं। हालांकि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार बर्तन बनने वाली प्रमुख धातुओं के दामों में अनपेक्षित वृद्धि हुई है। इसके चलते बर्तनों के दाम भी करीब-करीब दुगने हो गये हैं। बाजार में बर्तन व्यापारियों ने बताया कि दीपावली पर्व पर धनतेरस के दिन परम्परागत रूप से धातुओं से बर्तनों की खरीददारी को शुभ माना जाता है। इसके चलते बर्तन बाजार में अन्य दिनों की बजाय ग्राहकी तेजी पकड़ती रही है। धातुओं के बने पुराने बर्तनों को दुकानदार एक निर्धारित मूल्य पर वापस लेते हैं।

**विवरण तेजी मंदी**

| धातु मूल्य प्रति किग्रा. | वर्ष 2025 | वर्ष 2026 | पुराना प्रति. किग्रा |
|---|---|---|---|
| तांबा | 1000-1100 | 2000-2200 | 1200-1350 |
| पीतल | 600-800 | 1400-1600 | 700-900 |
| कांसी | 1300 | 2600 | 1600 |
| भरत | 750 | 1000 | 0000 |
| स्टील | 150-400 | 200 | 60-70 |
| एल्युमिनियम | 250-300 | 400-600 | 300 |



**त्योहार की खरीददारी तो करनी ही है**

दीपावली पर्व में कोई ज्यादा समय नहीं बचा है। त्योहार पर पीतल तांबे के नये बर्तनों की खरीददारी शुभ मानी जाती है, इसलिए चाहे मंहगाई बढ़ गई हो परम्परा को तो पूरा करना ही है। मैने पीतल और तांबे के बर्तन खरीदे हैं। **-पूजा गोयल**

**मैं तो नियमित ग्राहक**



भाई मैं तो इस दुकान नियमित ग्राहक हूं। मैं तो अपने परिवार के लिए बर्तनों की खरीददारी यहीं से करता हूं। मैने तो त्योहारी प्रयोजन के बजाय सामान्य जरूरत के तहत परिवार के लिए एक नया प्रेशर कुकर खरीदा है। **-अब्दुल सत्तार**

**दाम बढ़ने से प्रोफिट हुआ प्रभावित**



बर्तनों के दाम बढ़ने से ग्राहकी तो ठीक ठाक रहेगी लेकिन प्रोफिट प्रभावित होगा। इसके अलावा आजकल ऑनलाईन बर्तनों की खरीददारी, और शेयर मार्केट के क्रैश होने, सोने चांदी के दाम घटने का असर भी बर्तनों की बिक्री पर पड़ेगा। उनके यहां सभी प्रकार के बर्तनों की खरीददारी लोग कर रहे हैं। वर्तमान में ग्राहकी भी ठीक ठाक है। पीतल, तांबे की बजाय स्टील के बर्तनों की ज्यादा डिमांड चल रही है -इसमें ट्राई लेयर स्टील के बर्तनों में नॉनस्टिक कुकवेयर, तवा, फ्रायपैन, कढ़ाई, कूकर आदि शामिल है। इसके अलावा स्टील का ज्यूसर भी लोगों को पसंद आ रहा है। धनतेरस तक बाजार में अच्छा बूम आने को लेकर क्षेत्र के बर्तन बाजार में उत्साह बना हुआ है।

**-सतीश कुमार, लायलपुरिया बर्तन भण्डार**

**तांबा-पीतल के दामों में आया बड़ा बदलाव**



तांबा-पीतल, कांसे के बर्तनों की खरीद पहले बर्तन बाजार में श्राद्ध पक्ष खत्म होते ही शुरू हो जाती थी, लेकिन इस बार दीपावली पर्व के एक दम नजदीक आकर ग्राहकी शुरू हुई है। धनतेरस को लोग बर्तनों की विशेष खरीददारी करते हैं। इसके चलते हर प्रकार के बर्तनों का पूरा स्टॉक मंगवाया गया है। इस बार धातुओं के दाम करीब दुगने हो गये हैं, फिर परम्परागत रूप से खरीददारी को लेकर आशान्वित हैं। इस बार जो तांबा, कांसी व पीतल के दामों में एकदम से जो तेजी आई है वो 5-6 सालों में होनी थी। अभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से ग्राहक आना शुरू हुए हैं। आगामी दो-तीन दिनों में ग्राहकी और तेज होगी। ग्राहकों की पसंद में दीपावली पर्व पर खरीददारी को लेकर पीतल में परात, कढ़ाई, बाउल, जग टोपिया, कांसी में थाली और बाटका, स्टील में तो बर्तन व रसोई आयटम्स की लंबी फेहरिस्त है।

**-सूरज धवन, धवन बर्तन भण्डार**

### इस महीने में सोना 8 हजार 84 और चांदी 39 हजार 485 रुपये हुए सस्ती, चांदी इसी साल थी ऑल टाईम हाई

# धनतेरस-दीपावली से पहले सर्राफा बाजार में लौटी बहार, सोने-चांदी के घटे दामों ने बढ़ाई ग्राहकों की रौनक

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर**

दीपावली और धनतेरस का महापर्व इस बार श्रीगंगानगर के सराफा बाजार के लिए एक नई उम्मीद और खुशियों की सौगात लेकर आया है। पिछले करीब एक साल से आसमान छूती सोने और चांदी की कीमतों से मायूस हो चुके ग्राहकों और कारोबारियों के चेहरों पर अब एक बार फिर से मुस्कान लौट आई है। त्योहारी सीजन से ठीक पहले सोना-चांदी के भावों में आई लगातार गिरावट ने बाजार में ऐसी जबरदस्त रौनक ला दी है कि शहर की ज्वैलरी दुकानें सुबह से लेकर देर रात तक ग्राहकों की चहल-पहल से गुलजार नजर आ रही हैं। लोग इसे त्योहारी सीजन का सबसे बेहतरीन तोहफा मानकर जमकर खरीदारी कर रहे हैं। बीते एक साल से सराफा बाजार के लिए परिस्थितियां थोड़ी चुनौतीपूर्ण रही थीं। सोने और चांदी के भावों में लगातार रिकॉर्ड तोड़ तेजी देखने को मिल रही थी, जिसके चलते आम आदमी की पहुंच से पीली धातु दूर होती जा रही थी। इस बीच, प्रधानमंत्री द्वारा देशहित में केवल अतिआवश्यक होने पर ही सोने-चांदी की खरीद करने की अपील का भी बड़ा असर देखने को मिला। आम जनता ने समझदारी दिखाते हुए अपनी खरीदारी को काफी हद तक सीमित कर दिया था, जिससे बाजार में एक ठहराव आ गया था। ज्वैलर्स से लेकर ग्राहकों तक, हर कोई एक सही समय और बेहतर कीमत का इंतजार कर रहा था।



**इस माह सोना 8084 व चांदी 39485 रुपए सस्ती हुई**

अक्टूबर में सोना 8,084 रुपए और चांदी 39,485 रुपए सस्ती हुई है। एक अक्टूबर 2026 को एक किलो चांदी के दाम 2.20 लाख रुपए और 10 ग्राम सोना 1.48 लाख रुपए पर थे। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। चांदी की कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक चांदी 2.06 लाख रुपए सस्ती हो गई है। वहीं, 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 38 हजार रुपए सस्ता हो चुका है।

**40 प्रतिशत तक मैकिंग चार्ज की छूट**

हमारे यहां से खरीदा गया हर आभूषण सभी प्रकार के मानकों पर खरा उतरता है। आभूषण होलमार्क के अलावा यूनिक कोड भी लगा होता है। जिस कस्टर्म ने आभूषण खरीद किया उसे आजीवन सर्विस(आभूषण की धुलाई, टांका इत्यादि सुविधाएं ) फ्री मिलती है। दीपावली पर ऑफर भी है इसमें आभूषण मैकिंग पर 40 प्रतिशत की छूट है। सोना-चांदी निवेश के हिसाब से भी सबसे बेहतर है। शोरूम से खरीदे गए आभूषण को बेचने पर किसी प्रकार का काट(अतिरिक्त कटौती)नहीं होती। ग्राहक के सामने ही पुराने आभूषण गला कर उसकी पसन्द के अनुरूप भी आभूषण बनाकर दिए जाते हैं। इसकी बकायदा पूरी प्रक्रिया लिखित और ग्राहण के सामने होती है। वर्तमान में बाजार में सोने चांदी के भाव में गिरावट है। ऐसे में लोग भी खरीददारी करने में रूचि दिखा रहे हैं। - **हर्षवर्द्धन देवल, सीनियर सेल्स पर्सन, कल्याण ज्वैलर्स**

**जनवरी से अब तक 30 हजार तक गिरे भाव**

बाजार में धीरे धीरे ग्राहकी आने लगी है। पहले जब सोने के भाव बढ़े उस वक्त केवल अतिआवश्यक होने पर ही लोग सोने -चांदी के गहने खरीद रहे थे। पिछले कुछ दिनों से इनमें दामों में गिरावट दर्ज की जा रही है। जनवरी से अब तक करीब 30 हजार रुपए की गिरावट हो चुकी है। चांदी में यह कहीं ज्यादा है। कुछ लोग ऐसे भी है जो सोना-चांदी लेना चाहते हैं परन्तु भाव में और गिरावट का इंतजार कर रहे हैं। वो इसकी खरीद केवल निवेश के तौर पर देखते हैं जबकि आम व्यक्ति अब फिर से आभूषण खरीदने में रूचि दिखाने लगा है। सबकी अपनी-अपनी जरूरत होती है। उसी के हिसाब से आभूषण लेते हैं। कोई आभूषण विशेष ट्रैड में हो ऐसा कुछ भी नहीं है। अभी तो दीपावली का सीजन शुरू हुआ है उम्मीद है कारोबार भी अच्छा रहेगा।

**- मनोज कुमार , बॉम्बे ज्वैलर्स गोलबाजार**

**मूल्य बढ़ ना जाएं इसलिए अभी ले रहे**



पहले विचार था आभूषण लेने का लेकिन सोने और चांदी के भाव एक साल से लगातार बढ़ ही रहे थे। इसलिए विचार बदलना पड़ा। अब काफी समय के बाद रेट में कमी आई है। मौका भी अच्छा है। मार्च में भात भरना है। इसलिए आभूषण तो बनवाने ही पड़ेंगे। सोचा मौके का फायदा उठाया लिया जाए। बाद में क्या पता रेट बढ़ जाएं।

**- पुनीत रूंथला, सद्भावना नगर श्रीगंगानगर।**

**चांदी का कड़ा बनवाया है**



चांदी पहले तीन लाख रूपए पहुंच गई थी। काफी समय से कड़ा बनवाने का सोच रहा था पर भाव के चक्कर में नहीं बनवाया। आज 189 रुपए प्रतिग्राम के हिसाब से 20 ग्राम चांदी का कड़ा बनवाया है। साइज का नाप दिया है। दीपावली वाले दिन पहनूंगा। **- गौरव शर्मा, पुरानी आबादी**

**कान की बालियां लेने आई थी**



अभी तो डिजाइन देख रहे हैं। पसन्द आएगी ओर अगर रेट जचेगा तो लेंगे। वरना कोई जरूरी भी नहीं है। बस काफी दिन से मन थी। इसलिए सहेली के साथ बाजार आई तो सोचा दीपावली पर कोई ऑफर भी चल रहा होगा तो डिजाइन देखने के लिए आ गई।

**- रेणु, जवाहर नगर श्रीगंगानगर**

**रेट और कम हो तो और बढ़िया**



सोने के रेट अभी थोड़े ज्यादा है। गहने तो बनवाने है पर अभी इतना बजट नहीं है। अखबारों में रोज खबरें छप रही है की भाव कम हुए है। कम तो हुए है पर इतने भी नहीं आम आदमी ले सके। अगले महिने परिवार में शादी है। इसलिए जो थोड़ा बहुत जरूरी है वहीं लिया है।

**- पूनम, महावीर कॉलोनी**

**बेटी के लिए अभी से तैयारी**



बेटी की शादी करनी है। अभी से थोड़ा बहुत जोड़ेंगे तो आगे काम आएगा। अब मौका भी है। इसलिए थोड़ी चांदी की एडवांस बुकिंग करवाई है। अभी सोना नहीं लिया। अगर और गिरता है उसके बारे भी सोचेंगे। **- संतोष देवी नेहरा नगर श्रीगंगानगर**

**ग्राहकों के लिए निवेश का सुनहरा मौका**

जैसे ही त्योहारी सीजन की शुरूआत हुई, वैसे ही सोना और चांदी के भावों में करेक्शन (गिरावट) का दौर शुरू हो गया। कीमतों में आई इस नरमी ने ग्राहकों के लिए खरीदारी के दरवाजे फिर से खोल दिए। बाजार के जानकारों का कहना है कि लोग इस गिरावट को एक बेहतरीन निवेश अवसर के रूप में देख रहे हैं। त्योहारी सीजन में सोने में अपना निवेश बढ़ाने और जरूरत के हिसाब से सोने-चांदी के आभूषण खरीदने के लिए ग्राहकों की लंबी कतारें दुकानों पर देखी जा रही हैं। बाजार में ऐसे गहनों की डिमांड सबसे ज्यादा है, जिनकी लागत (मेकिंग चार्ज) कम है लेकिन उनका लुक बेहद आधुनिक और भारी-भरकम है। लाइटवेट नेकलेस, फैंसी इयरिंग्स, स्टाइलिश रिंग्स और डेली वियर ज्वैलरी के नए कलेक्शन्स ने युवाओं और महिलाओं का दिल जीत लिया है। कम खर्च में शानदार लुक पाने का यह फॉर्मूला ग्राहकों को खूब भा रहा है।

**ज्वैलर्स के आकर्षक ऑफर्स की धूम**



श्रीगंगानगर के ज्वैलरी मार्केट में इस समय ग्राहकों को लुभाने के लिए जबरदस्त मुकाबला देखने को मिल रहा है। शहर में खुले देश के नामी और प्रतिष्ठित ब्रांड्स जैसे कल्याण ज्वैलर्स, रिलायंस ज्वैलर्स के साथ-साथ दशकों से शहर की पहचान बने स्थानीय और पुराने ज्वैलर्स ने भी ग्राहकों के लिए एक से बढ़कर एक धमाकेदार ऑफर्स की घोषणा कर रखी है। सोने और चांदी की खरीद पर मेकिंग चार्ज में भारी छूट, विशेष फेस्टिव डिस्काउंट और लकी ड्रॉ जैसी योजनाओं ने खरीदारों का उत्साह दोगुना कर दिया है। दुकानों पर मिलने वाली इन सुविधाओं के कारण लोग अपने पूरे परिवार के साथ खरीददारी करने पहुंच रहे हैं।

**श्रीगंगानगर पहुंचे पर्यवेक्षक**

**श्रीगंगानगर।** पंचायती राज आम चुनाव के तहत गंगानगर जिले के लिए नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक एवं अल्पसंख्यक मामलात विभाग के संयुक्त सचिव असलम शेर खान श्रीगंगानगर पहुंच गए हैं। पंचायती राज आम चुनाव के तहत चुनाव पर्यवेक्षक द्वारा गंगानगर पहुंचकर चुनाव पर्यवेक्षण का कार्य आरम्भ कर दिया गया है। सोमवार को असलम शेर खान द्वारा डॉ. अमित यादव और पुलिस अधीक्षक हरिशंकर से जिले में जारी पंचायत चुनाव तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**तीन घंटे बन्द रहेगी बिजली**

**श्रीगंगानगर।** विद्युत लाइनों के रख-रखाव के चलते मंगलवार को 33/11 केवी महालक्ष्मी जीएसएस की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। सहायक अभियंता सिटी प्रथम राकेश मीणा ने बताया कि सुबह 8 से 11 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद होने के कारण इस दौरान महालक्ष्मी इन्कलेव, एस एस बी रोड, सत्यम नगर, फ्रैंडस कॉलोनी, 3 ई छोटी समस्त एरिया, रिद्धि-सिद्धि विहार, 4 ई व 2 ई, बीएसएफ एवं आस पास का क्षेत्र प्रभावित रहेगा।




### मतदान दल पहुंचे अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों पर

# आज प्रातः 7 बजे से मतदान शुरू



**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर**

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव के अंतर्गत जिले की सूरतगढ़, राजियासर, श्रीविजयनगर पंचायत समिति सदस्य एवं इन निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित जिला परिषद जोन के तहत सदस्य पदों के चुनाव के लिये सोमवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय श्रीगंगानगर से मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण के पश्चात ईवीएम व मतदान सामग्री देकर रवाना किया गया। दोपहर बाद तक सभी मतदान दलों द्वारा अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदान से पूर्व की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गईं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने बताया कि जिले की सूरतगढ़, राजियासर, श्रीविजयनगर पंचायत समिति सदस्य एवं इन निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित जिला परिषद जोन के तहत सदस्य पदों के चुनाव के लिये मतदान दल अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों पर पहुंच गये हैं तथा चुनाव से पूर्व की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। चुनाव शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो, इसको लेकर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बल लगाये गये हैं। मतदान 3 नवम्बर को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। इसके पश्चात 5 नवम्बर को संबंधित ग्राम पंचायतों में सरपंच, अगले दिन उपसरपंच पदों के लिये चुनाव करवाये जायेंगे। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार, एडीएम सतर्कता अश्विन के. पंवार, एएसपी दीपक शर्मा, जिला कोषाधिकारी श्रीमती योजना, सुरेन्द्र कुमार सोनी सहित अन्य मौजूद रहे।

# दीपोत्सव

**रिद्धि-सिद्धि मार्केट, रोशनी से नहाया**



**श्रीगंगानगर।** दीपावली के स्वागत में शहर का ऋद्धि-सिद्धि वन मार्केट रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से जगमगा उठा है। बाजार की सड़कों पर सजी रंगीन छतरियां, चमकती झालरें और खूबसूरत लाइटिंग लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। शाम होते ही यहां उत्सव जैसा माहौल नजर आने लगता है। शहर के सबसे चर्चित और व्यस्त बाजारों में शामिल ऋद्धि-सिद्धि वन मार्केट इन दिनों खरीदारी और घूमने-फिरने के लिए लोगों की पहली पसंद बना हुआ है। कपड़ों, ज्वेलरी और गिफ्ट आइटम्स की शॉपिंग के साथ यहां स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेने और दोस्तों-परिवार के साथ समय बिताने का भी खास आकर्षण है। बाजार की रौनक, रोशनी और चहल-पहल ने दीपावली के उत्साह को और बढ़ा दिया है। बच्चों से लेकर युवाओं और परिवारों तक, हर कोई इस उत्सवी माहौल का आनंद लेते नजर आ रहा है।



*कोई भी पूरी तरह से आजाद नहीं है। पंछी आसमान से बँधे हैं। - बॉब डिलन*

संपादकीय

# क्या भाजपा अपनी पहचान बचा पाएगी?

बिहार विधान परिषद चुनाव के बाद दो निर्दलीय विजेताओं के भाजपा से जुड़ने की खबर ने एक बार फिर भारतीय राजनीति में दलबदल और राजनीतिक नैतिकता पर बहस तेज कर दी है। संविधान की दसवीं अनुसूची स्पष्ट कहती है कि कोई भी निर्दलीय निर्वाचित सदस्य चुनाव जीतने के बाद किसी राजनीतिक दल की सदस्यता ग्रहण करता है तो वह अयोग्यता का पात्र हो सकता है। ऐसे मामलों में अंतिम निर्णय संबंधित सदन के पीठासीन अधिकारी को करना होता है। यही कारण है कि इस घटनाक्रम ने केवल कानूनी नहीं, बल्कि नैतिक और राजनीतिक प्रश्न भी खड़े किए हैं।

दल-बदल विरोधी कानून वर्ष 1985 में 52वें संविधान संशोधन के माध्यम से लागू किया गया था। इसका उद्देश्य विधायकों और जनप्रतिनिधियों द्वारा पद या सत्ता के लालच में बार-बार दल बदलने की प्रवृत्ति पर रोक लगाना और लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्थिर बनाना था। कानून की भावना स्पष्ट है कि मतदाता जिस आधार पर किसी प्रतिनिधि को चुनता है, उसका सम्मान होना चाहिए। यदि कोई निर्दलीय उम्मीदवार बाद में किसी दल में शामिल होना चाहता है तो उसे पहले अपनी सदस्यता से इस्तीफा देकर दोबारा जनता के बीच जाना चाहिए।

कानून अपनी जगह है, लेकिन राजनीति की वास्तविकता इससे अलग दिखाई देती है। आज लगभग सभी दल अवसर मिलने पर दूसरे दलों के नेताओं का स्वागत करने में संकोच नहीं करते। जिस दलबदल को विपक्ष में रहते हुए अनैतिक बताया जाता है, सत्ता में आते ही वही राजनीतिक रणनीति बन जाता है। इससे लोकतंत्र में नैतिकता का संकट गहराता है और जनता का विश्वास कमजोर होता है।

भाजपा ने अपने शुरूआती दौर में स्वयं को 'पार्टी विद डिफरेंस' के रूप में स्थापित किया था। उससे अपेक्षा थी कि वह राजनीतिक शुचिता, वैचारिक प्रतिबद्धता और संगठनात्मक अनुशासन की नई मिसाल कायम करेगी। लेकिन पिछले एक दशक में पार्टी का विस्तार जिस गति से हुआ है, उसमें बड़ी संख्या में दूसरे दलों के नेताओं को भी शामिल किया गया। इनमें कई ऐसे चेहरे भी रहे जिन पर पहले भाजपा स्वयं गंभीर आरोप लगाती रही थी। सत्ता की राजनीति में यह रणनीति भले ही तत्काल लाभ दे, लेकिन इससे पार्टी की मूल वैचारिक पहचान और नैतिक बढ़त प्रभावित होती है।

इसका दूसरा पक्ष संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं से जुड़ा है। वर्षों तक विचारधारा और संगठन के लिए काम करने वाले अनेक कार्यकर्ता तब स्वयं को उपेक्षित महसूस करते हैं, जब बाहर से आए नेताओं को प्राथमिकता मिलती है। यह स्थिति केवल शीर्ष स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्यों, जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों तक दिखाई देने लगी है। इससे संगठनात्मक असंतोष बढ़ता है और कार्यकर्ताओं का मनोबल प्रभावित होता है।

भारतीय राजनीति को आज सबसे अधिक आवश्यकता चुनाव जीतने की रणनीतियों से अधिक राजनीतिक विश्वसनीयता की है। यदि दल-बदल विरोधी कानून की भावना का सम्मान नहीं होगा, तो जनता के बीच यह संदेश जाएगा कि सिद्धांत केवल भाषणों तक सीमित हैं। लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह आवश्यक है कि सभी राजनीतिक दल-चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष-समान नैतिक मानदंड अपनाएं। भाजपा के सामने भी यही सबसे बड़ी चुनौती है। यदि वह वास्तव में राजनीति के शुद्धिकरण का दावा बनाए रखना चाहती है, तो उसे अवसरवाद और वैचारिक प्रतिबद्धता के बीच स्पष्ट चुनाव करना होगा। केवल चुनावी सफलता किसी दल की स्थायी पूंजी नहीं होती; उसकी सबसे बड़ी ताकत उसके सिद्धांत, विश्वसनीयता और समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। यदि इन तीनों की अनदेखी होती रही, तो राजनीतिक लाभ अल्पकालिक और संगठनात्मक नुकसान दीर्घकालिक साबित हो सकता है।

# ज्ञानेश कुमार : जानिए मुख्य चुनाव आयुक्त की पूरी कहानी

भारत के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार का कार्यकाल शुरूआत से ही चर्चा और विवादों में रहा है। फरवरी 2025 में उन्होंने निर्वाचन आयोग की कमान संभाली। इससे पहले वे एक वरिष्ठ नौकरशाह के रूप में कई संवेदनशील जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने की प्रक्रिया, राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के गठन और सहकारिता मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उनकी भूमिका रही है। हालांकि मुख्य चुनाव आयुक्त बनने के बाद उनके कई फैसलों को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), मतदाता सूची में बदलाव और चुनावी पारदर्शिता जैसे मुद्दों पर राजनीतिक विवाद भी सामने आए।

## आईआईटी कानपुर से आईएएस तक का सफर

ज्ञानेश कुमार का जन्म 27 जनवरी 1964 को उत्तर प्रदेश के आगरा में हुआ। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गोरखपुर, लखनऊ और कानपुर में हुई। वे पढ़ाई में शुरू से ही मेधावी रहे। उन्होंने वर्ष 1979 में हाईस्कूल और 1981 में इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तर प्रदेश बोर्ड में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद उन्होंने प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक किया। इसके अलावा उन्होंने बिजनेस फाइनेंस की पढ़ाई और हार्वर्ड इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट से पर्यावरण अर्थशास्त्र का अध्ययन भी किया।

## शैक्षणिक उपलब्धियां

- आईआईटी कानपुर से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक।
- आईसीएफएआई से बिजनेस फाइनेंस का अध्ययन।
- हार्वर्ड इंस्टीट्यूट से पर्यावरण अर्थशास्त्र की पढ़ाई।
- वर्ष 2025 में आईआईटी कानपुर ने उन्हें डिस्टिंग्विश्ड एलुमनाई अवार्ड से सम्मानित किया।



## 1988 बैच के आईएएस अधिकारी, केरल से शुरूआत

ज्ञानेश कुमार ने वर्ष 1988 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) परीक्षा उत्तीर्ण की और केरल कैडर के अधिकारी बने। प्रशासनिक करियर की शुरूआत केरल में सब कलेक्टर के रूप में हुई। उन्होंने केरल में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया, जिनमें:

- पथनमथिट्टा के सब कलेक्टर।
- कोच्चि नगर निगम के नगर आयुक्त।
- केरल राज्य सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक।
- एर्नाकुलम के जिला कलेक्टर।
- नई दिल्ली स्थित केरल हाउस के रेजिडेंट कमिश्नर।

केरल में उन्होंने अलग-अलग राजनीतिक दलों की सरकारों के दौरान काम किया। वर्ष 2014 में इराक में आईएसआईएस संकट के दौरान फंसे 183 भारतीयों की सुरक्षित वापसी में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## केंद्र सरकार में महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारियां

केंद्र सरकार में ज्ञानेश कुमार ने रक्षा मंत्रालय और गृह मंत्रालय में अहम जिम्मेदारियां निभाईं। वे गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव और बाद में अतिरिक्त सचिव रहे। उनके कॅरिअर का सबसे महत्वपूर्ण दौर जम्मू-कश्मीर से जुड़ा रहा। वर्ष 2018 से 2021 के बीच गृह मंत्रालय में रहते हुए वे अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन विधेयक तैयार करने वाली टीम का हिस्सा रहे।

### प्रमुख जिम्मेदारियां

- जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन विधेयक की तैयारी में भूमिका।
- अनुच्छेद 370 हटाने की प्रशासनिक प्रक्रिया में सहभागिता।
- श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के गठन में प्रशासनिक जिम्मेदारी। इसके बाद उन्होंने संसदीय कार्य मंत्रालय और सहकारिता मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्य किया। 31 जनवरी 2024 को वे सहकारिता मंत्रालय के सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए।

## एसआईआर और चुनावी पारदर्शिता को लेकर विवाद



मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल का सबसे चर्चित मुद्दा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) रहा। मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण की इस प्रक्रिया को लेकर विपक्ष ने कई सवाल उठाए। विपक्ष का आरोप रहा कि मतदाता सूची में बदलाव से लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। वहीं निर्वाचन आयोग ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध और विश्वसनीय बनाना है।

### विवादों के प्रमुख मुद्दे

- मतदाता सूची में नाम हटाने को लेकर विपक्ष की आपत्ति।
- मशीन-रीडेबल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज की मांग।
- चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर पारदर्शिता के सवाल।
- राहुल गांधी द्वारा लगाए गए 'वोट चोरी' के आरोप।

ज्ञानेश कुमार ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग संविधान और कानून के अनुसार काम कर रहा है।

## चुनाव आयुक्त के रूप में

18वीं लोकसभा चुनाव। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव। हरियाणा विधानसभा चुनाव। महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली विधानसभा चुनाव। 17 फरवरी 2025 को उन्हें भारत का मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया। उन्होंने 19 फरवरी 2025 को निर्वाचन सदन में पदभार संभाला। वे मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 के तहत नियुक्त होने वाले पहले सीईसी बने।

## नियुक्ति पर भी उठा था विवाद

ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति के समय कांग्रेस ने नए चुनाव आयुक्त कानून पर आपत्ति जताई थी। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। वर्ष 2023 में बने नए कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए चयन समिति में प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष शामिल होते हैं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार समिति में मुख्य न्यायाधीश को शामिल किया गया था।

## भारत का प्रतिनिधित्व

ज्ञानेश कुमार को अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव सहायता संस्थान की अध्यक्षता की जिम्मेदारी भी मिली। दिसंबर 2025 में उन्होंने इस संस्था की सदस्य देशों की परिषद की अध्यक्षता संभाली। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण अवसर माना गया, क्योंकि इंटरनेशनल आईडीईए लोकतांत्रिक संस्थाओं और चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए काम करता है।

## भविष्य की बड़ी जिम्मेदारी

ज्ञानेश कुमार का कार्यकाल जनवरी 2029 तक निर्धारित है। उनके सामने चुनावी व्यवस्था को निष्पक्ष, पारदर्शी और तकनीकी रूप से मजबूत बनाए रखने की जिम्मेदारी होगी। उनके समर्थक उन्हें अनुभवी प्रशासनिक अधिकारी मानते हैं, जबकि विपक्ष उनके कुछ फैसलों पर लगातार सवाल उठाता रहा है। आने वाले चुनावों में निर्वाचन आयोग की भूमिका और उसकी विश्वसनीयता उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी कसौटी होगी।

शैडो बीमारी के क्रम में ...

# वो छिपी हुई सूजन और समय से पहले बुढ़ापा



'इंफ्लमेजिंग': ये शब्द दो अलग शब्दों से मिलकर बना है। इंफ्लेमेशन यानि सूजन और एजिंग यानि उम्र बढ़ना। सामान्य तौर पर सूजन-संक्रमण, चोट या किसी अन्य बीमारी की वजह से होती है परंतु उम्र के बढ़ने के साथ बिना किसी वजह के शरीर में सूजन रहना इंफ़्लमेजिंग दशार्ता है।

### उम्र के साथ सूजन बढ़ने के कारण

**कोशिकाओं का बूढ़ा होना:** समय के साथ क्षतिग्रस्त होती कोशिकाएं विभाजित होना बंद कर देती हैं पर नष्ट नहीं होतीं। इन कोशिकाओं से सुजानकारी पदार्थ निकलते हैं जो आसपास की कोशिकाओं और ऊतकों को प्रभावित करते हैं।

**प्रतिरक्षा प्रणाली में बदलाव :** उम्र बढ़ने के साथ संक्रमण से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है।साथ ही नई प्रतिरक्षा प्रणाली विकसित करने की क्षमता में भी कमी आ जाती है।

माइटोकाउंड्रिया की कार्य क्षमता में कमी-ऊर्जा उत्पादन के इस प्रमुख केंद्र के क्षति ग्रस्त होने पर सूजन बढ़ सकती है।


आँत के माइक्रोब्स में बदलाव-हमारी आँत अरबों सूक्ष्म जीवों का घर है। उम्र के साथ इनकी कम होती संख्या आँतों की दीवार की सुरक्षा को प्रभावित करती है।

ऑटोफैगी में कमी-हमारे शरीर की कोशिकाओं की मृत्यु होने पर वो खुद को ऊर्जा के लिए इस्तेमाल कर लेती हैं। उम्र के साथ ये प्रक्रिया भी धीमी हो जाने से क्षतिग्रस्त कोशिकाएं जमा हो जाती हैं और सूजन का कारण बनती हैं।

शरीर में वसा का जमा होना-विशेष तौर पर पेट के आसपास जमा हुई वसा सूजन बढ़ाने का काम करती है।

### इससे कैसे बचें?

सधी जीवन शैली अपनाकर हम इस प्रक्रिया को धीमा कर सकते हैं, जिसमें दैनिक व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, मोटापे पर नियंत्रण, तनाव प्रबंधन, धूम्रपान से दूरी और प्रकृति से नजदीकी शामिल हैं।



डॉ. दीपिका मोंगा
वरिष्ठ चिकित्सक, श्रीगंगानगर

समय पर जांच से फैटी लिवर, सिरोसिस, हेपेटाइटिस और पाचन तंत्र के रोगों का इलाज संभव

# गैस, एसिडिटी-कब्ज को नजरअंदाज करना हो सकता है घातक



स्वास्थ्य
डॉ. जगदीश कस्वां
वरिष्ठ गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं लीवर रोग विशेषज्ञ, एसएन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर

पेट से जुड़ी सामान्य लगने वाली समस्याएं जैसे गैस, एसिडिटी, कब्ज, अपच, पेट दर्द या बार-बार पेट फूलना कई बार गंभीर बीमारियों का संकेत हो सकती हैं। अधिकांश लोग इन्हें सामान्य समस्या मानकर लंबे समय तक नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन समय पर जांच और उपचार से इन रोगों की पहचान शुरूआती अवस्था में कर मरीज को गंभीर जटिलताओं से बचाया जा सकता है। लंबे समय तक रहने वाली पाचन संबंधी समस्याएं फैटी लिवर, लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस, पित्ताशय की पथरी, पैंक्रियाटाइटिस, अल्सर, इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज, भोजन नली, पेट और बड़ी आंत के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का संकेत भी हो सकती हैं। इसलिए शरीर द्वारा दिए जा रहे संकेतों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।



### बदलती जीवनशैली से बढ़ रहे लिवर और पाचन रोग

आज की बदलती जीवनशैली, जंक फूड, अधिक तला-भुना भोजन, मोटापा, मधुमेह, शराब का सेवन, धूम्रपान और तनाव के कारण लिवर एवं पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। पहले जहां ये समस्याएं अधिक उम्र के लोगों में देखने को मिलती थीं, वहीं अब युवा भी इनकी चपेट में आ रहे हैं।

### इनको न करें नजरअंदाज

यदि लगातार गैस, एसिडिटी, कब्ज, दस्त, पेट दर्द, निगलने में कठिनाई, मल या उल्टी में खून, पीलिया, भूख कम लगना, अचानक वजन घटना, बार-बार उल्टी, पेट में सूजन, एनीमिया, कमजोरी या लंबे समय तक पेट फूलने की समस्या बनी रहे तो तुरंत विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए।

### फाइब्रोस्कैन से लिवर की आधुनिक जांच सुविधा

एसएन हॉस्पिटल में फाइब्रोस्कैन मशीन के माध्यम से लिवर की आधुनिक जांच सुविधा उपलब्ध है। यह नॉन-इनवेसिव ट्रांजिएंट इलास्टोग्राफी तकनीक है, जिसमें बिना दर्द और चीर-फाड़ के लिवर में फैट और फाइब्रोसिस की मात्रा का सटीक आकलन किया जाता है। यह जांच फैटी लिवर, नॉन-अल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज, अल्कोहॉलिक लिवर डिजीज, हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी और लिवर सिरोसिस की शुरूआती पहचान में बेहद उपयोगी है। कई मामलों में इससे लिवर बायोप्सी की आवश्यकता भी कम हो जाती है। एसएन हॉस्पिटल की लिवर क्लिनिक में सप्ताह में तीन दिन सोमवार, शुक्रवार और शनिवार को निशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच की सुविधा उपलब्ध है।

## स्वस्थ जीवनशैली से बचाव

संतुलित और फाइबरयुक्त भोजन, पर्याप्त पानी का सेवन, नियमित व्यायाम, वजन नियंत्रण, ताजे फल, हरी सब्जियां और साबुत अनाज का सेवन लिवर एवं पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में सहायक है। वहीं अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड, अधिक तेल-मसाले वाले भोजन, मीठे पेय, शराब और तंबाकू से दूरी बनाकर कई बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकता है। लंबे समय तक दर्द निवारक दवाओं का सेवन भी लिवर को नुकसान पहुंचा सकता है।

पेट की समस्या दो-तीन सप्ताह से अधिक बनी रहे तो विशेषज्ञ से सलाह लें। फैटी लिवर के जोखिम वाले लोग समय-समय पर फाइब्रोस्कैन जांच करवाएं और हेपेटाइटिस-बी से बचाव के लिए टीकाकरण अवश्य कराएं। पेट की छोटी समस्या भी कई बार शरीर में छिपी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकती है। समय पर जांच, सही निदान और आधुनिक उपचार से लिवर, आंतों और पाचन तंत्र संबंधी अधिकांश बीमारियों का सफल इलाज संभव है। इसलिए लक्षणों को नजरअंदाज करने के बजाय समय रहते चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है।

## एंडोस्कोपी और कोलोनोस्कोपी से सटीक निदान

अस्पताल में हाई-डेफिनिशन वीडियो एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके माध्यम से भोजन नली, आमाशय, छोटी और बड़ी आंत की बीमारियों का पता लगाया जाता है। गैस्ट्राइटिस, अल्सर, जीईआरडी, पॉलिप्स, आंतों में रक्तस्राव, अल्सरेटिव कोलाइटिस, क्रोहन डिजीज, सीलिएक डिजीज और शुरूआती कैंसर की पहचान कर समय पर उपचार शुरू किया जा सकता है। लिवर, पित्ताशय और अग्न्याशय से जुड़ी बीमारियों के उपचार के लिए आधुनिक एंडोस्कोपिक एवं इंटरवेंशनल तकनीकों का उपयोग किया जाता है। हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी, ऑटोइम्यून हेपेटाइटिस, फैटी लिवर, लिवर सिरोसिस, पोर्टल हाइपरटेंशन और लिवर फेलियर जैसी जटिल बीमारियों का उपचार नवीनतम चिकित्सा पद्धति के अनुसार किया जाता है।

बिना सलाह के सेवन से पेट, किडनी, लिवर और हृदय के लिए बन सकता है खतरा

# बार-बार दर्द निवारक दवा लेना पड़ सकता है भारी

सिरदर्द, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द या मांसपेशियों में खिंचाव होने पर लोग अक्सर तुरंत राहत पाने के लिए दर्द निवारक (पेनकिलर) ले लेते हैं। सीमित मात्रा में और डॉक्टर की सलाह के अनुसार इनका उपयोग कई परिस्थितियों में लाभकारी हो सकता है, लेकिन बिना चिकित्सकीय सलाह के लंबे समय तक दर्द निवारक दवाओं का सेवन गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है। इन दवाओं का असर उनकी खुराक, प्रकार, सेवन की अवधि और व्यक्ति की स्वास्थ्य स्थिति पर निर्भर करता है। इसलिए बार-बार दर्द होने पर केवल पेनकिलर लेने के बजाय उसके वास्तविक कारण का पता लगाना जरूरी है।

### इनको नजरअंदाज न करें

पेनकिलर की अधिक मात्रा लेने पर उल्टी, पेट दर्द, अत्यधिक उनींदापन, भ्रम, सांस लेने में तकलीफ या खून की उल्टी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। पैरासिटामोल की ओवरडोज में शुरूआती लक्षण नहीं भी दिखें, तब भी लिवर को गंभीर नुकसान हो सकता है। ऐसे में लक्षणों का इंतजार करने के बजाय तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेना ही सबसे सुरक्षित उपाय है।



### पेनकिलर लेने के जोखिम

**पेट में अल्सर और रक्तस्राव:** कुछ दर्द निवारक दवाएं पेट की सुरक्षात्मक परत को नुकसान पहुंचाती हैं, जिससे अल्सर, खून की उल्टी या काला मल आने जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

**किडनी को नुकसान:** लंबे समय तक या अधिक मात्रा में सेवन करने से किडनी में रक्त प्रवाह प्रभावित हो सकता है। डिहाइड्रेशन और पहले से किडनी रोग होने पर खतरा बढ़ जाता है।

**लिवर पर असर:** पैरासिटामोल की निर्धारित मात्रा से अधिक सेवन लिवर को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। कई सर्दी-जुकाम की दवाओं में भी पैरासिटामोल होता है, इसलिए दोहरी खुराक से बचें।

**हृदय संबंधी खतरा:** कुछ दर्द निवारक दवाओं के लंबे उपयोग से हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ सकता है, विशेषकर हृदय रोग या उच्च रक्तचाप के मरीजों में।

**बार-बार सिरदर्द :** सिरदर्द की दवाओं का अत्यधिक उपयोग 'मेडिकेशन ओवरयूज हेडेक' का कारण बन सकता है।

**बीमारी छिपने का खतरा:** पेनकिलर दर्द को कुछ समय के लिए दबा देती है, लेकिन उसकी वास्तविक वजह का इलाज नहीं करती।

### पेनकिलर लेते समय सावधानियां

- डॉक्टर या दवा के लेबल पर लिखी खुराक का पालन करें।
- एक ही सक्रिय तत्व वाली दो दवाएं साथ न लें।
- लंबे समय तक बिना सलाह पेनकिलर का सेवन न करें।
- किडनी, लिवर, पेट या हृदय की बीमारी हो तो डॉक्टर को अवश्य बताएं।
- अन्य नियमित दवाएं ले रहे हों तो पेनकिलर लेने से पहले चिकित्सकीय सलाह लें।

## नाक में मिले मक्खी के 60 जीवित लार्वा, एंडोस्कोपिक से बची जान

मध्य प्रदेश के दमोह में डॉक्टरों ने 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की नाक से एंडोस्कोपिक तकनीक की मदद से मक्खी के 60 जीवित लार्वा निकालकर उनकी जान बचाई। महिला नाक से खून बहने और तेज दर्द से परेशान थीं। समय पर जांच और उपचार मिलने से उनकी हालत में सुधार हुआ और उन्हें स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

**एंडोस्कोपिक जांच में सामने आया चौंकाने वाला मामला :** महिला उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचीं, जहां नाक-कान-गला विशेषज्ञ डॉ. विशाल शुक्ला ने एंडोस्कोपिक जांच की। जांच के दौरान नाक के भीतर बड़ी संख्या में जीवित लार्वा दिखाई दिए। स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने तत्काल उन्हें ऑपरेशन थिएटर में भर्ती कर उपचार शुरू किया। डॉक्टरों ने एंडोस्कोपिक तकनीक से पहले चरण में करीब 45 लार्वा निकाले। इसके बाद दूसरी प्रक्रिया के दौरान 10 से 15 अन्य लार्वा भी बाहर निकाले गए। इस प्रकार कुल 60 जीवित लार्वा सफलतापूर्वक निकाल लिए गए। उपचार के बाद महिला की स्थिति तेजी से सामान्य हुई और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

**समय पर इलाज नहीं मिलता तो बढ़ सकता था खतरा :** डॉ. विशाल शुक्ला ने बताया कि मक्खी ने महिला की नाक में अंडे दिए थे, जिनसे लार्वा विकसित हो गए। यदि समय रहते जांच और उपचार नहीं किया जाता तो संक्रमण बढ़कर गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकता था।

**डॉक्टरों की सलाह :** विशेषज्ञों ने कहा कि बुजुर्गों को मच्छरदानी में सुलाना चाहिए तथा नाक, कान और चेहरे की साफ-सफाई का ध्यान रखना चाहिए। यदि नाक से दुर्गंध आना, खून बहना, लगातार दर्द रहना या अन्य असामान्य लक्षण दिखाई दें तो बिना देरी किए चिकित्सक से जांच करानी चाहिए। समय पर उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

### 95 नामांकन में से 18 खारिज व 12 ने पर्चे उठाए, कहीं सीधी टक्कर तो कहीं त्रिकोणीय व बहुकोणीय संघर्ष

# राजियासर पंचायत समिति डायरेक्टर के चुनाव में 55 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज करेंगे मतदाता

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर**

ऐतिहासिक रूप से जिले में अपना प्रमुख स्थान रखने वाले सूरतगढ़ इलाके में नवगठित पंचायत समिति राजियासर के 15 जोन में 55 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतदाता मंगलवार को ईवीएम का बटन दबाकर मतदान करते हुए करेंगे। इस पंचायत समिति के डायरेक्टर पद को प्राप्त करने के लिए 95 नामांकन भरे गये थे। इनमें से 18 नामांकन जांच के दौरान खारिज कर दिए गए, जबकि 12 ने अपने पर्चे उठा लिए। इस तरह से 55 प्रत्याशी मैदान में रह गये। इनमें भाजपा के 15-15, रालोपा के 7, बसपा के 8, माकपा का एक व निर्दलीय 9 प्रत्याशी हैं। इन 15 जोन में से दो जोन में भाजपा व कांग्रेस में सीधा मुकाबला है। चार में तिकोणा मुकाबला है और 9 जोन में बहुकोणीय मुकाबले की स्थिति है।

**यह हैं सीधे मुकाबले वाले जोन:** जोन नं. 3 में भाजपा के सुभाषचन्द्र पुत्र हरीराम व कांग्रेस के नेतराम पुत्र भजनाराम के बीच मुकाबला है। जबकि जोन नं. 13 में कांग्रेस की उर्मिला देवी पत्नी विनोद कुमार व भाजपा की मूर्ति मेघवाल के बीच कांटे की स्थिति है।

**इन जोन में है तिकोणा संघर्ष:** जोन नं. 2 में बसपा की बबीता रानी पत्नी मदनलाल, कांग्रेस की शांति देवी व भाजपा की बबीता पत्नी धनराज मैदान में हैं। जोन नं. 11 में निर्दलीय रोमिका पत्नी गणेशाराम, कांग्रेस की चुन्नी पत्नी हीरालाल व भाजपा की माया पत्नी हिमताराम प्रत्याशी हैं। जोन नं. 12 में भाजपा की बीरमा नायक पत्नी राकेश नायक, कांग्रेस की मायादेवी पत्नी दूदाराम नायक के साथ रालोपा की रानी पत्नी ओमप्रकाश मुकाबले में उतरी हुई हैं। जोन नं. 15 में कांग्रेस के गोपीराम पुत्र रामूदास, भाजपा की ममता पत्नी विकास सिंह व बसपा के देवकरण पुत्र मनीराम प्रत्याशी हैं।




**बहुकोणीय संघर्ष वाले जोन:** राजियासर पंचायत समिति में बहुकोणीय संघर्ष वाले जोन देखें तो जोन नं. 1 में भाजपा के रेवंतराम पुत्र हेतराम, बसपा के भजनलाल पुत्र साजनराम, कांग्रेस के रामस्वरूप पुत्र आसाराम व निर्दलीय अमरजीत पुत्र सुभाष मैदान में हैं। जोन नं. 4 में कांग्रेस की वेजयंती पत्नी रमेश कुमार, निर्दलीय गायत्री पत्नी हरीराम, रालोपा की लक्ष्मी पत्नी विजय व भाजपा की रामस्नेही पत्नी बंसीलाल प्रत्याशी हैं। जोन नं. 5 में भाजपा की कौशल्या पत्नी हनुमान, कांग्रेस की रजनी पत्नी राजेन्द्र कुमार, रालोपा की कांतादेवी पत्नी श्रवण व निर्दलीय सुंदरदेवी पत्नी सुखराम मैदान में हैं। जोन नं. 6 में निर्दलीय रामकुमार पुत्र किशनाराम, रालोपा के राजेन्द्र कुमार पुत्र इमीलाल, कांग्रेस के कालू पुरी पुत्र कृष्णलाल, बसपा के राहुल पुत्र हेतराम व भाजपा की सुशीला कंवर पत्नी वीरेन्द्रसिंह प्रत्याशी हैं। जोन नं. 7 में भाजपा के मैनपाल पुत्र आशाराम, बसपा के हनुमान पुत्र मनीराम, माकपा के सहीराम पुत्र लालचंद व कांग्रेस की उषा पत्नी श्रवणकुमार मैदान में हैं। जोन नं. 8 में बसपा की दुर्गादेवी पत्नी काशीराम, भाजपा की अनीता पत्नी नरेश कुमार, रालोपा के हशनाक अली खाँ पुत्र जानू व कांग्रेस के राकेश कुमार पुत्र मदनलाल प्रत्याशी हैं। जोन नं. 9 में निर्दलीय लाल खाँ पुत्र अहमद अली, रालोपा के शमशेर अली पुत्र इशाक मोहम्मद, भाजपा के जगदीश पुत्र हरचंद राम व कांग्रेस के सलीम खान पुत्र जमाल खान मैदान में हैं। जोन नं. 10 में बसपा की मूली देवी पत्नी मनीराम, भाजपा की सीमा पत्नी कानाराम, कांग्रेस की राधा पत्नी रोहताश थोरी व निर्दलीय सिलोचना पत्नी सुमित कुमार प्रत्याशी हैं। जोन नं. 14 में सर्वाधिक छह प्रत्याशी मैदान में उतरे हुए हैं। यह हैं भाजपा की मंजू पत्नी कृष्णकुमार, कांग्रेस की शारदा पत्नी गिरधारीलाल, बसपा की रोशनी पत्नी संतलाल, रालोपा की मंजू पत्नी राजाराम, निर्दलीय राजबाला पत्नी राकेश कुमार व निर्दलीय ज्योतिकंवर पत्नी सादुलसिंह। मतदान की पूर्व संध्या पर इलाके में तेज राजनीतिक गतिविधियां देखने को मिल रही हैं।

### नई पंचायत समिति के चलते प्रत्याशियों व मतदाताओं में उत्साह

पंचायती राज संस्थाओं के इस बार हुए परिसीमन में सूरतगढ़ पंचायत समिति का विभाजन करते हुए राजियासर को पहली बार पंचायत समिति बनाया गया है। इसे देखते हुए राजियासर इलाके में राजनीति में सक्रिय रहने वाले कार्यकर्ताओं और ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के साथ ही इस बार इलाके के ग्रामीण मतदाताओं में भी पंचायत समिति राजियासर के चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों के साथ ही उनके समर्थक और ग्रामीणा गांवों में चौपालों पर बैठकें व सभाएं कर रहे हैं और मतदाताओं से डोर टु डोर भी सम्पर्क किया जा रहा है।

---

मतदान की प्रशासनिक तैयारियां पूरी

## सरदारशहर में पंचायतीराज चुनाव का तीसरा चरण आज



**सीमा संदेश # सरदारशहर**

राजस्थान पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तीसरे चरण के तहत मंगलवार, 3 नवंबर को सरदारशहर, सरदारशहर पूर्व और भानीपुरा पंचायत समिति क्षेत्रों में मतदान होगा। प्रशासन ने चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इन तीनों क्षेत्रों में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के लिए कुल 8 जिला परिषद जोन और पंचायत समिति की 47 सीटों पर मतदान संपन्न होगा। चुनाव संचालन के लिए कुल 270 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। एसडीएम के अनुसार, सरदारशहर पंचायत समिति क्षेत्र में 79,203 मतदाता 90 मतदान बूथों पर अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। वहीं, सरदारशहर पूर्व क्षेत्र में 74,622 मतदाताओं के लिए 83 बूथ बनाए गए हैं, जबकि भानीपुरा पंचायत समिति क्षेत्र में मतदाताओं के लिए 97 बूथ निर्धारित किए गए हैं। शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं। प्रचार थमने के बाद प्रत्याशियों ने घर-घर जाकर जनसंपर्क तेज कर दिया है। समर्थक मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। गांवों और ढाणियों में चुनावी चचाएं गरमाई हुई हैं और प्रत्याशी अंतिम दौर में अपनी जीत सुनिश्चित करने में जुटे हैं। इस चुनाव में प्रत्येक मतदाता को जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य के लिए अलग-अलग यानी दो वोट डालने होंगे। मतदान के बाद नियत कार्यक्रम के अनुसार मतगणना होगी, जबकि सरपंच पद के लिए आगामी 5 नवंबर को मतदान प्रस्तावित है। भानीपुरा पंचायत समिति क्षेत्र में कुल 37 ग्राम पंचायतें शामिल हैं, जहां पंचायत समिति वार्ड संख्या 17 और ग्राम पंचायत वार्ड संख्या 297 के अंतर्गत चुनावी प्रक्रिया संचालित की जा रही है।

## समनदीप ने किया पूर्णपाल बराड़ की मजबूत स्थिति का दावा



**सीमा संदेश # श्रीकरणपुर**

भाजपा युवा नेता समनदीप सिंह बराड़ ने दावा किया है कि श्रीकरणपुर पंचायत समिति में भाजपा का प्रधान बनेगा। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है और प्रत्येक जोन में जनसंपर्क एवं सभाओं के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंच बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्रपाल सिंह टीटी भी लगातार क्षेत्र में संपर्क कर संगठन को मजबूत कर रहे हैं। समनदीप सिंह ने बताया कि पंचायत समिति के जोन संख्या-1, जिसमें ग्राम पंचायत 36 एच नग्गी और 14 एस माझीवाला शामिल हैं, से भाजपा ने बुर्जवाला निवासी एवं सक्रिय कार्यकर्ता पूर्णपाल सिंह बराड़ को उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि पूर्णपाल सिंह की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और क्षेत्र के मतदाताओं का उन्हें व्यापक समर्थन मिल रहा है। उन्होंने दावा किया कि अनेक पूर्व सरपंच, पूर्व पंचायत समिति सदस्य तथा भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पूर्णपाल सिंह के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं का मानना है कि पंचायत समिति के 15 जोनों में पूर्णपाल सिंह बराड़ सर्वाधिक मतों से जीत दर्ज करेंगे।

## पंचायत समिति डायरेक्टर पद के लिए प्रत्याशियों ने भरे नामांकन



**सीमा संदेश # श्रीकरणपुर**

पंचायत चुनाव के अंतर्गत नामांकन पत्र दाखिल कराने के पहले दिन पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के लिए 7 नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम) सुमित्रा बिश्नोई के समक्ष दाखिल कराए गए। इनमें जोन संख्या 4 से कांग्रेस से दीवानचंद निवासी 61 एफ व भाजपा से गौरीशंकर निवासी 2 एसशफ सी मुकन, जोन संख्या 10 से कांग्रेस से रेणु बाला निवासी अरायण, भाजपा से गुरप्रीत कौर अरायण, जोन संख्या 12 से भाजपा के बिशनाराम निवासी 22 एच, जोन संख्या 16 से प्रीती निवासी 2 वी, जोन संख्या 17 से भाजपा की बलजिंद्र कौर निवासी 6 वी धनूर ने नामांकन पत्र दाखिल करवाए।

## चूरू में पंचायतीराज चुनाव की तैयारियां तेज, निरीक्षण किया

**सीमा सन्देश # चूरू**

पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा तथा पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने सोमवार को राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के चांदगोठी, थिरपाली बड़ी और नुहंद में विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर निर्वाचन तैयारियों व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी सुराणा ने मतदान केंद्रों पर पेयजल, विद्युत और स्वच्छता जैसी आधारभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। निर्वाचन व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने पुलिसकर्मियों को पूरी मुस्तैदी से शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। चांदगोठी में अधिकारियों ने पुलिस बलों से संवाद कर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। थिरपाली बड़ी में मतदान केंद्र की सुविधाओं और नुहंद में मतदान दलों से चर्चा कर तैयारियों का जायजा लिया तथा आयोग के दिशा-निदेर्शों की पूर्ण पालना करने को कहा। इस दौरान एएसपी रिछपाल चारण सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

---

## आईएएसई विवि में साहित्यिक प्रति. आयोजित



**सीमा सन्देश # सरदारशहर**

स्थानीय आईएएसई मानद विश्वविद्यालय में सोमवार को साहित्यिक प्रतियोगिता सप्ताह के चौथे दिन भाषण एवं हास्य-व्यंग्य/प्रहसन प्रतियोगिताएं हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. महेश कुमार शर्मा ने की, जबकि डॉ. उमा सैनी, नरेंद्र सिंह एवं भागीरथमल रैगर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। निर्णायकों ने कहा कि भाषण केवल बोलने की कला नहीं, बल्कि विचारों को तार्किक व प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का कौशल है। अध्यक्ष डॉ. शर्मा ने हास्य-व्यंग्य की विधाओं पर प्रकाश डाला। संचालन आरती दानोदिया व पूनम पारीक ने तथा आभार डॉ. अल्पना शर्मा ने व्यक्त किया। प्रतियोगिताओं के परिणामों में भाषण में नेहा पारीक व कृष्णा संयुक्त रूप से प्रथम, रोहताश, गरिमा व प्रशांत द्वितीय तथा मुस्कान सैनी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं, हास्य-व्यंग्य प्रतियोगिता में प्रशांत कुमार ने प्रथम, सुरेंद्र ने द्वितीय तथा सुनीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

---

### पांच जोन में सीधी टक्कर, दस में त्रिकोणीय संघर्ष तो आठ जोन में होंगे बहुकोणीय मुकाबले

# पंचायत समिति सूरतगढ़ के 23 जोन में भाग्य आजमा रहे 72 प्रत्याशी

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर**

जिले की पंचायत समिति सूरतगढ़ के 23 जोन में कुल 72 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं और डायरेक्टर बनने के लिए भाग्य आजमा रहे हैं। इस पंचायत समिति में कुल 99 प्रत्याशियों ने फार्म भरे थे। इनमें से 11 के पर्चे रद्द हो गए। 8 ने अपने नामांकन वापस ले लिए। इसके पश्चात 72 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें भाजपा व कांग्रेस के 23-23 प्रत्याशी शामिल हैं। इस पंचायत समिति में बसपा का प्रत्याशी मैदान में उतारने के मामले में तीसरा स्थान है। उसने 8 प्रत्याशी खड़े किए हैं, जबकि हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने यहां 7 जोन में अपने प्रत्याशी उतारे हैं। दोनों मुख्य दलों के टिकट न मिलने से असंतुष्ट कार्यकर्ता भी चुनाव में अपनी पार्टियों को सबक सिखाने के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं। ऐसे कार्यकर्ताओं की संख्या 11 है। इस पंचायत समिति के 5 जोन में भाजपा व कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है, जबकि 10 जोन ऐसे हैं, जहां भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशी तिकोणे मुकाबले में फंसे हुए हैं। शेष 8 जोन ऐसे हैं, जिनमें बहुकोणीय मुकाबला है।

**इन जोन में है सीधा मुकाबला:** पंचायत समिति सूरतगढ़ के जोन नं. 7 में भाजपा के दयाराम पुत्र मनीराम व कांग्रेस चिमनलाल पुत्र रामस्वरूप के बीच सीधे मुकाबले की स्थिति है। जोन नं. 10 में कांग्रेस की परमजीत कौर पत्नी जगसीर सिंह व भाजपा की जसपाल कौर पत्नी कलवंत सिंह के बीच कांटे की टक्कर है। इसी तरह से जोन नं. 12 में भाजपा की सरिता पत्नी राजेन्द्र कुमार व कांग्रेस की सर्वजीत कौर पत्नी मंगल सिंह के बीच सीधा मुकाबला है। जोन नं. 17 में कांग्रेस की बसकरो देवी पत्नी उग्रसेन तथा भाजपा की वीरपाल कौर पत्नी सुखविन्द्र सिंह के बीच मुकाबला है। जोन नं. 20 में भाजपा के सुरेन्द्र कुमार पुत्र गांधीराम व कांग्रेस के ओमप्रकाश पुत्र हनुमानदास के बीच सीधा मुकाबला है।

**इन जोन में भाजपा व कांग्रेस को तीसरे का खतरा:** जिन 10 जोन में भाजपा व कांग्रेस की हार-जीत का फैसला सीधे मुकाबले में नहीं होगा। इन जोन में तीसरा प्रत्याशी भी मैदान में है। यह प्रत्याशी किसी के लिए खतरा तो किसी के लिए जीत का अवसर बन सकता है। जोन नं. 1 में भाजपा की राजपाल कौर पत्नी बूटासिंह, कांग्रेस की सुगना पत्नी जालूराम व निर्दलीय कुलविन्द्र कौर पत्नी बलदेव सिंह मैदान में हैं। जोन 5 में बसपा के चेतनराम पुत्र लालराम, भाजपा के हेतराम पुत्र शिवराज तथा कांग्रेस के दयाराम पुत्र जगदीश चन्द्र प्रत्याशी हैं। जोन नं. 6 में रालोपा के महेन्द्र कुमार पुत्र ईशरराम, भाजपा के हजारीराम पुत्र दानाराम व कांग्रेस के हेतराम पुत्र हरीराम मैदान में हैं। जोन नं. 8 में कांग्रेस के सुरेन्द्रपाल सिंह पुत्र भजनसिंह, निर्दलीय लवप्रीत सिंह पुत्र निर्मल सिंह व भाजपा के रमेश कुमार पुत्र दीनाराम प्रत्याशी हैं। जोन नं. 11 में बसपा की द्रोपदी देवी पत्नी लीलूराम, कांग्रेस की ज़ीनम पत्नी अमित कुमार व भाजपा की कविता पत्नी भीखमचंद के बीच मुकाबला है। जोन नं. 13 में निर्दलीय अमीरा पत्नी तारक अजीज, भाजपा की सुमन पत्नी कप्तान, कांग्रेस की देवेन्द्र कौर पत्नी जसविन्द्र प्रत्याशी हैं। जोन नं. 14 में भाजपा के राजाराम पुत्र नंदराम, रालोपा के ठाकरराम पुत्र सोनाराम व कांग्रेस के गुरदयाल सिंह पुत्र गुरबचन सिंह मुकाबले में उतरे हुए हैं। जोन नं. 16 में बसपा की मंजू पत्नी गणेशाराम, भाजपा की सुलोचना पत्नी रामस्वरूप व कांग्रेस की परमेश्वरी पत्नी मंगतूराम प्रत्याशी हैं। जोन नं. 19 में रालोपा की राजवंती पत्नी विनोद, कांग्रेस की माणू पत्नी दलीप व भाजपा की सुनीता पत्नी ठाकुर सिंह मैदान में हैं। जोन नं. 23 में कांग्रेस की शारदा देवी पत्नी महेन्द्रनाथ, भाजपा की जयबाला पत्नी अनुज कुमार व निर्दलीय सलोचना पत्नी जयचंद के बीच तिकोणीय मुकाबला है।

**यह हैं बहुकोणीय मुकाबले वाले जोन:** सूरतगढ़ पंचायत समिति के अंतर्गत जोन नं. 2 में निर्दलीय रायसाहब मेहरड़ा पुत्र लच्छीराम, रालोपा के राजाराम पुत्र पृथ्वीराज, कांग्रेस के हरनेक सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह व भाजपा के धनसुख पुत्र नेतराम मैदान में हैं। जोन नं. 3 में भाजपा की निर्मला पत्नी लालचंद, निर्दलीय चन्द्रमुखी पत्नी सौरभजीत, कांग्रेस की सुमित्रा देवी पत्नी हनुमान व निर्दलीय पूनम पुत्री इंद्राज प्रत्याशी हैं। जोन नं. 4 में रालोपा के संजय चौधरी पुत्र रणवीर सिंह, कांग्रेस के जसकरण सिंह पुत्र हरकिशन सिंह, भाजपा के हरतेज सिंह पुत्र हरपाल सिंह व बसपा के आसासिंह पुत्र अजायब सिंह मैदान में हैं। जोन नं. 9 में बसपा के भैराराम पुत्र हंसराज, भाजपा के प्रभुदयाल पुत्र रामचन्द्र, निर्दलीय संदीप कुमार पुत्र तेजपाल सिंह व कांग्रेस के लीलाधर पुत्र पोखर राम के बीच मुकाबला है। जोन नं. 15 में कांग्रेस के अमरसिंह पुत्र रूपराम, भाजपा के सुभाषचन्द्र पुत्र मनसाराम, निर्दलीय दीनदयाल पुत्र प्रेमकुमार व निर्दलीय रामगोपाल पुत्र पुरखाराम मैदान में हैं। जोन नं. 18 में भाजपा के रामकुमार पुत्र खुमानाराम, बसपा के चेतनराम पुत्र मनीराम, कांग्रेस के प्रहलादराय बिश्नोई पुत्र सोहनलाल व निर्दलीय विनोद कुमार पुत्र भानीराम प्रत्याशी हैं। जोन नं. 21 में बसपा के बलराम पुत्र कुम्भाराम, भाजपा के इमीलाल पुत्र जगमाल, रालोपा के संतराम पुत्र प्रेमाराम व कांग्रेस के पालाराम पुत्र भादराम के बीच मुकाबला है। जोन नं. 22 में कांग्रेस की मंजू पत्नी मदनलाल, रालोपा की सुनीता पत्नी ताराचंद, भाजपा की ममता पत्नी उग्रसेन व बसपा की कलावती पत्नी नरसीराम प्रत्याशी हैं।




---

### 2 जोन में भाजपा-कांग्रेस की सीधी टक्कर, 8 में त्रिकोणीय संघर्ष व 9 जोन में बहुकोणीय मुकाबले, माकपा की मजबूत दावेदारी बनी

# विजयनगर पंचायत समिति में नए डायरेक्टर चुनने को लेकर खासा उत्साह

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर**


जिले के रायसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र में आने वाली श्रीविजयनगर पंचायत समिति के 19 जोन में भी राजियासर, सूरतगढ़ की भांति मंगलवार को ही मतदान होने जा रहा है। इस पंचायत समिति के दो जोन में सीधा, 8 जोन में तिकोणा और 9 जोन में बहुकोणीय मुकाबले की स्थिति नजर आ रही है। भाजपा व कांग्रेस के साथ ही कुछ जोन में निर्दलीय, कुछ में रालोपा, बसपा और माकपा के प्रत्याशी भी मैदान में उतरे हुए हैं। दोनों मुख्य दलों के बाद माकपा ही ऐसी पार्टी है, जिसने यहां लगभग आधी से अधिक सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। इस तरह से वह प्रत्याशी खड़े करने के मामले में तीसरे नम्बर पर है।

**दो जोन में आमने-सामने का मुकाबला:** इस पंचायत समिति के जोन नं. 11 व 13 ही ऐसे जोन हैं, जिनमें कांग्रेस व भाजपा के बीच सीधी टक्कर है याने इन दोनों जोन में तीसरा कोई प्रत्याशी नहीं है। जोन नं. 11 में भाजपा की मनदीप कौर पत्नी कुलविन्द्रसिंह व कांग्रेस की गुरप्रीत कौर पत्नी भूपेन्द्र सिंह मैदान में हैं। जोन नं. 13 में भाजपा के राजकुमार पुत्र रामस्वरूप व कांग्रेस के करणसिंह पुत्र दरियासिंह प्रत्याशी हैं।

**इन जोन में तिकोणीय संघर्ष की स्थिति:** जिन जोन में तिकोणीय संघर्ष की स्थिति है, उनमें जोन नं. 1,2,4,5 9, 12, 14 व 19 नम्बर आते हैं। जोन नं. 1 में भाजपा की रमनदीप कौर पत्नी जंटासिंह, माकपा की राजपाल कौर पत्नी राजपाल व कांग्रेस की सुलोचना मैदान में हैं। जोन नं. 2 में कांग्रेस की हरबंस कौर पत्नी सोहनसिंह, निर्दलीय ममता पत्नी धनराज व भाजपा की संतोष पत्नी सुभाष कुमार प्रत्याशी हैं। जोन नं. 4 में कांग्रेस की राधा पत्नी हेतराम, निर्दलीय इन्द्रादेवी पत्नी सुनील कुमार व भाजपा की प्रियंका पत्नी राहुल सिंह प्रत्याशी हैं। जोन नं. 5 में भाजपा ने अमनदीप कौर पत्नी भगवंत सिंह, कांग्रेस ने मनजीत कौर पत्नी राजेन्द्र सिंह को मैदान में उतारा है, जबकि एक पार्टी की बागी जीवदीप कौर पत्नी दीपेन्द्र सिंह यहां निर्दलीय के रूप में चुनाव मैदान में उतरी हुई हैं। जोन नं. 9 में भाजपा की सुनीता देवी पत्नी भागीरथ, माकपा की सीमा देवी पत्नी किशनलाल व कांग्रेस की ममता पत्नी संदीप कुमार मैदान में हैं। जोन नं. 12 में कांग्रेस के बाबूलाल पुत्र रूड़ाराम, भाजपा के प्रमोद कुमार पुत्र नानूराम व माकपा के हरप्रीत सिंह पुत्र सुरजीत सिंह प्रत्याशी हैं। जोन नं. 14 में कांग्रेस की मीना कुमारी पत्नी नरेन्द्र कुमार, भाजपा के मनीष कुमार पुत्र ओमप्रकाश व माकपा के तुलसीदास पुत्र दीपचंद मैदान में हैं। जोन नं. 19 में माकपा की तारादेवी पत्नी जवाहरलाल, भाजपा की ओमकंवर पत्नी उम्मेदसिंह व कांग्रेस की अमीता पत्नी राधेश्याम प्रत्याशी हैं।

**बहुकोणीय संघर्ष वाले जोन हैं ये:** पंचायत समिति के इन जोन में कई प्रत्याशी मैदान में उतरे हुए हैं। जोन नं. 3 में भाजपा की आशाकंवर पत्नी भीमसिंह, माकपा की वीरपाल कौर पत्नी ओमप्रकाश, निर्दलीय गुरमीत कौर पत्नी डिप्टी सिंह व कांग्रेस की परविंदर कौर पत्नी सुखवीर सिंह मैदान में उतरी हुई हैं। जोन नं. 6 में निर्दलीय माया पत्नी सुनील कुमार, रालोपा के गुरप्रीत सिंह पुत्र सुखदेव सिंह, कांग्रेस के मोहनलाल पुत्र भैराराम, माकपा के आशाराम पुत्र केसराराम व भाजपा के हरजीराम पुत्र भीखाराम प्रत्याशी हैं। जोन नं. 7 में भाजपा की बिमलादेवी पत्नी हरिराम, कांग्रेस की ममता बाना पत्नी विकास जाखड़, माकपा की कुसुम पत्नी अंकुश कुमार, रालोपा की गुरप्रीतकौर पत्नी प्रीतम सिंह व निर्दलीय कृष्णादेवी पत्नी श्रवण मैदान में हैं। जोन नं. 8 में निर्दलीय रीटा पत्नी विपुल, निर्दलीय गुरप्रीत सिंह पत्नी अंग्रेज सिंह, कांग्रेस की निर्मला पत्नी आत्माराम व भाजपा की सर्वजीत कौर पत्नी बलदेव सिंह प्रत्याशी हैं। जोन नं. 10 में कांग्रेस के छिन्द्रपाल पुत्र अर्जुनराम, माकपा के गुरमीत सिंह पुत्र नाजरसिंह, बसपा के पृथ्वीराज पुत्र भानीराम व भाजपा के निहालसिंह पुत्र बलवीर सिंह मैदान में हैं। जोन नम्बर 15 में माकपा के लेखराम, भाजपा के कृष्णकुमार पुत्र सहीराम, कांग्रेस के रामसिंह पुत्र हरनेक सिंह, निर्दलीय रामसिंह पुत्र हेतराम व निर्दलीय गुरमीत सिंह पुत्र सुखविन्द्र सिंह प्रत्याशी हैं। जोन नं. 16 में निर्दलीय पायल पत्नी बेगराज, निर्दलीय प्रियंका पत्नी मनोहरलाल, निर्दलीय विमला देवी पत्नी संदीप कुमार, भाजपा की मनप्रीत कौर पत्नी रणजीत सिंह व कांग्रेस की सुखप्रीत कौर पत्नी गुरजिन्द्र सिंह मैदान में हैं। जोन नं. 17 में माकपा के जगमीत सिंह पुत्र सतनाम सिंह, भाजपा के पूर्णराम पुत्र खिराजराम, निर्दलीय खजानराम पुत्र किशनाराम, निर्दलीय कृष्णलाल पुत्र रामप्रताप, रालोपा के संदीप पुत्र प्रभुराम व कांग्रेस के इंद्राज पुत्र मोटाराम प्रत्याशी हैं। जोन नं. 18 में कांग्रेस की सुनीता सैनी पत्नी भूपेन्द्र कुमार, भाजपा की नीतू पत्नी दाराराम, निर्दलीय ओम कंवर पत्नी दलीप सिंह व माकपा के रणवीर कुमार पुत्र दयाराम मैदान में हैं।

## वर्ग पहली क्रमांक 7968




*बायें से दायें:-* 1) बुरा; निकृष्ट, 4) आखिरी, 6) गायब, 8) कटे हाथ-वाला, 10) अनुभव, 13) बुढ़ापा, 16) सीढ़ी, 17) सुगंध, 18) घुटा पदार्थ, 20) हिम्मत, 21) एक खेल, 22) आसक्त होना, 24) बरयात्रा, 25) स्त्री, 26) दावा, 27) नशीला, 28) नष्ट, 29) विवेक. *ऊपर से नीचे:-* 1) पारिवारिक, 2) वाहन, 3) स्वभाव, 4) ढेर, 5) रोग, 7) ठोड़ी के ऊपर के बाल, 9) बेजोड़, 11) मुँह में नीचे और ऊपर की छड़ी, 12) जादूगर, 14) लगाम, 15) एक मीठा पेय, 17) कन्या, 19) संग्रह; जोत-गाडी, 21) चमत्कार, 22) पन्ना, 23) अवैध, 24) पीछे, 25) आवाज़; ध्वनि, 26) आज़ाद, 27) महीना.

(उत्तर: अगले अंक में)

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | र | फ़ | दा | र | ■ | क | ठि | न | ता |
| ■ | ■ | स | ■ | त | ला | श | ■ | ■ | र |
| गा | फ़ि | ल | ■ | ■ | ■ | म | हा | न | ता |
| रा | स | ■ | अ | चा | न | क | ■ | ■ | र |
| ■ | ल | गा | ब | ट | ■ | श | रा | ब | ■ |
| आ | ना | ■ | लो | ■ | ल | ■ | म | ह | क |
| यो | ■ | अ | क | ड़ | बा | ज | ■ | न | ट |
| ज | ला | व | न | ■ | ल | ड़ | की | ■ | ह |
| न | ■ | श्य | ■ | अ | ब | ■ | ट | ह | ल |

## आज का इतिहास

**नयी दिल्ली (वार्ता) 03 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं -**

1948 - भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपना पहला भाषण दिया।
1962 - चीन के हमले के मद्देनजर भारत में गोल्ड बॉन्ड स्कीम की घोषणा की।
1984 - भारत में सिख विरोधी दंगों में तीन हजार से ज्यादा लोगों की मौत।
1988 - वायु सेना ने आगरा से एक पैराशूट बटालियन समूह को लिया।
1992 - बिल क्लिंटन अमेरिका के 42वें राष्ट्रपति बने।
1997 - जी-15 समूह का सातवां शिखर सम्मेलन कुआलालम्पुर में प्रारम्भ।
2000 - भारत सरकार द्वारा डायरेक्ट टू होम प्रसारण सेवा सभी के लिये शुरू की गयी।
2001 - अमेरिका ने लश्कर व जैश-ए-मोहम्मद पर प्रतिबंध लगाया।
2002 - नखोम पाथोम की बैठक में लिट्टे ने राजनीति की मुख्य धारा में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की।
2003 - पाकिस्तान और चीन के बीच बीजिंग में आठ समझौतों पर हस्ताक्षर।
2004 - अफगानिस्तान में राष्ट्रपति पद के लिए हुए पहले चुनाव में हामिद करजई को विजेता घोषित किया गया।
2006 - भारत बेल्जियम के साथ सामाजिक सुरक्षा गारंटी पर समझौता हुआ।
2008 - यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी उधारी दरों में 0.5 प्रतिशत की कमी की।
2014 - अमेरिका में आतंकवादी हमले में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर गिराये जाने के 13 साल बाद उसी जगह पर एक वर्ल्ड ट्रेड सेंटर खोला गया।

## कल क्या होगा

**नई दिल्ली, 4 नवंबर (एनएनएस) बुधवार** कार्तिक बदी दशमी को गेहूं, बासमती चावल, मक्की, बाजरा, जई, जौ, ग्वार, ग्वारगम, मेथी, धनिया, लोबिया, राजमा चित्रा, देशी चना, काबुली चना, मसूर, मोठ, कालीमिर्च, सितावर, पिस्ता, बादामगिरी, सौंफ, सोयाबीन, अजवायन, लौंग, आंवला, छुहारा, सोना-चांदी में लाभ एवं मूंगफलीदाना, मोटे चावल, तुवर, उड़द, मूंग, असगंध, हींग, जीरा, आबजोश, साबूदाना, सरसों, बिनौला, चावल एवं इनके तेल, सोया डीओसी, बेलगिरी, लोहा-इस्पात में हानि की संभावना है। **भाग्यांक 1-2-7-8 है। यात्रा विचार- दक्षिण दिशा की ओर 10.36 बजे पूर्वार्द्ध के बाद यात्रा करना लाभप्रद होगा।**

## आज का राशिफल

**03 नवम्बर मंगलवार**

**श्रीचन्द शर्मा शास्त्री,** श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक कृष्ण तिथि नवमी, नक्षत्र-मघा, योग-शुक्ल, करण-गर, दिशाशूल-उत्तर, सूर्योदय 6.47 बजे, सूर्यास्त 5.48 बजे।

ग्रह स्थिति : सूर्य, बुध, शुक्र - तुला राशि में, मंगल-कर्क, चन्द्र-सिंह, गुरु - सिंह राशि में, चंद्रमा-मिथुन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह, शनि-मीन राशि में संचार कर रहे हैं।

**मेष :** आज आत्मविश्वास और उत्साह से कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी और परिवार में पुराने मतभेद दूर हो सकते हैं।

**वृषभ :** घर-परिवार में सुखद माहौल रहेगा और अपनों के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। करियर और कारोबार में जल्दबाजी से बचें।

**मिथुन :** आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और कार्यक्षेत्र में नई योजनाओं को गति मिलेगी। व्यापार में नए संपर्क लाभदायक साबित हो सकते हैं।

**कर्क :** परिवार का सहयोग मिलेगा और रिश्तों में आपसी विश्वास मजबूत होगा। यात्रा के योग बन सकते हैं।

**सिंह :** रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और लंबे समय से अटके काम पूरे हो सकते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या :** दिन मिला-जुला रहेगा और कानूनी या आर्थिक मामलों में सावधानी बरतनी होगी। लेनदेन के दस्तावेज पूरे रखें।

**तुला :** आर्थिक और व्यावसायिक मामलों में सकारात्मक परिणाम मिलने के योग हैं। आय के नए स्रोत बन सकते हैं।

**वृश्चिक :** वरिष्ठ अधिकारियों और अनुभवी लोगों का सहयोग मिलेगा, जिससे करियर में लाभ हो सकता है। कार्ययोजनाओं में धैर्य रखें।

**धनु :** कारोबार और कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं तथा परिवार का सहयोग मिलेगा। धार्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी।

**मकर :** स्वास्थ्य और दिनचर्या को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत है। काम का अधिक बोझ न लें और महत्वपूर्ण फैसले जल्दबाजी के बजाय सोच-समझकर करें।

**कुंभ :** व्यापार और उद्योग से जुड़े कार्यों में प्रगति के योग हैं तथा साझेदारी में सफलता मिल सकती है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मीन :** कार्यक्षेत्र में मेहनत और अनुशासन से लक्ष्य हासिल करने में सफलता मिल सकती है। झूठे वादों और प्रलोभनों से बचें।

### शहीद भाई सुखा सिंह मेहताब सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल डाबला में आयोजित हुआ भव्य समारोह

# दीपावली स्नेह मिलन : 100 से अधिक सेवाभावी कर्मयोगी हुए सम्मानित

**सीमा सन्देश # पदमपुर।** शहीद भाई सुखा सिंह मेहताब सिंह मेमोरियल जनरल हॉस्पिटल डाबला में सोमवार को दीपावाली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। संस्था अध्यक्ष महेंद्र सिंह चट्ठा और एनआरआई अमरजीत सिंह चट्ठा के नेतृत्व में हुए इस समारोह में शिक्षा, चिकित्सा और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 100 से अधिक कर्मयोगियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। वक्ताओं ने कहा कि महेंद्र सिंह चट्ठा के कुशल नेतृत्व में यह अस्पताल बीकानेर संभाग का एक प्रमुख चिकित्सा केंद्र बन गया है, जहां व्यवसाय के बजाय जरूरतमंद रोगियों को नाममात्र शुल्क पर उच्च स्तरीय डॉक्टरों की टीम द्वारा बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं।





### संस्था का उद्देश्य रोगियों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाना

एनआरआई अमरजीत सिंह चट्ठा ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल के रोगियों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज और कैलगिरी स्कूल के विद्यार्थियों ने पंजाबी भांगड़ा व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। चेयरमैन महेंद्र सिंह चट्ठा ने कहा कि गरीब व्यक्ति महंगा इलाज और शिक्षा लेने में असमर्थ है, और मजबूत इरादों के बल पर ही संस्था हर साल करीब 50 हजार रोगियों को सामान्य शुल्क पर चिकित्सा सुविधा मुहैया करा रही है। डायरेक्टर डॉ. एस. एच. बराड़ ने बताया कि एनआरआई महेंद्र सिंह चट्ठा, अवतार सिंह कलेर, अमरप्रीत सिंह बैस और अन्य सहयोगियों के सार्थक प्रयासों से शहीदों की भूमि पर हर दिन सैकड़ों मरीजों की जांच और दवाइयां सुनिश्चित की जा रही हैं।

### सेवा कार्यों की सराहना

समारोह में मचासीन अतिथियो मे एसएसपी निर्मला चौधरी (रायसिंह नगर), हाकम सिंह गिल, बाबा हरि सिंह खालसा, मनप्रीत सिंह, अगेज सिंह (मुख्य सेवादार शहीद नगर गुरुद्वारा बुड्ढा जोहड़), बलवंत सिंह कलेर, बाबा मेवा सिंह, देवेंद्रपाल सिंह, थाना प्रभारी हेमलता विश्नोई (मुकलावा), जसप्रीत सिंह और सतनाम सिंह ने ग्रामीण अंचल में चल रहे इन सेवा कार्यों की सराहना की। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अब्दुल अंसारी ने कहा कि यह संस्था बेहतर व्यवस्थाएं प्रदान कर अपनी जिम्मेदारियां निभा रही है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अंशु बिलदी, पिदर धौसी, उदयपाल सोनी, चिरंजी कालड़ा, कमल चावला, राकेश भठेजा, डॉ. देवेंद्र सारस्वत, बाबा जरनैल सिंह, बाबा चरण सिंह, बाबा भूपेंद्र सिंह, नक्षत्र सिंह, नवदीप कौर, कर्मवीर सिंह, प्रीतम सिंह और इकबाल सिंह सहित 100 से अधिक प्रमुख कर्मयोगियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अमृतपाल सिंह ने किया।

# कार्रवाई : मिलावट के संदेह में पांच हजार लीटर से अधिक घी पकड़ा

### चहल चौक के पास ट्रेडिंग कंपनी पर कार्यवाही

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।** खाद्य पदार्थों में मिलावटी की आशंका के चलते चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की खाद्य टीम और पुलिस विभाग की ओर से फिर से कार्रवाई की गई है। श्रीगंगानगर के चहल चौक और जिले के सूरतगढ़ में कार्रवाई की गई है। जिले में उक्त कार्रवाई में अब तक 5000 लीटर घी को मिलावट की आशंका में जब्त किया गया है। चहल चौक के पास विकास नगर में जेबी ट्रेडिंग कंपनी पर टीम पहुंची। यहां से अनुज, शिव सागर, नंद, बंसरी ब्रांड देशी घी रखा मिला। साथ ही ऋषभ ब्रांड वनस्पति 1230 लीटर भी मिला। इसमें मिलावटी की आशंका जताई गई है। अधिकारियों का कहना है कि इनके सैम्पल की जांच होगी। फिलहाल मिलावटी के संदेह में इसे जब्त किया गया है। जिले में कार्रवाई में खाद्य टीम अधिकारी नित्या शर्मा, मंजूबाला, उर्मिला भादू, हेतराम खुड़िया, अनिल शर्मा व नरेश सेवदा आदि शामिल रहे।



### एक दिन पहले भी हुई कार्रवाई

राज्य सरकार के निर्देशानुसार विभाग की ओर से कार्रवाई जारी है। एक दिन पहले भी कार्रवाई करते हुए अनन्या ट्रेडिंग कंपनी के गोदाम पर छापा मारकर 16 हजार से अधिक लीटर घी जब्त किया गया था।

## पंचायत चुनाव: सामग्री संग्रहण स्थलों के आदेश में आंशिक संशोधन

**श्रीगंगानगर।** पंचायती राज आम चुनाव के तहत जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों का मतदान ईवीएम से और पंच-सरपंच का मतपेटी से होगा। मतदान उपरांत सामग्री व ईवीएम संग्रहण व्यवस्था के आदेशों में आंशिक संशोधन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने बताया कि तृतीय चरण का मतदान 3 नवंबर और चतुर्थ चरण का 14 नवंबर को होगा। तीसरे चरण (2 से 6 नवंबर) के तहत सूरतगढ़, राजियासर और श्रीविजयनगर के राजकीय महाविद्यालयों व विद्यालयों में संग्रहण केंद्र बनाए गए हैं। वहीं 14 नवंबर को चतुर्थ चरण हेतु सादुलशहर, करणपुर, पदमपुर, अनूपगढ़, रायसिंहनगर, घड़साना तथा श्रीगंगानगर उत्तर व दक्षिण के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर कॉलेज सहित संबंधित स्थानीय विद्यालयों एवं कार्यालयों में सामग्री जमा करवाई जाएगी। मतदान समाप्ति के तत्काल बाद ईवीएम व चुनाव सामग्री इन्हीं चिन्हित केंद्रों पर जमा होगी।

## पूर्व मंत्री मेहरूनिशा टाक का स्वागत



**सीमा सन्देश # चारणवासी।** गांव फेफाना के दौरे पर पहुंचीं पूर्व राज्य मंत्री एवं नोहर नगरपालिका प्रतिनिधि मेहरूनिशा टाक का ग्रामीणों की ओर से स्वागत व सम्मान किया गया। इस दौरान उन्होंने नगरपालिका चुनाव में भाजपा बोर्ड के गठन में पूर्ण सहयोग देने के लिए ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया और क्षेत्र के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। दौरे के दौरान पूर्व राज्य मंत्री टाक ने पूर्व पंचायत समिति प्रधान अमर सिंह पूनिया के निवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य का कुशलक्षेम जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए टाक ने पार्टी से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया।

## मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के तहत जिले के लिए नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक एवं ईजीएस जयपुर के अतिरिक्त आयुक्त हेमंत स्वरूप माथुर ने सोमवार को सर्किट हाउस में विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने चुनाव तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

## नाली के पास पाइपलाइन टूटने से घरों में पहुंचा गंदा और बदबूदार पानी

**सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर ।** बीरथलियांवाली क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब स्थानीय लोगों के घरों के नलों में साफ पानी की जगह गंदा और बदबूदार काला पानी आने लगा। पीने के पानी में सीवर या नाली का गंदा पानी मिलने से रहवासियों में भारी रोष व्याप्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में नाली के पास से गुजर रही पेयजल की मुख्य पाइपलाइन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त (टूट) गई थी। पाइपलाइन में लीकेज होने के कारण आसपास का गंदा पानी सीधे पेयजल आपूर्ति लाइनों में रिसने लगा, जिससे घरों तक दूषित पानी पहुंच गया। इस पर सी.पी.जालपु ने नलों से काला और बदबूदार पानी निकलता देख स्थानीय लोग तुरंत सतर्क हो गए।

### रात को बहाल हुई आपूर्ति



बीमारी फैलने की आशंका को लेकर लोगों ने बिना देर किए इसकी शिकायत संबंधित जलदाय विभाग के अधिकारियों ओर क्षेत्र के वार्ड पार्षद को दी। शिकायत मिलने के बाद हरकत में आए प्रशासन ने तुरंत मरम्मत दल को मौके पर भेजा। सुभाष गेदर के अनुसार शाम करीब 5:30 बजे पाइपलाइन की लीकेज को ठीक करवा दिया गया। इस दौरान पाइप क्षतिग्रस्त होने और मरम्मत कार्य चलने के कारण क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति कुछ समय के लिए पूरी तरह बाधित रही।

## श्रीगंगानगर : अग्रोहा ट्रस्ट द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

### डॉ. प्राचि, डॉ. शचि व डॉ. पिंकी को रजत पदक



**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।** अग्रोहा विकास ट्रस्ट द्वारा अग्रवाल समाज के छात्र छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सेठ जी एल बिहाणी एस डी पीजी कॉलेज में वाणिज्य संकाय की सहायक आचार्य डॉ. प्राचि गुप्ता तथा डॉ. शचि गुप्ता को रजत पदक भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी मौके पर अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज में सहायक आचार्य डॉ. पिंकी गुप्ता को भी रजत पदक भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त तीनों बेटियो ने वाणिज्य संकाय में पी एच डी की डिग्री हासिल की है। इनके शोध निदेशक डॉ. ओपी महेंद्रा थे। उल्लेखनीय है कि प्राचि शचि डॉ. ओ. पी. गुप्ता गीदडा की जुड़वां बेटियां हैं और पिंकी उनकी पुत्र वधु है।

## चुनाव व्यवस्था की सौंपी जिम्मेदारी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पंचायती राज आम चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इसके तहत स्ट्रांग रूम, मतगणना हॉल, बैरिकेडिंग, मतदान दलों की रवानगी व संग्रहण तथा मतगणना संबंधी व्यवस्थाओं का जिम्मा पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को दिया गया है। पेयजल व्यवस्था के लिए जलदाय विभाग तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए विद्युत निगम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं टेंट, माइक, कैमरा सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए नगर विकास न्यास, नगर परिषद, तहसीलदार निर्वाचन और जिला परिषद के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

### जेईएन को टीम सहित बिना कार्यवाही के लौटना पड़ा, मोहल्लावासियों ने खरीद कर लगवाई थी

# स्ट्रीट लाइट हटाने पहुंची पालिका टीम का किया विरोध, राजनीतिक भेदभाव का आरोप

**सीमा सन्देश# सूरतगढ़।**

शहर के वार्ड नं. 24 में मोहल्लेवासियों की ओर से बिजली के पोल पर लगाई गई स्ट्रीट लाइट हटाने पहुंची नगरपालिका की टीम को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। शर्मा स्कूल के पीछे स्थित मोहल्ले में लाइट हटाने की कार्रवाई को लेकर हंगामा हो गया। वार्डवासियों के विरोध व नारेबाजी के चलते पालिका के कनिष्ठ अभियंता (विद्युत) संदीप वर्मा को टीम सहित बिना लाइट हटाए ही लौटना पड़ा। जानकारी अनुसार वार्ड नं. 24 में शर्मा स्कूल के पीछे स्थित मोहल्ले में पर्याप्त स्ट्रीट लाइट नहीं होने से मोहल्लेवासियों ने अपने स्तर पर बिजली के पोल पर स्ट्रीट लाइट लगा दी।



### एकबारगी कार्रवाई टाल दी गई

पार्षद ने फोन पर अधिशासी अधिकारी के समक्ष नाराजगी जताते हुए कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था खराब है। उसे सही करने की जगह टीम मोहल्लावासियों द्वारा अपने पैसो से लगवाई लाइट को उतारने के लिए नगरपालिका का अमला तुरंत पहुंच गया। पार्षद ने आरोप लगाया कि नगरपालिका बोर्ड की बैठक में कुछ मुद्दों पर विरोध जताने के कारण वार्ड में इस तरह की राजनीतिक द्वेषता की कार्रवाई की जा रही है। आखिरकार वार्डवासियों के विरोध के चलते नगरपालिका की टीम को बिना लाइट हटाए ही लौटना पड़ा। कनिष्ठ अभियंता वर्मा ने बताया कि पोल पर दो लाइट लगी होने पर अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर लाइट हटाई जानी थी, लेकिन विरोध के कारण एकबारगी कार्रवाई टाल दी गई है।

### किया विरोध

रविवार दोपहर कनिष्ठ अभियंता संदीप वर्मा टीम के साथ वहां पहुंचे और लाइट हटाने का प्रयास किया। इसकी जानकारी मिलते ही मोहल्ले के लोग एकत्रित होकर कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। लूणकरण जोशी, जितेंद्र शर्मा, जोनी नागपाल, शंकर जाखड़, भंवरलाल लखोटिया सहित अन्य लोगों ने इसका विरोध किया। लोगों का कहना था कि जब मोहल्ले में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं है, तब नगरपालिका को रोशनी की समुचित व्यवस्था करनी चाहिए। वार्ड पार्षद धर्मदास सिंधी ने भी कार्रवाई को लेकर राजनीतिक द्वेषता का आरोप लगाया।

## राजकीय कन्या महाविद्यालय की रेंजर्स का सम्मान

### शिविरों में रेंजर्स ने की उत्कृष्ट सहभागिता

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।** चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय की रेंजर्स ने राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविरों में भाग लेकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। रेंजर्स ने राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी में आयोजित ह्यूथ लीडरशिप एंड कॅरिअर काउंसलिंगह्न शिविर में हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त, पाँच रेंजर्स ने 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय स्काउट-गाइड राज्य पुरस्कार शिविर में सहभागिता की, जिससे उन्हें नेतृत्व और सेवा भावना विकसित करने का अवसर मिला। वापसी पर महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य प्रो. डॉ. पूनम सेतिया ने सभी रेंजर्स का स्वागत और सम्मान किया। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में ऐसे शिविरों को महत्वपूर्ण बताया और भविष्य में भी सक्रिय रहने की प्रेरणा दी। इस उपलब्धि पर रेंजरिंग प्रभारी श्रीमती गरिमा यादव, श्रीमती अनीता, डॉ. आस्था जैन सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## विश्वकर्मा फ्यूल एंड एनर्जी स्टेशन का शुभारंभ 6 को

**सादुलशहर।** गांव मोरजंडखारी में नव स्थापित विश्वकर्मा फ्यूल एंड एनर्जी स्टेशन का शुभारंभ 6 नवंबर शुक्रवार को सुबह सवा दस बजे होगा। संचालक भामाशाह गुरमीत सिंह महल, सुरजीत सिंह महल ने बताया कि इंडियन ऑयल के स्थापित होने वाले इस एनर्जी स्टेशन का शुभारंभ विधायक गुरवीर सिंह बराड बतौर मुख्य अतिथि करेंगे।

# पेट्रोल-डीजल लूट गिरोह का पर्दाफाश, 2 गिरफ्तार

## चोरी की नंबर प्लेट लगाकर देते थे वारदात को अंजाम, 20 से अधिक घटनाओं का खुलासा

**सीमा सन्देश # जयपुर**

जयपुर पुलिस ने पेट्रोल-डीजल लूटने वाले गिरोह के दो बदमाशों को सीकर से गिरफ्तार किया है। आरोपी पेट्रोल पंप पर वाहन का टैंक फुल करवाने के बाद बिना भुगतान किए गाड़ी भगाकर ले जाते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से दो वाहन जब्त किए हैं। गिरोह का एक अन्य सदस्य अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

**मौज-मस्ती के लिए करते थे वारदात :** डीसीपी (वेस्ट) प्रशांत किरण ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकित वर्मा (19) निवासी बालाजी धाम, कनकपुरा करधनी और विशाल मेहरा (28) निवासी गणपति नगर रेलवे कॉलोनी सदर के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने मौज-मस्ती के लिए पेट्रोल-डीजल लूट की वारदातें करना स्वीकार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह जयपुर के अलग-अलग इलाकों में 20 से अधिक वारदातें कर चुका है।

**सीसीटीवी फुटेज से पहुंची पुलिस :** पुलिस ने पेट्रोल पंप और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर वारदातों का रूट चार्ट तैयार किया। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गिरोह के दो बदमाश सीकर के लक्ष्मणगढ़ इलाके में मौजूद हैं। पुलिस टीम ने दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



**चोरी की नंबर प्लेट लगाकर करते थे लूट :** जांच में सामने आया कि आरोपी रात के समय घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों से नंबर प्लेट चोरी करते थे। इसके बाद इन्हीं नंबर प्लेटों को अपनी गाड़ियों पर लगाकर पेट्रोल पंपों पर पहुंचते और टैंक फुल करवाने के बाद फरार हो जाते थे। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने कई अलग-अलग वाहनों पर एक ही नंबर प्लेट का इस्तेमाल किया।

**वेतन भुगतान नहीं कर भागी थी कार :** मामले की शुरूआत बिंदायका थाने में दर्ज रिपोर्ट से हुई। सिरसी रोड स्थित मामा फिलिंग स्टेशन के संचालक राहुल शर्मा ने शिकायत दी थी कि 28 अक्टूबर को सुबह एक वेगेनार कार पेट्रोल भरवाने पहुंची। टैंक फुल होने के बाद जब सेल्समैन ने 4 हजार 70 रुपये का भुगतान मांगा तो चालक तेज गति से कार भगाकर ले गया। कार रोकने के प्रयास में सेल्समैन मनोज कुमार घायल हो गया था।

**फरार साथी की तलाश जारी :** पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह ने कई वारदातों में चोरी की नंबर प्लेट और अलग-अलग वाहनों का इस्तेमाल किया। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरे साथी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि लगातार हो रही लूट की घटनाओं से उनमें डर का माहौल बना हुआ था।

# जोन 12 से निरंजना यादव ने दाखिल किया आवेदन



**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।** पंचायत समिति श्रीगंगानगर दक्षिण के जोन नम्बर 12 (ग्राम पंचायत ख्यालीवाला) की भाजपा प्रत्याशी निरंजना यादव पत्नी बृजमोहन यादव ने आज रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इस मौके पर इनके साथ पंचायत समिति संयोजक शिवप्रकाश रिणवा व सहसंयोजक जगविन्द्र सिंह पूर्व सरपंच उपस्थित रहे।

# केजीएमयू धर्मांतरण मामले में एसटीएफ जांच तेज

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में कथित धर्मांतरण मामले की एसटीएफ जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। जांच रिपोर्ट में एक दर्जन से अधिक डॉक्टरों और कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध बताई गई है। मामले के तार एरा मेडिकल कॉलेज से भी जुड़ते दिखाई दे रहे हैं। एसटीएफ ने पीड़ितों के बयान, सर्विलांस और अन्य साक्ष्यों के आधार पर शासन को रिपोर्ट भेजी है। रिपोर्ट में आरोप है कि कई मामलों में पीड़ितों की शिकायतों को दबाने का प्रयास किया गया और प्रशासनिक स्तर पर लापरवाही बरती गई। जांच में सामने आया कि कुछ पीड़ितों ने साहस दिखाकर मामले उजागर किए। आरोप है कि शिकायत करने वालों को धमकाया गया और कुछ मामलों में कार्रवाई के बजाय उन्हें परेशान किया गया। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. के.के. सिंह के अनुसार, 6 नवंबर को कार्यपरिषद की बैठक में एसटीएफ रिपोर्ट रखी जाएगी। रिपोर्ट में शामिल डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक जांच कमेटियां गठित करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। एसटीएफ रिपोर्ट के अनुसार, मामले के तार एरा मेडिकल कॉलेज से जुड़े हैं। रिपोर्ट में निजी मेडिकल संस्थानों में कुछ डॉक्टरों के आर्थिक निवेश और पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। जांच में वर्ष 2006 से 2012 के बीच की घटनाओं का विशेष उल्लेख किया गया है।

# जीजा-साले पर सामूहिक दुष्कर्म व हत्या का मुकद्दमा, मुठभेड़ में एक गिरफ्तार, घर पर चला बुलडोजर

**हमीरपुर**

घर के बाहर खेल रही मासूम बच्ची के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर जीजा-साले के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। वहीं मुख्य आरोपित से हुई मुठभेड़ में उसके दोनों पैरों में गोली लगी है। घटना में शामिल आरोपित का जीजा परिवार समेत फरार है, जिसकी तलाश जारी है। सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच राठ में दो चिकित्सकों के पैनल ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम किया। रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है, जबकि दुष्कर्म की पुष्टि के लिए स्लाइड जांच के लिए भेजी गई है। पोस्टमार्टम के बाद बच्ची का शव मुस्करा कस्बे स्थित मोक्षधाम में दफनाया गया। अंतिम संस्कार के बाद प्रशासन ने आरोपित के घर पर बुलडोजर कार्रवाई करते हुए मकान का अगला हिस्सा ध्वस्त कर दिया। घटना के बाद कस्बे में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात रहा। शव घर पंहुंचने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मां अपनी इकलौती बेटी का शव देखकर बिलख पड़ी। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपित हीरालाल ने साक्ष्य संकलन के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग की थी। इस मामले में उसके खिलाफ जानलेवा हमला व शस्त्र अधिनियम के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया है। डीआईजी राजेश एस ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस दौरान एएसपी अरविंद कुमार वर्मा, एसडीएम करनवीर सिंह और सीओ राठ राजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



*आरोपित गोविंद के घर में बच्ची के शव का अंतिम संस्कार होने के बाद चलता बुलडोजर।*

# रतनगढ़ में एक शाम गोमाता के नाम कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन



**सीमा सन्देश # रतनगढ़।** तहसील के गांव छाजुसर स्थित श्री रुस्तम बाबा गोशाला परिसर में 10 नवंबर को ग्रामवासियों की ओर से आयोजित होने वाले एक शाम गोमाता के नाम कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने किया। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष सुनील शर्मा सहित कमल सिंह, रविन्द्र सिंह, जयप्रकाश नाथ, मुखराम नाथ, भरत सिंह एवं गोविन्द सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह है।

# पीएमश्री बागला स्कूल के विद्यार्थियों का जयपुर शैक्षणिक भ्रमण




**सीमा सन्देश # चूरू।** ग्रीन स्कूल कार्यक्रम के तहत पीएमश्री बागला राबाउमावि के कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों को जयपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। प्रधानाचार्य बबीता सैनी ने हरी झंडी दिखाकर दल रवाना किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आमेर दुर्ग, जलमहल और बिरला तारामंडल का अवलोकन कर इतिहास, संस्कृति एवं विज्ञान की प्रत्यक्ष जानकारियां हासिल कीं। इस दौरान बच्चों में भारी उत्साह देखा गया। विद्यालय परिवार के अनुसार ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण और व्यावहारिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर एक्टिविटी प्रभारी गायत्री प्रजापत, उपप्राचार्य अभय कुमार, रमेश पूनिया, निखिल भगासरा, एकता स्वामी एवं सरिता माहिचा मौजूद रहे।

# अब वॉट्सऐप पर एक 'एच' से जानें पीएफ बैलेंस, पासबुक और पिछले पांच लेन-देन

## ईपीएफओ ने शुरू की नई डिजिटल सुविधा, दफ्तर के चक्कर और पोर्टल लॉगिन की झंझट खत्म

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने करोड़ों खाताधारकों के लिए वॉट्सऐप सेवा शुरू कर दी है। अब पीएफ सदस्य अपने मोबाइल से केवल एक मैसेज भेजकर खाते का बैलेंस, पासबुक और हाल के लेन-देन की जानकारी तुरंत पा सकेंगे। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने 1 नवंबर को नई दिल्ली में ईपीएफओ के 74वें स्थापना दिवस पर इस सेवा की घोषणा की।

### क्या-क्या मिलेगा वॉट्सऐप पर

- पीएफ खाते का मौजूदा बैलेंस
- ईपीएफ पासबुक की जानकारी और डाउनलोड
- खाते के पिछले पांच लेन-देन का ब्योरा

### ऐसे करें इस्तेमाल

- ईपीएफओ ककारिक वॉट्सऐप नंबर +91 87964 41800 फोन में सेव करें।
- वॉट्सऐप खोलकर इस नंबर पर 'एच' लिखकर भेजें।
- स्क्रीन पर आए विकल्पों में से जरूरी सेवा चुनें।




ईपीएफओ द्वारा जारी क्यूआर कोड स्कैन करके भी यह सेवा शुरू की जा सकती है।

### इनका रखें ध्यान

- मैसेज उसी मोबाइल नंबर वाले वॉट्सऐप से भेजें जो ईपीएफओ में पंजीकृत है। किसी अन्य नंबर से सेवा नहीं मिलेगी।
- शुरूआती दिनों में कुछ उपयोगकताओं ने ओटीपी न आने की शिकायत की है। ऐसा हो तो कुछ समय बाद दोबारा प्रयास करें।
- केवल वेरिफाइड नंबर पर ही संपर्क करें। ईपीएफओ कभी भी फोन कर किसी तरह की राशि जमा करवाने को नहीं कहता। ऐसे कॉल या मैसेज से सावधान रहें।

### श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ के कर्मचारियों को सीधा फायदा

क्षेत्र की कॉटन जिनिंग, राइस मिल, निजी स्कूल, अस्पताल और औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत हजारों पीएफ खाताधारकों को अब बैलेंस जानने के लिए साइबर कैफे या दफ्तर नहीं जाना पड़ेगा। खासकर ग्रामीण इलाकों के उन कर्मचारियों के लिए यह राहत की बात है जिन्हें यूएएन पोर्टल पर लॉगिन करने में दिक्कत आती थी।

# डिजिटल वॉलेट के नाम पर 15 लाख लोगों से 1,200 करोड़ रुपये की ठगी

**नई दिल्ली।** डिजिटल पेमेंट और ऑनलाइन वॉलेट के नाम पर गुजरात में कथित बड़े घोटाले का मामला सामने आया है।

करीब 15 लाख लोगों को जोड़कर 1,200 करोड़ रुपये से ज्यादा के लेनदेन का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार, निवेशकों को रोजाना ब्याज और कैशबैक का लालच देकर रकम जमा कराई गई, लेकिन बाद में ऐप बंद हो गया। वडोदरा की एक महिला शिक्षक ने अपना 1 बीएचके फ्लैट बेचकर 9.5 लाख रुपये ऐप में लगाए थे। कुछ समय बाद उनके वॉलेट में 50 लाख रुपये का बैलेंस दिखने लगा, लेकिन वह रकम निकाल नहीं सकीं। उनके परिवार और परिचितों के करीब 42 लाख रुपये भी फंस गए। जांच के अनुसार, ऐप में मल्टी लेवल मार्केटिंग मॉडल अपनाया गया। लोगों को नए निवेशक जोड़ने पर कमीशन और अतिरिक्त कैशबैक देने का भरोसा दिया गया। आरोप है कि पुराने निवेशकों को भुगतान नए लोगों से आने वाली रकम से किया जा रहा था। अमरैली पुलिस की जांच में सामने आया कि ऐप से जुड़े 6.52 लाख बैंक खातों के जरिए करीब 1,211 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। पुलिस ने धवल पटेल और हीरेन शाह समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कई कंपनियों और बैंक खातों की जांच जारी है।

मामले में धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, अनियमित जमा योजना और आईटी एक्ट समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब नेटवर्क से जुड़े एजेंटों और निवेशकों के पैसों की बरामदगी में जुटी है।

### किसान कर रहे सामयिक कार्य

**कीकर वाली।** क्षेत्र के गांवों में नरमा कपास की फसल का कार्य पूरा होने के बाद अब किसान आगामी फसल के लिए भूमि को तैयार कर रहे हैं।

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक :- नियमन/2026/9034 दिनांक :- 21/10/26

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 29 के किला नं. 07 में माप 45 इन्दू 70 फीट भूखण्ड संख्या जी-19, औलखनगर, श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 3488 दिनांक 19.05.2014 को श्री सोहन लाल पुत्र श्री भजन सिंह के नाम से जारी किया हुआ है। श्री अमृतपाल सिंह पुत्र श्री लाभ सिंह निवासी वार्ड नया 56 पुराना 49, नजदीक शुगर मिल, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पेंजीकृत बैयनामा दिनांक 12.02.2025 के द्वारा प्राप्त कर दिनांक 07.04.2026 को अपने नाम नामान्तरण करवा लिया है। वर्तमान में श्री अमृतपाल सिंह द्वारा अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टे एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छायां दिनांक से 7 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आबंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

**- प्रभारी अधिकारी नियमन शाखा नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

**कार्यालय नगरपालिका गजसिंहपुर जिला श्रीगंगानगर**
क्रमांक :- 987 दिनांक :- 02/11/26

:: आपत्ति सूचना ::

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि तहबाजारी दुकान संख्या 297 साईज 6' ×10' फीट जो कि पालिका रिकॉर्ड में श्री पूनमचन्द पुत्र श्री सीताराम निवासी गजसिंहपुर के नाम से दर्ज है, श्री पूनमचन्द पुत्र श्री सीताराम की मृत्यु दिनांक 08.06.1974 व इनकी धर्मपत्नी श्रीमती चन्दा देवी पत्नी श्री पूनमचन्द की मृत्यु दिनांक 05.10.1995 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरान्त बंटवारा दिनांक 23.03.2000 के अनुसार उक्त तहबाजारी दुकान 297 श्री मोहनलाल, श्री मेघराज, श्रीमती गीता देवी, श्रीमती पार्वती देवी, विजय लक्ष्मी पि० स्व० श्री पूनमचन्द द्वारा कृष्णलाल पुत्र श्री पूनमचन्द निवासी गजसिंहपुर को दे दी गई। श्री कृष्णलाल पुत्र स्व. श्री पूनमचन्द की मृत्यु दिनांक 25.04.2016 को हो चुकी है मृत्यु उपरान्त अध्यक्ष महोदय नगरपालिका गजसिंहपुर द्वारा जारी वारिस तस्दीक प्रमाण पत्र क्रमांक 254 दिनांक 25.11.2025 के अनुसार इनके जायज वारिसान निम्नानुसार है :- 1. श्रीमती जमना देवी - पत्नी 2. सुश्री प्रवीण - पुत्री 3. श्री मंगत खत्री - पुत्र उक्त सदस्य तस्दीक वारिसान अनुसार प्राप्तीगण श्रीमती जमना देवी, सुश्री प्रवीण एवम श्री मंगत खत्री द्वारा तहबाजारी दुकान संख्या 297 साईज 6×10 नामान्तरण दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। अतः उपरोक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी संस्था / व्यक्ति / हितबद्ध के पास कोई दस्तावेज उपलब्ध हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर-अन्दर मय सबूत के आपत्ति पत्र प्रस्तुत करें बाद गुजरने मियाद किसी आपत्ति पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा व नामान्तरण दर्ज करने की कार्यवाही कर दी जावेगी। **अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका गजसिंहपुर**

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 20.11.2026 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या:** 190; **कार्य का नाम व स्थान:** जोन नं. 4ए (II) सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन, उ.प. रेलवे, बीकानेर के अधीन उपमंडल में लालगढ़ (छोड़कर)–फलौदी (छोड़कर) खण्ड पर सर्विस बिल्डिंग के लिए जोनल कार्य (2026-27 एवं 2027-28 के लिए)। **अनुमानित लागत मूल्य:** रू. 21290907.38; **धरोहर राशि:** रू. 425800.00; **नोट:**– अन्य शर्तें रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

1575-AM/26

हमें फॉलो करें /NWRailways पर

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या:** एस.एण्ड.टी/बी.के.एन–2026–27–22; **कार्य का नाम व स्थान:** बीकानेर मण्डल के सभी सेक्शन में स्वदेशी "कवच" (KAVACH) और LTE के काम के सिलसिले में OFC बिछाने (ट्रैक के दोनों तरफ 48 फाइबर + 48 फाइबर) का काम। **अनुमानित लागत मूल्य रू:** 1503923980.74; **Bid Security:** 30078500; **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 17.12.26 को 15.00 बजे तक; **वेब साइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाऊनलोड किया जा सकता है :** www.ireps.gov.in

1578-AM/26

हमें फॉलो करें /NWRailways पर

**कार्यालय नगर परिषद, श्रीगंगानगर (राज0)**
क्रमांक:– 4354 दिनांक:– 26.10.2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for ABC-01/2026-27 are invited from interested bidders upto 05:00 PM (time) 12/11/2026 (date). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state website. The approximate value of the procurement in Rs 45.00 Lacs

| | |
|---|---|
| NIB Code- DLB2627A9218 | UBN Code- DLB2627SLOB23297 |
| | UBN Code- DLB2627SLOB23298 |

Raj.Samwad/C/26/12740 Commissioner

**कार्यालय नगर परिषद, श्रीगंगानगर (राज0)**
क्रमांक:–4394 दिनांक:– 28.10.2026

**CORRIGENDUM**

नगर परिषद, श्रीगंगानगर के पत्रांक नपग/सूडी/2026–27/4308 दिनांक 23.10.2026 को परिषद द्वारा निविदा सूचना संख्या UD-1/2026–27 (**NIB-DLB2627A9054 AND UBN - DLB2627SLOB22943**) प्रकाशित की गई है। उक्त निविदा की शर्तों में निम्नानुसार संशोधन व अन्य निम्नलिखित शर्तें शामिल की जाती है :–

1. निविदा शर्त संख्या 08 में संशोधन कर नगर परिषद क्षेत्र का ड्रोन/सेटालाईट सर्वे कर कालोनी वाईज पोलीगॉन ड्रॉ कर फाईल .SHP में SAVE कर यूडीटैक्स पोर्टल पर कालोनी वाईज इम्पोज की समस्त कार्यवाही फर्म द्वारा की जावेगी।
2. ई–निविदा सूचना में Tender Document download And Submission End Date And Time 04.10.2026 के स्थान पर 04.11.2026 पढी जावे
3. शर्त संख्या 16 में संशोधन कर प्रस्तुत दरों में नियमानुसार जी.एस.टी. अलग से देय होगा।
4. शर्त संख्या 28 में संशोधन कर नगर निगम/नगरपरिषद/नगपालिका में न्यूनतम 02 वर्ष का संबंधित कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. समयसीमा (Timeline) कार्य आदेश जारी होने के समय से 6 माह के भीतर संपूर्ण निकाय क्षेत्र का सर्वे और पोर्टल पर अपलोडिंग पूर्ण करनी होगी।
6. निविदा की शर्त संख्या 10 में संशोधन कर परिषद के रिकार्ड में पुरानी बकाया राशि उक्त पोर्टल पर अपलोड की जानी होगी।
7. सेवा के दौरान हुई किसी भी हानि, चूक एवं मूल क्षतिपूर्ति एवं कानूनी दायित्वों का पूर्ण उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा। हानि की राशि ठेकेदार के भुगतान से काट ली जाएगी।
8. संतोषजनक कार्य नहीं होने की स्थिति में अनुबन्ध को किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है तथा प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी।
9. फील्ड स्टाफ के पास फर्म द्वारा जारी अधिकृत पहचान पत्र होना अनिवार्य होगा।
10. फील्ड सर्वे के दौरान किसी भी संपत्ति मालिक से दुर्व्यवहार की शिकायत पर कार्मिक को तुरंत बदलना होगा।
11. कार्य दौरान फर्म द्वारा लगाये गये कार्मिकों को श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी (Minimum Wages Act), ईपीएफ (EPF), और ईएसआई (ESI) के नियमों के अनुसार भुगतान की पूरी जिम्मेदारी फर्म की होगी।
12. निकाय और इन कार्मिकों के बीच नियोक्ता–कर्मचारी (Employer&Employee) का कोई संबंध नहीं होगा।
13. सर्वे हेतु उपकरणों की व्यवस्था आवश्यक स्मार्ट मोबाइल फोन, टैबलेट, लेजर मेजरिंग टेप (Laser Distance Meter), इंटरनेट कनेक्टिविटी, कम्प्यूटर सिस्टम और प्रिंटर एवं अन्य उपयोग होने वाले समस्त सामग्री उपकरण की व्यवस्था फर्म स्वयं के स्तर पर करेगी।
14. जानबूझकर गलत जानकारी भरने या कर चोरी में मिलीभगत पाए जाने पर संबंधित संपत्ति के भुगतान में कटौती व कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
15. डेटा गोपनीयता एवं सुरक्षा (Data Privacy) रू सर्वे के दौरान एकत्रित नागरिकों का डेटा, मोबाइल नंबर और संपत्तियों का विवरण पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा। किसी भी बाहरी पक्ष को डेटा साझा करने पर अनुबंध निरस्त कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
16. निकाय की तकनीकी टीम द्वारा रैंडम आधार पर संपत्तियों का क्रॉस–वेरिफिकेशन किया जाएगा।
17. निविदा में भाग लेने वाले संवेदक नियमानुसार निर्धारित श्रेणी वर्ग का होना आवश्यक है तथा नियमानुसार टर्न ओवर होना आवश्यक है।
18. भौतिक सत्यापन हेतु निविदा प्रपत्रों की हार्ड कॉपी निर्धारित समयानुसार कार्यालय में जमा करवाया जाना आवश्यक है।
19. फर्म द्वारा प्रति सोमवार साप्ताहिक अथवा समय समय पर सूचना यूडी टैक्स प्रभारी/लिपिक को उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
20. पोर्टल पर सफल डेटा अपलोड और निकाय टीम द्वारा रैंडम भौतिक सत्यापन उपरांत पोर्टल से मांग पत्र (Demand/ Bill/Notice) जारी होने पर तथा प्राप्त आपत्ति निस्तारण एवं अंतिम रूप से पोर्टल डेटा फ्रीज होने के बाद फाईनल भुगतान किया जावेगा

**शेष शर्तें यथावत रहेंगी।**

आयुक्त
नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

Raj.Samwad/C/26/12743


**इतिहास, संस्कृति और पुस्तकालय आंदोलन में अतुलनीय योगदान; साहित्य जगत ने बताया अपूरणीय क्षति**

# राजस्थानी साहित्य के पुरोधा डॉ. भंवरसिंह सामौर नहीं रहे

**सीमा सन्देश # चूरू**

राजस्थानी भाषा, साहित्य और संस्कृति के संवाहक, वरिष्ठ साहित्यकार, कवि एवं इतिहासकार डॉ. भंवरसिंह सामौर का शुक्रवार को चूरू स्थित उनके निवास पर हृदयाघात से निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे। उनके निधन से प्रदेश के साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को उनके पैतृक गांव बोबासर में राजकीय सम्मान और सामाजिक श्रद्धा के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र डॉ. मानसिंह सामौर और पौत्र डॉ. हेमसिंह सामौर ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में साहित्यकार, शिक्षाविद, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण शामिल हुए।

**राजस्थानी साहित्य को दी नई दिशा :** 15 अगस्त 1943 को स्वतंत्रता सेनानी एवं विद्रोही कवि शंकरदान सामौर के परिवार में जन्मे डॉ. सामौर ने राजस्थान विश्वविद्यालय से हिन्दी साहित्य में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की। उन्होंने राजकीय लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चूरू में हिन्दी व्याख्याता एवं प्राचार्य तथा राजकीय कन्या महाविद्यालय, रतनगढ़ में उपाचार्य के रूप में सेवाएं दीं। डिंगल और राजस्थानी भाषा के प्रकांड विद्वान डॉ. सामौर ने अपनी लेखनी से राजस्थानी इतिहास, लोकसंस्कृति और परंपराओं का समृद्ध दस्तावेज तैयार किया। उनकी चर्चित कृति 'संस्कृति री सनातन दीठ' को वर्ष 2020 का केंद्रीय साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला। उन्हें काग बापू लोक साहित्य पुरस्कार, कन्हैयालाल सेठिया मायड़ भाषा सेवा सम्मान, सूरजमल मोहता साहित्य पुरस्कार, सुजला गौरव सम्मान तथा मरुधर रा मोती सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया गया।



**पुस्तकालय आंदोलन के प्रेरक रहे :** डॉ. सामौर केवल साहित्यकार ही नहीं, बल्कि समाजसेवी भी थे। उन्होंने अपने गांव बोबासर में लोकभारती भवन की स्थापना कर ग्रामीण पुस्तकालय आंदोलन को नई दिशा दी तथा राजस्थान और गुजरात के लगभग 50 गांवों में पुस्तकालय स्थापित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सूखा और अकाल के समय 'कोई भूखा न सोए' अभियान चलाकर जरूरतमंदों की सेवा की, जिसे बाद में राज्य सरकार ने भी सराहा।

**साहित्य जगत ने दी श्रद्धांजलि :** उनके निधन पर राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के पूर्व सदस्य डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा, राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण, एसीजेएम चंद्रशेखर पारीक, मरूदेश संस्थान के संयोजक किशोर सैन सहित अनेक साहित्यकारों और गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इसे राजस्थानी साहित्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक: नियमन/2026/9050 दिनांक : 26.10.2026

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री प्रेमपाल सिंह पुत्र श्री दर्शन सिंह निवासी गांव 17 एस, करणपुर जिला श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय भूखण्ड** का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखंडधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 1 बी छोटी मुरब्बा नं० 23 किला नं० 5 भूखण्ड संख्या बी-03, माप 25 इन्दू 62.6 फीट सड़ी इन्क्लेव, श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का पट्टा संख्या 5863 दिनांक 22.06.2017 को श्रीमती सुनीता रानी पत्नी श्री सुभाष बंसल के नाम से जारी किया हुआ है। | **श्री प्रेमपाल सिंह** द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 15.03.2024 के द्वारा क्रय कर पट्टे एवं बैयनामों की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तनुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्री प्रेमपाल सिंह पुत्र श्री दर्शन सिंह निवासी गांव 17 एस, करणपुर जिला श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/फ्री लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या - SGNR/FY26-27/MUT/771 **प्रभारी अधिकारी, नियमन शाखा, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक: नियमन/2026/9049 दिनांक : 26.10.2026

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री रामस्वरूप मितल पुत्र श्री मामराज निवासी नजदीक बालाजी धाम हनुमानगढ़ रोड, कैलाशपुरी, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण

## न्यूज इन ब्रीफ

### टायर फटने से ट्रैक्टर पलटा, नीचे दबने से चालक की मौत

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** जंक्शन में सार्दुल ब्रांच नहर के पास ट्रैक्टर का टायर अचानक फटने से ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। इस संबंध में जंक्शन पुलिस थाना में मर्ग दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, सोनू कुमार (30) पुत्र अशोक कुमार मेहरा निवासी वार्ड नंबर 6, रिड़मलसर पीएस घमूड़वाली जिला श्रीगंगानगर ने रिपोर्ट दी कि उसका बड़ा भाई दिनेश कुमार (35) एक नवम्बर को ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर हनुमानगढ़ आया था। जंक्शन में सार्दुल ब्रांच नहर के मोड़ पर अचानक ट्रैक्टर का टायर फट गया। इससे ट्रैक्टर पलट गया और दिनेश कुमार उसके नीचे दब गया। हादसे में गंभीर चोटें लगने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच उपनिरीक्षक साहबराम कर रहे हैं।

### पानी में डूबने से किसान की मौत

**सीमा सन्देश # नोहर।** खुइयां थाना क्षेत्र के गांव थिराणा के पास चौधरी कुम्भाराम आर्य लिफ्ट कैनाल नहर में गिरने से एक किसान की डूबकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि किसान खेत में कृषि कार्य के दौरान नहर से पानी भरने गया था। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह नहर में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, महीराम पुत्र ईशरराम राईका निवासी थिराणा, तहसील नोहर ने रिपोर्ट दी कि उसका भाई लाधुराम (59) पुत्र मांगेराम राईका निवासी थिराणा रविवार, 1 नवम्बर को सुबह हिस्से पर ली हुई सुभाष चन्द्र पुत्र श्योकरण नाई निवासी थिराणा की कृषि भूमि में काम कर रहा था। खेत के पास से गुजर रही चौधरी कुम्भाराम आर्य लिफ्ट कैनाल नहर से पानी भरने के लिए लाधुराम नहर पर गया था। पानी भरते समय अचानक पैर फिसलने से वह नहर में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। इस संबंध में खुइयां पुलिस थाना में मर्ग दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले की जांच हैड कांस्टेबल मुखराम को सौंपी है।

### राजस्थान में चक्रवाती तूफान 'मुरासु' का नहीं होगा असर

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** बंगाल की खाड़ी में बने भीषण चक्रवाती तूफान 'मुरासु' का राजस्थान में कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार वर्तमान में मध्य-पश्चिमी एवं आसपास के दक्षिण-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में भीषण चक्रवाती तूफान सक्रिय है। इसके सोमवार रात दक्षिण-पूर्वी आंध्र प्रदेश के तट को पार करने की प्रबल संभावना है। मौसम विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस चक्रवाती तूफान का राजस्थान के मौसम पर कोई असर नहीं होगा। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आगामी एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने की प्रबल संभावना है। ऐसे में फिलहाल प्रदेश में बारिश की संभावना नहीं जताई गई है।

लीकेज के कारण घरों में गंदा पानी पहुंचने की आशंका, वाहन चालाकों पर मंडरा रहा हादसे का खतरा, जेईएन ने दिया आश्वासन

# पाइप लाइन लीकेज से लगातार बह राह पानी, सड़क के बीचों बीच हुआ गहरा गड्ढा

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।**

जंक्शन शहर के वार्ड नंबर 7 और 8 के बीच स्थित शिव कुटिया के पास सौ फुटी रोड़ पर पेयजल की बड़ी पाइप लाइन में लीकेज लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। पाइप लाइन से लगातार पानी बहने के कारण सड़क के बीचोंबीच गहरा गड्ढा हो गया है। वहीं, आसपास की सड़क भी धंसने लगी है। दिनभर सैकड़ों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है और यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों पर हादसे का खतरा मंडरा रहा है।



### लीकेज दुरुस्त करवाने की मांग की

सोमवार को आम नागरिक की सूचना पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बलराज सिंह दानेवालिया मौके पर पहुंचे। उन्होंने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ अभियंता को दूरभाष पर समस्या से अवगत करवाते हुए लीकेज दुरुस्त करवाने की मांग की। स्थानीय निवासी मामराज परिहार ने बताया कि वे रोजाना शिव कुटिया के पास से गुजरते हैं। काफी समय पहले बीच सड़क में पाइप लाइन लीकेज होने से छोटा गड्ढा बना था, जो अब लगातार पानी बहने के कारण बड़ा हो चुका है। इस स्थान पर टर्न पॉइंट भी है और दिनभर वाहनों की आवाजाही रहती है। ऐसे में गड्ढे के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने बताया कि पाइप लाइन में लीकेज के कारण घरों में गंदा पानी सप्लाई होने की आशंका है, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। लगातार पानी बहने से सड़क को भी नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने पीएचईडी अधिकारियों से लीकेज दुरुस्त करवाकर गड्ढे को भरवाने की मांग की, ताकि किसी अनहोनी को रोका जा सके।

### इन्होंने बताया

वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बलराज सिंह दानेवालिया ने बताया कि पीएचईडी के जेईएन ने दो-तीन अन्य स्थानों पर लीकेज दुरुस्त करवाने के बाद इस लीकेज को भी ठीक करवाने का आश्वासन दिया है। दानेवालिया के अनुसार यह मुख्य मार्ग है और सड़क के बीचोंबीच गड्ढा होने से हादसे की आशंका बनी हुई है। जेईएन ने सोमवार को ही लीकेज दुरुस्त करवाने का आश्वासन दिया है।

# पंचायती चुनाव : आज 753 बूथ पर 7.32 लाख लोग डालेंगे वोट

## 4839 कार्मिक, 3390 पुलिस-होमगार्ड जवान तैनात

### कड़ी सुरक्षा : 72 मोबाइल पार्टियां करेंगी निगरानी




**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत जिले में तीसरे चरण का मतदान मंगलवार, 3 नवंबर को होगा। इसके लिए सोमवार को मतदान दलों की रवानगी की गई। मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण देने और मतदान सामग्री वितरण के बाद डीएवी कॉन्वेंट स्कूल, हनुमानगढ़ जंक्शन के खेल मैदान से रवाना किया गया। तीसरे चरण में नोहर, पल्लू, भादरा, राजपुरा (8 बीएचडी), हनुमानगढ़ जंक्शन एवं पीलीबंगा पंचायत समितियों में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए मतदान करवाया जाएगा। इन छह पंचायत समितियों के 753 मतदान केंद्रों पर कुल 7 लाख 32 हजार 574 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए कुल 4839 मतदान कार्मिक नियुक्त किए गए हैं। इनमें नोहर के 1455, पल्लू के 514, भादरा के 680, राजपुरा के 670, हनुमानगढ़ जंक्शन के 679 और पीलीबंगा के 841 कार्मिक शामिल हैं। नोहर, पल्लू और भादरा क्षेत्र के मतदान दलों को सुबह 10.30 बजे तथा हनुमानगढ़ जंक्शन, राजपुरा और पीलीबंगा के मतदान दलों को दोपहर 12 बजे रवाना किया गया।

### नोहर में सर्वाधिक 2.17 लाख मतदाता

तीसरे चरण में नोहर के 227 मतदान केंद्रों पर 2,17,168, पीलीबंगा के 129 केंद्रों पर 1,24,876, भादरा के 107 केंद्रों पर 1,06,096, हनुमानगढ़ जंक्शन के 107 केंद्रों पर 1,03,208, राजपुरा के 104 केंद्रों पर 1,04,759 तथा पल्लू के 79 केंद्रों पर 76,467 मतदाता मतदान करेंगे। नोहर में सर्वाधिक मतदाता और मतदान केंद्र हैं, जबकि पल्लू में सबसे कम मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिला परिषद के 37 वार्डों के लिए 118 अभ्यर्थी तथा छह पंचायत समितियों के 130 सदस्य पदों के लिए 410 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

### 3390 जवान संभालेंगे सुरक्षा की कमान

शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए 2637 पुलिसकर्मी और 753 होमगार्ड स्वयंसेवक सहित कुल 3390 जवान तैनात रहेंगे। सभी मतदान केंद्रों पर दो-दो सुरक्षाकर्मी लगाए गए हैं। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील 70 लोकेशन पर विशेष निगरानी के लिए 70 टीमों के साथ 280 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इसके अलावा 72 पुलिस मोबाइल पार्टियां और 72 जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। हरियाणा सीमा पर अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए 10 सशस्त्र स्थायी नाके भी स्थापित किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. खुशाल यादव ने चुनाव व्यवस्था के लिए 24 एरिया मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। मतदान मंगलवार सुबह 7 से शाम 6 बजे तक ईवीएम से होगा। मतदान समाप्ति के बाद ईवीएम पुलिस सुरक्षा में निर्धारित संग्रहण केंद्रों तक पहुंचाई जाएंगी। वहीं, सरपंच एवं पंच पदों के लिए 5 नवंबर को मतपत्रों के माध्यम से मतदान करवाया जाएगा। प्रशासन ने मतदाताओं से निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

# सो रहे थे परिवार के सदस्य, घुसे चोर, जेवरात व नकदी से भरा संदूक चोरी

खेत में खाली पड़ा मिला संदूक, 4 सोने की अंगूठियां, सोने के गजरे, नथ और 20 हजार रुपए, मोबाइल फोन ले गए चोर

**सीमा सन्देश # तलवाड़ा झील।** थाना क्षेत्र के गांव डबलीकलां में चोरों ने रात के समय एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और मोबाइल फोन चोरी कर लिया। वारदात के समय परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे। चोर कमरे का ताला तोड़कर जेवरात और कीमती सामान से भरा संदूक ही उठाकर ले गए। सुबह परिवार के सदस्य उठे तो कमरे का ताला टूटा मिला। बाद में तलाश करने पर संदूक घर के पास खेत में खाली पड़ा मिला। इस संबंध में तलवाड़ा झील पुलिस थाना में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस को दी रिपोर्ट में चक 7 एमजेडब्ल्यू, डबलीकलां निवासी दलीप मूंड (40) पुत्र साहबराम जाट ने बताया कि 31 अक्टूबर, शनिवार रात्रि करीब एक बजे वह और परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे।



### पुलिस कर रही पड़ताल

इस दौरान अज्ञात चोर घर में घुस आए। कमरे में एक छोटा संदूक रखा हुआ था, जिसमें कीमती सामान था। कमरे और संदूक दोनों पर ताले लगे हुए थे। दलीप के अनुसार 1 नवम्बर, रविवार अल सुबह करीब तीन बजे जब वह उठा तो कमरे का ताला टूटा हुआ मिला और संदूक गायब था। आसपास तलाश करने पर घर के पास खेत में संदूक खुला हुआ पड़ा मिला। उसका ताला भी टूटा हुआ था और अंदर रखा सारा सामान गायब था। चोर संदूक में रखी चार सोने की अंगूठियां, दो सोने के गजरे, एक बड़ी सोने की नथ, चांदी की पाजेब, अंगूठी, बिछिया, एक चांदी का सिक्का, 20 हजार रुपए नकद और एक मोबाइल फोन सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित ने बताया कि घर के आसपास कुछ स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। पुलिस ने दलीप की रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत चोरी का मामला दर्ज किया है। प्रकरण की जांच एएसआई अजीत सिंह को सौंपी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# फ्लैग मार्च निकाल दिया भयमुक्त मतदान का संदेश

पुलिस अधिकारियों ने मतदाताओं को दिलाया सुरक्षा का भरोसा



**सीमा सन्देश # पीलीबंगा।** पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्य चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी कड़ी में सोमवार शाम पुलिस की ओर से ग्राम पंचायत जाखड़ांवाली में फ्लैग मार्च निकालकर कानून व्यवस्था का संदेश दिया गया। पुलिस उपाधीक्षक विक्रम चौहान एवं पीलीबंगा थाना प्रभारी रायसिंह सुथार के नेतृत्व में निकाले गए फ्लैग मार्च में पुलिस जवानों ने गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए ग्रामीणों को सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, असामाजिक गतिविधि अथवा मतदाताओं को डराने-धमकाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान अधिकारियों ने मतदाताओं से निर्भीक होकर, बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। साथ ही ग्रामीणों से चुनाव प्रक्रिया के दौरान आपसी सौहार्द बनाए रखने तथा शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया। पुलिस के इस फ्लैग मार्च के माध्यम से आमजन को भरोसा दिलाया गया।

## गीत-संगीत और खेलों के बीच बांटी खुशियां



**सीमा सन्देश # नोहर।** कुटुंब डिजाइन, नोहर की ओर से दीपावली के अवसर पर होटल मोंटी-इन में दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। संस्थान के प्रबंधक इंजीनियर गोपाल स्वामी के नेतृत्व में आयोजित समारोह में अपनत्व, उल्लास और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में कुटुंब डिजाइन की टीम के सदस्यों सहित नोहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता आश्रम के महंत योगी रामनाथ ह्यअवधूतह्ण ने मां लक्ष्मी एवं भारत माता की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। इस दौरान सभी ने सुख-समृद्धि, खुशहाली और देश की उन्नति की कामना की। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मनोरंजक खेलों का विशेष आयोजन किया गया। गीत-संगीत, हंसी-मजाक और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के बीच टीम के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दीपावली की खुशियां साझा कीं। आपसी मेलजोल और उल्लास ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्य संबंधी जानकारी साझा करने के उद्देश्य से प्रोजेक्टर के माध्यम से विशेष कार्यशाला भी आयोजित की गई।

## विद्यालय में बाल संसद का आयोजन



**बरवाली।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को बाल संसद का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं मतदान प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव करवाया गया। प्रधानाचार्य रमेश कुमार सोनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लोकतंत्र की मजबूती में मतदान के महत्व की जानकारी दी। दीपावली अवकाश को देखते हुए विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ ने विद्यालय परिसर में पौधों को पानी दिया तथा साफ-सफाई की।

## वुशु प्रतियोगिता में नेहा सोलंकी ने जीता गोल्ड



**सीमा सन्देश# रावतसर।** इंटर कॉलेज विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026 में राजकीय महाविद्यालय, रावतसर की छात्रा नेहा सोलंकी ने वुशु प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीतकर महाविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। छात्रा की इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर राजकीय महाविद्यालय, रावतसर में सम्मान समारोह आयोजित कर स्वर्ण पदक विजेता छात्रा नेहा सोलंकी का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेन्द्र कुमार ने छात्रा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए साफा पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना विद्यार्थी की मेहनत, लगन, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। नेहा की यह उपलब्धि महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर डॉ. ज्योति यादव एवं प्रीति स्वामी ने भी संबोधित किया।

## राजकीय विद्यालय में हिन्दुस्तान स्काउट प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**सीमा सन्देश # तलवाड़ा झील।** स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को हिन्दुस्तान स्काउट प्रशिक्षण शिविर का विशेष आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्काउट प्रशिक्षक हरदीप सिंह ने विद्यार्थियों को मार्च पास्ट का प्रशिक्षण दिया। इसके साथ ही स्काउट की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर विद्यार्थियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। स्काउट मास्टर ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि इससे पूर्व विद्यालय में कोमल पद शिविर का आयोजन भी किया जा चुका है। शिविर के सफल समापन पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने सभी स्काउट प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

क्विज, चित्रकला जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं

# विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित

**सीमा सन्देश# रावतसर।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रावतसर में सत्र 2026-27 के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय सृजनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र से विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत निबंध, आशुभाषण, क्विज, चित्रकला एवं एकल गीत जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर प्रतियोगिताओं के परिणाम निर्धारित किए गए। निबंध प्रतियोगिता में राजकीय माध्यमिक विद्यालय चाईया की हिमानी ने प्रथम तथा पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धन्नासर की पूजा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आशुभाषण प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धन्नासर की पुष्पा ने प्रथम तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिसरासर की भारती ने द्वितीय स्थान हासिल किया।



### प्रधानाचार्य ने दिए प्रमाण पत्र

क्विज प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिसरासर की मनीषा ने प्रथम तथा पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धन्नासर के नरेश कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में राजकीय माध्यमिक विद्यालय सीरासार के भंवर लाल ने प्रथम तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चाईया की संजना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एकल गीत प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धन्नासर की मुस्कान ने प्रथम तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चाईया की अंजिका ने द्वितीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को प्रधानाचार्य सत्यदेव राठौड़ ने प्रमाण-पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उपप्रधानाचार्य पूनम एवं प्रभारी व्याख्याता नीता अग्रवाल, राकेश कुमार सुथार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

मतदान दलों की रवानगी के दौरान भी जताया विरोध, मांग पूरी नहीं तो आंदोलन तेज

# आक्रोश; पटवारियों ने काली पट्टी बांध किया काम

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** पीलीबंगा तहसील के गांव माणकथेड़ी के पटवारी देवीलाल मेघवाल के साथ सूरतगढ़ थाना प्रभारी कलावती चौधरी की ओर से कथित मारपीट किए जाने की घटना के विरोध में पटवारियों का आंदोलन लगातार जारी है। दोषी अधिकारी एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को हनुमानगढ़ जिले के सभी पटवारियों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। सोमवार को पंचायती राज चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए जंक्शन में बाइपास स्थित स्कूल परिसर से मतदान दलों की निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवानगी के दौरान भी पटवारियों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज करवाया। पटवारियों ने सरकार और प्रशासन से मांग की कि पटवारी देवीलाल के साथ मारपीट के मामले में दोषी अधिकारी एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाया जाए। राजस्थान पटवार संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण दहिया ने बताया कि इस घटना के विरोध में जिले के पटवारी लगातार आंदोलनरत हैं।



**आंदोलन के दौरान बीकानेर रेंज** के आईजीपी, संभागीय आयुक्त बीकानेर, जिला कलक्टर श्रीगंगानगर, जिला पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर से कई बार मुलाकात कर ज्ञापन एवं संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए जा चुके हैं। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। दहिया ने कहा कि सरकार को सूरतगढ़ थाना प्रभारी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। मांग पूरी नहीं होने पर पटवारी पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के दौरान भी काली पट्टी बांधकर कार्य करते हुए आंदोलन जारी रखेंगे। आगामी दिनों में विरोध को और तेज किया जाएगा तथा आचार संहिता हटते ही आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### श्यामसुन्दर निर्विरोध चुने गए जिलाध्यक्ष



**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ (ए) शाखा हनुमानगढ़ के जिलाध्यक्ष पद के लिए श्यामसुन्दर को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सर्वसम्मति से उनका चयन किया गया। चुनाव प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षक एवं आरपीईए (यू) के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश टाक तथा चुनाव अधिकारी अजीत तलवाड़ा की देखरेख में सम्पन्न हुई। निर्वाचन के बाद दोनों चुनाव पदाधिकारियों की ओर से नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष श्यामसुन्दर को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अशोक ढालिया, गौरव गौड़, विष्णु डेलू, राधेश्याम, विश्व दीपक, रमेश कुमार, संजय मांडिया, नीतीश कुमार, सुनील कुमार, मुकेश सुनिया, सुशील शर्मा सहित अनेक फार्मासिस्ट मौजूद रहे।

### डबवाली से निकला युवक लापता, अपहरण का मामला दर्ज

सीमा सन्देश # पीलीबंगा। हरियाणा के मंडी डबवाली से ट्रेन में सवार होकर पीलीबंगा आने के लिए निकला 20 वर्षीय संदीप संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। युवक के घर नहीं पहुंचने और दोनों मोबाइल फोन बंद मिलने पर परिजनों ने तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इस संबंध में उसके बड़े भाई अजय कुमार ने पीलीबंगा थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट के अनुसार संदीप 29 अक्टूबर को दोपहर 2.28 बजे डबवाली से ट्रेन में रवाना हुआ था। ट्रेन शाम 5 बजे पीलीबंगा पहुंचनी थी। पुलिस ने अपहरण के आरोप में मामला दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक वीरचंद को सौंपी है।

### मतदान से पहले बूथों पर पहुंचे पोलिंग कर्मचारी

**सीमा सन्देश # टोपरियां।** पंचायती राज चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को होने वाले जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनाव के मतदान को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मतदान करवाने के लिए पोलिंग कर्मचारी बूथों पर पहुंच गए हैं। वहीं, प्रत्याशियों के एजेंटों ने टोपरियां, ढंढेला, भगवान, देईदास, ढाणी लाल खां वाली और कीकराली के राजकीय विद्यालयों में अपने फॉर्म जमा करवाए। इधर, नोहर पंचायत समिति की 59 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए कई दावेदार मैदान में उतरने की तैयारी में हैं। कई पंचायतों में 4 से 5 तथा कुछ में इससे अधिक दावेदार सामने आए हैं। नामांकन के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

### सिंधी समाज में नए अध्यक्ष के चयन पर सर्वसम्मति से निर्णय

**सीमा सन्देश# संगरिया।** सिंधी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के नए अध्यक्ष एवं नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर समाज के वर्तमान अध्यक्ष मोतीराम बदरा ने दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर कार्यकारिणी को अध्यक्ष पद से इस्तीफा सौंपा। बैठक में समाज के भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ. नारायण , सुभाष गजरा , रमेश कटारिया , मुरलीधर मंगे , भोजराज बदरा कन्हैया सुमरानी , करनी जोइसर , दयाल खन्ना , सोनू खन्ना , लखपति गौरी , पवन पंकज मुकेश , राजकुमार गजरा ईश्वरदास खन्ना , हरीश मंगे , सोनू मंगे , रामजी जोइसर सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। उपस्थित सर्वसमाज के सदस्यों ने आपसी विचार-विमर्श एवं सर्वसम्मति से जगदीश जोइसर को सिंधी समाज संगरिया का नया अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया। आगामी बैठक में नए अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।



---

**नाकाबंदी**

**बॉर्डर पर जगह-जगह नाकाबंदी, आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच**

# चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट, सीमाओं पर बढ़ाई चौकसी

**सीमा सन्देश # सरदारपुरा जीवन।** राजस्थान में पंचायतीराज चुनाव के तीसरे चरण का मतदान 3 नवंबर को प्रस्तावित है। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त माहौल में संपन्न करवाने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। चुनाव के मद्देनजर जिले की सीमाओं के साथ-साथ राज्य की सीमाओं पर भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। विभिन्न मार्गों पर नाकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है। चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि को रोकने के लिए पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है।



### संदिग्ध वाहनों पर विशेष नजर

बॉर्डर पर तैनात पुलिसकर्मी प्रत्येक वाहन को रुकवाकर उसकी जांच कर रहे हैं। संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर विशेष नजर रखी जा रही है। वाहनों में रखे सामान और दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है, ताकि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। मतदाताओं को प्रलोभन देने, अवैध नकदी एवं प्रतिबंधित सामग्री के परिवहन तथा शांति व्यवस्था बिगाड़ने की आशंका को देखते हुए निगरानी बढ़ाई गई है। संवेदनशील क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों पर पुलिस गश्त भी तेज की जा रही है। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाना है। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से चुनाव आचार संहिता एवं प्रशासनिक निर्देशों की पालना करने और जांच के दौरान पुलिस का सहयोग करने की अपील की है। तीसरे चरण के मतदान को देखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में आगामी दिनों में भी निगरानी जारी रहेगी।

---

**लापरवाही और अनुशासनहीनता पर कार्रवाई की चेतावनी**

# चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट, गड़बड़ी करने वालों पर पैनी नजर

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** पंचायती राज चुनाव-2026 के तीसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की ब्रीफिंग आयोजित की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव तथा जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य ने चुनाव ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए पूरी सतर्कता और मुस्तैदी से जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। ब्रीफिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद बिश्नोई एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर एमपी सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया और चुनाव ड्यूटी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। अधिकारियों ने मतदान केन्द्रों एवं आसपास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रखने तथा संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केन्द्रों पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए। असामाजिक तत्वों और चुनाव में बाधा डालने वालों पर कड़ी नजर रखने तथा किसी भी अवांछित गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा। पुलिस जवानों को मतदाताओं के साथ शालीन व्यवहार रखने और उन्हें बिना दबाव या प्रलोभन के मतदान का माहौल उपलब्ध करवाने की हिदायत दी गई। साथ ही निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं आदर्श आचार संहिता की पालना, आपसी समन्वय और संचार व्यवस्था मजबूत रखने को कहा।



### नोहर पंचायत समिति के ब्लॉक व जोन के चुनाव की तैयारियां पूरी, आज होगा मतदान

**नोहर।** पंचायत राज चुनाव-2026 के तहत नोहर पंचायत समिति क्षेत्र में मंगलवार को होने वाले मतदान को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। तीसरे चरण में पंचायत समिति के 35 और जिला परिषद के 8 सदस्यों के लिए मतदान करवाया जाएगा। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए पोलिंग पार्टियां निर्धारित मतदान केन्द्रों पर पहुंच गई हैं। क्षेत्र के 35 ब्लॉकों में कुल 113 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मंगलवार को 2 लाख 15 हजार 696 मतदाता अपने मताधिकार



का प्रयोग कर सकेंगे। पिछली बार क्षेत्र में 73.24 प्रतिशत मतदान हुआ था। पंचायत समिति सदस्य के 35 पदों के लिए कांग्रेस ने 32, भाजपा ने 31 तथा माकपा ने 25 प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। वहीं जिला परिषद के सभी 8 वार्डों में कांग्रेस, भाजपा और माकपा ने 8-8 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे हैं। पंचायत समिति प्रधान का पद अनारक्षित महिला के लिए निर्धारित है। मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। प्रशासनिक अधिकारी चुनाव प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। मतदान के बाद 5 नवंबर को सरपंच पदों के लिए चुनाव होंगे। पोलिंग पार्टियां लगातार पांच दिनों तक मतदान केन्द्रों पर रहेंगी। चुनाव परिणाम से क्षेत्र की पंचायत राज राजनीति की तस्वीर साफ होगी।

---

# संगरिया : मीरां खेल मैदान में 94 स्टालों पर होगी पटाखों की बिक्री, बाजार में प्रतिबंध

**सीमा सन्देश# संगरिया।** दीपावली के मौके पर पटाखा विक्रय की स्टाल लगाने के लिए सोमवार को उपखंड अधिकारी जय कौशिक की अध्यक्षता में सभागार में लाटरी निकाली गई। पटाखा बिक्री स्थल मीरां खेल मैदान में 5 से 8 नवंबर तक पटाखों की 94 स्टाल लगाई जा सकेगी। जहां सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए जाएंगे। शहर में बाजार एवं अन्य स्थानों पर पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। प्रशासन ने आमजन से दीपावली त्यौहार पर सुरक्षित पटाखे आतिशबाजी चलाने एवं बच्चों को अपने निर्देशन में पटाखे चलाने की अपील की है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुरक्षित स्थानों पर पटाखों की बिक्री के लिए विकास अधिकारी को निर्देश दिए।

### इस दौरान यह अधिकारी रहे मौजूद



लाटरी प्रक्रिया में तहसीलदार मोनिका बंसल, नगरपालिका के सहायक प्रशासनिक अधिकारी अरविंद खन्ना, उपखंड कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी विनोद राहड़, पंकज गोदारा सहित पटाखा व्यापारी एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

### मतदान करवाने के लिए बरवाली पहुंचे मतदान दल

सीमा सन्देश # बरवाली। पंचायती राज चुनाव-2026 के तहत मंगलवार को होने वाले जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनाव के मतदान को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार को हरियाणा सीमा पर स्थित गांव बरवाली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र पर अधिकारी एवं कर्मचारी पहुंच गए। यहां बूथ संख्या 122 से 125 तक बनाए गए हैं। बरवाली एवं रामगढ़ सेक्टर के प्रभारी रामकुमार तथा मतदान केंद्र के आरओ पोकरराम ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केंद्र के गेट पर आवश्यक दिशा-निर्देश भी लगाए गए हैं। अधिकारियों ने शांतिपूर्ण मतदान करवाने की तैयारियों की जानकारी दी।

---

**जिलाध्यक्ष अश्विनी पारीक के नेतृत्व में रामलीला मैदान पहुंचे सेवादल पदाधिकारी**

# महारैली में हनुमानगढ़ सेवादल ने संभाली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।**

दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित 'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली में कांग्रेस सेवादल हनुमानगढ़ के जिलाध्यक्ष अश्विनी पारीक के नेतृत्व में जिले के सेवादल पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। महारैली में सेवादल हनुमानगढ़ के पदाधिकारियों ने विशेष आमंत्रित बॉक्स की व्यवस्थाओं सहित विभिन्न जिम्मेदारियां संभालते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिलाध्यक्ष अश्विनी पारीक ने बताया कि महारैली की पूर्व संध्या पर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का राजस्थान स्टेट गेस्ट हाउस में सेवादल की ओर से स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें सूत की माला पहनाई गई तथा सेवादल की कैप भेंट की गई। पारीक ने अशोक गहलोत को हनुमानगढ़ जिले में सेवादल की ओर से किए जा रहे संगठनात्मक एवं सामाजिक कार्यों की जानकारी दी।



**उन्होंने बताया** कि हनुमानगढ़ सेवादल की ओर से हाल ही में नगर परिषद चुनाव के दौरान प्रत्येक ब्लॉक में कांग्रेस प्रत्याशियों की संख्या के अनुसार सेवादल की कैप उपलब्ध करवाई गई थीं। साथ ही आगामी जिला परिषद चुनाव को लेकर सेवादल की ओर से की जा रही तैयारियों एवं गतिविधियों से भी अवगत करवाया।

### राहुल गांधी के नेतृत्व में वोट चोरी के खिलाफ इंडिया गठबंधन एकजुट: पारीक

पारीक ने बताया कि सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के निर्देशानुसार तथा प्रदेशाध्यक्ष हेम सिंह की अध्यक्षता में हनुमानगढ़ सेवादल ने महारैली की व्यवस्थाओं में सक्रिय भागीदारी निभाई। रामलीला मैदान में आयोजित महारैली के दौरान जिले के पदाधिकारियों ने विशेष आमंत्रित बॉक्स की व्यवस्था संभाली।

उन्होंने कहा कि वोट चोरी से देश को बचाने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन मजबूती से आगे बढ़ रहा है। एसआईआर के माध्यम से जिस तरह वोट चोरी किए जाने के आरोप सामने आए हैं, उन्हें जनता समझ चुकी है। पारीक ने कहा कि इस मुद्दे पर जनता की आवाज बुलंद हो रही है और मुख्य चुनाव आयुक्त को स्वयं इस्तीफा देना पड़ेगा। इस मौके पर सेवादल जिला महासचिव इशाक चायनान, धर्मेंद्र बजाज, जिला सचिव एवं पार्षद लखविंद्र सिंह, जिला सचिव भंवर खान, कोषाध्यक्ष विनित बंसल, पीलीबंगा ब्लॉक अध्यक्ष भगवानाराम, कमलेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# एलुमनाई मीट: पुरानी यादें हुईं ताजा

**करिअर मार्गदर्शन सहयोग पर हुआ विचार-विमर्श**



**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय की एलुमनाई एसोसिएशन के तत्वावधान में एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों से शिक्षा प्राप्त कर चुके पूर्व विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पूर्व विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय प्रबंधन के बीच आत्मीय संवाद हुआ तथा विद्यार्थी जीवन की पुरानी यादें ताजा हुईं। श्री गुरु गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने कहा कि पूर्व विद्यार्थी किसी भी विश्वविद्यालय की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनकी उपलब्धियां विश्वविद्यालय की पहचान और प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाती हैं।

### जीवन के अनुभव साझा किये

एलुमनाई मीट पूर्व विद्यार्थियों को संस्थान से दोबारा जोड़ने और उनके अनुभवों व उपलब्धियों का लाभ वर्तमान विद्यार्थियों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने पूर्व विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय के विकास एवं शैक्षणिक उन्नति में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय के एमडी दिनेश कुमार जुनेजा ने कहा कि एलुमनाई विश्वविद्यालय और विद्यार्थियों के बीच मजबूत सेतु का कार्य करते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पूर्व विद्यार्थियों की सफलता संस्थान के लिए गौरव का विषय है। एलुमनाई एसोसिएशन के माध्यम से उनके अनुभव, विशेषज्ञता और व्यावसायिक संपर्कों का लाभ वर्तमान विद्यार्थियों को मिल सकता है। ऐसे आयोजन नेटवर्किंग, करियर मार्गदर्शन और रोजगार के नए अवसर विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विद्यार्थियों ने अपने विद्यार्थी जीवन की यादें साझा कीं तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन और विश्वविद्यालय में प्राप्त शिक्षा के अनुभव बताए।

### कॉलेज में 21 नवंबर को राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

**हनुमानगढ़।** टाउन स्थित राजकीय नेहरू मेमोरियल महाविद्यालय में 21 नवंबर को एक दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ह्यबी-सेवेन 2026ह्ल आयोजित होगी। सोमवार को कॉन्फ्रेंस के ब्रोशर का विमोचन किया गया। वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र विभाग तथा आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले सम्मेलन की थीम आर्थिक विकास, पर्यावरणीय स्थिरता, रोजगार, जनकल्याण और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच संतुलन रखी गई है। प्राचार्य प्रो. आरपी अहलावत ने बताया कि सम्मेलन में विशेषज्ञ, शिक्षाविद, शोधार्थी एवं विद्यार्थी विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे।

### पायनियरिंग, कम्पास, मानचित्र व प्राथमिक सहायता का सिखाया हुनर



**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ हनुमानगढ़ टाउन के तत्वावधान में एक रात्रि स्काउट-गाइड शिविर का शुभारंभ सोमवार को नगर परिषद प्राथमिक विद्यालय, प्रेमनगर, हनुमानगढ़ टाउन में हुआ। संस्थाप्रधान अर्चना बिश्नोई ने ध्वजारोहण कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर का संचालन हिमालय वुड बैज प्राप्त उषा बब्बर, स्काउट मास्टर हरप्रीत सिंह एवं यूनिट लीडर पूजा रानी के सहयोग से किया जा रहा है। ट्रेनिंग काउंसलर भूपेन्द्र कौशिक ने बताया कि शिविर में महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, वार्ड नंबर 30 की गाइड बालिकाएं भाग ले रही हैं।

### मेहंदी प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा, विजेता सम्मानित

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय में अर्थकला क्लब (कॉमर्स, आर्ट एवं मैनेजमेंट) की ओर से करवा चौथ उत्सव पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। डिप्टी एमडी डॉ. पूजा जुनेजा ने महिला स्टाफ सदस्यों को करवा चौथ की कथा सुनाई और पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा सम्पन्न करवाई।



पूजा के बाद महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

### 37 वर्ष 3 माह की राजकीय सेवा के बाद प्रधानाध्यापक चाहर सेवानिवृत्त

**अभिनंदन पत्र व मालाओं से किया सम्मान**



**सीमा सन्देश # बरवाली।** गांव बरवाली के प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार चाहर 16 एनटीआर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय से 37 वर्ष 3 माह की राजकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीणों ने उन्हें शॉल, साफा, अभिनंदन पत्र और मालाएं भेंट कर सम्मानित किया। ग्रामीणों ने उनकी शानदार राजकीय सेवाओं की सराहना करते हुए उनके कार्यकाल को याद किया। कार्यक्रम में महेंद्र सिंह सोखल, शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार ढाका सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इसके बाद गांव पहुंचने पर भी कृष्ण कुमार चाहर का स्वागत-अभिनंदन किया गया। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने का संकल्प लिया।

## अनूपगढ़ : न्यू इरा सेंट्रल स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता

सीमा सन्देश # अनूपगढ़



न्यू इरा सेंट्रल स्कूल में कक्षा 5वीं से 9वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अंतर-कक्षा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रंगों के माध्यम से सामाजिक, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक संदेश दिए। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने ह्यट्री ऑफ लाइफह्ल और हरे-भरे पेड़ों की आकृतियों से पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण का संदेश दिया। वहीं, ह्यरीसाइकल, रिड्यूस और री-यूजह्ल की थीम के जरिए स्वच्छता और संसाधनों के पुनः उपयोग का महत्व बताया। इसके अलावा भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास के बाद अयोध्या लौटने के दृश्य को रंगों और दीपों से आकर्षक रूप में दर्शाया। विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने सराहना करते हुए विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## पीएम श्री की छात्राओं ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र का भ्रमण



सीमा सन्देश# पदमपुर

पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मटका चौक श्रीगंगानगर की 100 से अधिक छात्राओं ने प्रधानाचार्य परमवीर सिंह बराड़ के मार्गदर्शन पर कृषि विज्ञान केंद्र पदमपुर का शैक्षिक भ्रमण किया। केन्द्र पर संचालित समस्त गतिविधियों पर खुशियां जाहिर करते हुए उन्होने कहा की निश्चय ही कृषि से संबंधित प्राप्त जानकारी भविष्य में काम आएगी । परमवीर सिंह ने बताया हरित विद्यालय फील्ड विजिट में छात्राओं ने कृषि विज्ञान केंद्र व गुरुद्वारा बूढ़ा जोहड़ का भ्रमण किया । सुमन सेठी सह प्रभारी कमलेश , मीनाक्षी , सीमा राजपूत , प्रिया अरविंद गोदारा , शुभम ने बताया कि विद्यालय से बस को हरी झंडी प्राचार्य परमवीर सिंह बराड़ ने रवाना किया। कृषि वैज्ञानिक राजवीर सिंह चौधरी ने छात्राओं को जैविक कृषि जैविक खाद व विभिन्न पशु नस्लों की जानकारी प्रदान की। शहीद नगर गुरुद्वारा बुडड्ढा जोडड़ पहुंचने पर प्रबंधन समिति दारा भ्रमण दल का स्वागत कर लंगर व्यवस्था में सहयोग किया।

## पंजाब आयुर्वेदिक कॉलेज में श्याम बाबा का जागरण संपन्न



सीमा सन्देश# सादुलशहर

मोरजंडखारी के पंजाब आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में शनिवार रात्रि नौ बजे श्री खाटू श्याम का जागरण करवाया गया। निदेशक डॉ. मोहित अरोडा दंपती ने पूजा-अर्चना करवाई। इसके बाद गणेश वंदना, फिर हनुमानगढ की श्याम बाबा भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन के माध्यम से श्री श्याम बाबा का गुणगान किया गया। अल सुबह आरती कर मेवा-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। इस बीच भंडारा भी लगाया गया। इस दौरान डॉ. पल्लवी अरोडा, व्याख्याता ओपी वर्मा, सादुलशहर पंस पूर्व उप प्रधान सुरेंद्र जलंधरा, पूर्व सरपंच कुंभाराम कांवलिया, रवि गोयल, पूर्व डायरेक्टर सुभाष भाकर, बलवीर जांगिड, जल उपयोक्ता समिति के अध्यक्ष बलराम देहडू, व्यापार मंडल के प्रवक्ता प्रवेश गोयल, पार्षद प्रतिनिधि अभिषेक चौधरी, अमीलाल, जसप्रीत महल सहित स्टाफ सदस्य तथा स्टूडेंट्स मौजूद थे।

## नम आंखों से केसर सिंह को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

सीमा सन्देश# पदमपुर



सैकड़ों नम आंखों ने महात्मा केसर सिंह को श्रद्धांजली दी। वक्ताओं ने कहा इनका संपूर्ण जीवन मानव कल्याण को समर्पित रहा। निरंकारी ब्रांच के संयोजक केसर सिंह का अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर ब्रह्मलीन होना आध्यात्मिक जगत और समस्त संगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। संपूर्ण जीवन गुरु चरणों में समर्पित करने वाले केसर सिंह का जीवन सेवा, सिमरन, सत्संग प्रेम और त्याग की एक अनुपम रहे। उन्होंने न केवल स्वयं गुरु की भक्ति में अपना जीवन व्यतीत किया, बल्कि असंख्य संगतों को भी प्रेम, अपनत्व और आशीर्वाद से जोड़े रखा। उनका सरल स्वभाव, संगतों के प्रति असीम प्रेम और गुरुघर के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा सदैव सभी के हृदय में जीवित रहेगी। उनकी याद एवम उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरणा दिवस रूप में सत्संग समारोह 4 नवंबर 11 बजे से 1 बजे तक निरंकारी सत्संग भवन पदमपुर में रखा गया है।


ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ ॥ ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ॥



**शोक सन्देश**

आपको बड़े दुःखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय

**स. स्वर्ण सिंह सेखों**

का आकस्मिक निधन 27 अक्टूबर को हो गया। उनकी आत्मिक शांति हेतु **अंतिम अरदास** व **भोग** दिनांक 5 नवम्बर, वार गुरुवार को दोपहर 12.45 बजे स्थान **शहीद नगर गुरुद्वारा साहिब** बुड्ढाजोहड़ में होगा।

**शोकाकुल परिवार :** स. छिन्द्रपाल कौर (धर्मपत्नी), स. रणधीर सिंह-सरबजीत कौर (पुत्र-पुत्रवधु), जगदेव सिंह-सतिंद्र कौर (पुत्र-पुत्रवधु), स्व. स. हरबख्श सिंह-सर्वजीत कौर (दामाद-बेटी), लवप्रीत सिंह-मनवीर कौर (पौत्र-पौत्रवधु), यशप्रीत सिंह-स्तुति कौर (पौत्र-पौत्रवधु), युवराज सिंह संधू-जशनदीप कौर (दोहता- दोहतवधु), अंगदवीर सिंह (पड़पौत्र), दिलशबाब सिंह (पड़दोहता)।


### त्योहारी सीजन में खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस की संयुक्त रेड, मिलावटखोरों में मचा हड़कम्प

# सूरतगढ़ में बड़ी कार्रवाई : सवा आठ लाख का संदिग्ध घी जब्त

सीमा सन्देश # सूरतगढ़



कस्बे में त्योहारी सीजन के बीच खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। सोनी मार्केट स्थित पारस होलसेल भंडार पर लगातार दूसरे दिन भी जांच जारी रही। रविवार रात की गई छापेमारी में विभिन्न ब्रांड्स का करीब 1520 लीटर संदिग्ध घी जब्त किया गया, जिसकी बाजार कीमत लगभग सवा आठ लाख रुपए है। प्रारंभिक जांच में बंसरी, वास्तु और मायरा सहित आधा दर्जन अलग-अलग ब्रांड्स का घी मिला है। गुणवत्ता को लेकर संदेह होने पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिए हैं। हालांकि, घी के नकली या मिलावटी होने की आधिकारिक पुष्टि लैब रिपोर्ट आने के बाद ही होगी। सिटी थानाधिकारी कलावती चौधरी ने बताया कि संदिग्ध घी की सूचना मिलने पर शनिवार रात को ही दुकान व गोदाम को निगरानी में ले लिया गया था। रविवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के पहुंचने पर विधिवत जांच शुरू की गई, जिसमें छह अलग-अलग ब्रांड्स के संदिग्ध घी के कार्टन मिले। प्रथम दृष्टया गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने पर नियमानुसार घी को जब्त कर सील करने की कार्रवाई की गई। इसके बाद सोमवार शाम को टीम ने नगरपालिका के पास स्थित फर्म के सीज गोदाम की भी गहन जांच शुरू की। इस दौरान वहां रखे घी के भंडारण और अन्य उपलब्ध सामग्री की पड़ताल की गई, जो देर रात तक जारी रही। इस संयुक्त कार्रवाई में थानाधिकारी कलावती चौधरी, उप निरीक्षक विजेंद्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक छोटूराम, हवलदार गुलाब सिंह, सिपाही सुरेश कुमार और खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेतराम खुड़िया, मंजू बाला तथा नित्या शर्मा सहित अन्य प्रशासनिक कर्मी शामिल रहे। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया है।

## समर्थन मूल्य पर मूंग खरीद के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**सीमा सन्देश # रायसिंहनगर।** किसानों को उनकी मूंग की उपज का उचित मूल्य दिलाने एवं बाजार में समर्थन मूल्य से कम भाव मिलने की स्थिति में आर्थिक नुकसान



से बचाने के उद्देश्य से राजफेड (राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ) द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग खरीद के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में क्रय-विक्रय सहकारी समिति (केवीएसएस) रायसिंहनगर के चेयरमैन एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश ठोलिया ने क्षेत्र के किसानों से अपील की है कि वे समर्थन मूल्य पर अपनी मूंग की उपज बेचने के लिए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समय रहते पंजीकरण करवाएं। राजफेड एवं सहकारी समितियों के माध्यम से मूंग खरीद की व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं ताकि किसी भी किसान को पंजीकरण, तुलाई अथवा उपज बेचने में अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

## नगरपालिका की बैठक में पार्षदों ने उठाए मुद्दे, समस्या निस्तारण की मांग

सीमा सन्देश # खाजूवाला



नगरपालिका की प्रथम साधारण सभा की बैठक सोमवार को नगरपालिका सभागार में आयोजित हुई। बैठक में उपखण्ड अधिकारी प्रभजोत सिंह गिल, चेयरमैन मंगल सिंह, अधिशासी अधिकारी सोहनलाल नायक, वाईस चेयरमैन अनिता मिमाणी सहित कर्मचारी व पार्षद उपस्थित रहे। बैठक में खाजूवाला नगरपालिका द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की समिक्षा की गई। पक्ष-विपक्ष के पार्षदों ने जनसमस्याओं से जुड़े हुए मुद्दे उठाए तथा समाधान की मांग की। इसी के साथ ही सत्ता पक्ष के पार्षदों ने ही नगरपालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली पर सवालिया निशान उठाया। पार्षदों ने कहा कि नगरपालिका में भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगरपालिका द्वारा जारी किए जाने वाले टैण्डर सार्वजनिक होने चाहिए तथा कार्य करने वाले ठेकेदार की जानकरी भी सार्वजनिक होनी चाहिए। नगरपालिका में होने वाले विकास कार्यों का पूरा ब्यौरा जनता के सामने रखा जाए। निराश्रित गो-वंशों की समस्या को लेकर बैठक में उपस्थित ईओ पर पार्षद भडके और गौ-शाला संचालकों को बुलाकर गो-वंश को सुपुर्द करने की बात कही। पार्षदों ने सभी वार्डों में बिजली के लटकते तारों की समस्या और दीपावली पर्व से पहले बाजार की अव्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की मांग उठाई। पार्षद भागीरथ ज्याणी ने मण्डी समिति के रिकॉर्ड नगरपालिका को देने की बात कही। बैठक में पार्षद भागीरथ ज्याणी, जगविन्द्र सिंह, श्योपाल सिंह, सोनदास स्वामी, देवकिशन सारस्वत, रविन्द्र सिंह, महेन्द्र सेवटा, दुर्गेश ओड, राजू, मुनसफ, सुशील गवारिया, चन्दन, अदरिश, मदन फोगा, रेणू सहारण, रामप्यारी देवी, अनिता देवी, प्रियंका मोदी मौजूद रहे।

### श्रीगंगानगर में पढ़ने को मजबूर क्षेत्र के छात्र

## 11 करोड़ की लागत से बनने वाला आईटीआई भवन 3 साल से अधूरा



सीमा सन्देश # सादुलशहर

गांव गद्दरखेड़ा की रोही में करीब 10.45 करोड़ रुपये की लागत से 7 बीघा भूमि में बनने वाला सरकारी आईटीआई भवन तीन साल बाद भी अधर में लटका है।



तत्कालीन विधायक जगदीशचंद्र जांगिड़ द्वारा स्वीकृत यह 6 फैकल्टी वाला संस्थान 18 माह में तैयार होना था, लेकिन कछुआ चाल और अड़चनों के कारण अभी तक हैंडओवर नहीं हो सका। नतीजतन, पिछले तीन वर्षों से सादुलशहर आईटीआई के 24 छात्रों (मैकेनिक डीजल ट्रेड) को श्रीगंगानगर के कॉलेज में पढ़ना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं–वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण अलीपुरा, पीसीसी सदस्य हर्ष बंसल, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव शिखा राजपूत, पार्षद प्रतिनिधि छिंद्रपाल चावला, करड़वाला ब्लॉक अध्यक्ष देवीलाल मेघवाल और एडवोकेट नरेश गर्ग ने भवन को तुरंत हैंडओवर कर स्थानीय स्तर पर कक्षाएं शुरू कराने की मांग की है। मैनेजमेंट चेयरमैन राम सिंह कड़वासरा ने बताया कि 7 बीघा का पट्टा था, लेकिन मौके पर 6 बीघा जमीन ही मिली है। अब 1 बीघा कम करने की प्रक्रिया चल रही है। वहीं प्रिंसिपल सुशील कुमार जांदू के अनुसार बिजली कनेक्शन के लिए 7 लाख रुपये जमा करवा दिए गए हैं तथा 6 बीघा का नया पट्टा जारी करने के लिए एसडीएम व जिला कलेक्टर को पत्र लिखा गया है। जल्द प्रक्रिया पूरी कर आगामी सत्र से यहीं कक्षाएं शुरू करने की उम्मीद है।

## रास्ते को लेकर विवाद में पिता-पुत्र पर हमला

**सीमा सन्देश # चूनावढ़।** थाना क्षेत्र के गांव नेतेवाला में खेत में रास्ता देने को लेकर चल रहे विवाद में पिता-पुत्र पर कसिए से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में चेतनराम और उसके बेटे मोहनलाल के हाथों में चोटें आईं। पुलिस ने परिवादी चुन्नीलाल की रिपोर्ट पर भंवरलाल और उसके बेटे अक्षय कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस जानकारी अनुसार, वार्ड नंबर 6 नेतेवाला निवासी चुन्नीलाल ने रिपोर्ट दी कि 24 अक्टूबर को दोपहर करीब एक बजे चक 18 एमएल (हिरणांवाली) स्थित खेत में वह अपने पिता चेतनराम और भाइयों के साथ रास्ते को लेकर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान भंवरलाल ने 12 फीट रास्ता देने की बात कहते हुए विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि कुछ देर बाद भंवरलाल अपने बेटे अक्षय कुमार को मोटरसाइकल पर मौके पर बुलाकर लाया। भंवरलाल ने अक्षय को कसिया थमाते हुए उकसाया और दोनों ने चेतनराम व मोहनलाल पर हमला कर दिया।

## शिविर में 21 यूनिट रक्त संग्रहित



**सीमा सन्देश # सूरतगढ़।** शहर में सिटीजन चैंबर, महाराजा अग्रसेन रक्तदाता समिति व श्री अग्रवाल चौधरी पंचायत ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में मंडल पश्चिम अग्रवाल संगठन संस्थान की इकाई के गठन पर रक्तदान शिविर लगाया गया। श्री चैरिटेबल ब्लड सेंटर के सहयोग से आयोजित शिविर में 21 यूनिट रक्तदान हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. केएल बंसल, चिरंजीलाल चौधरी, अनिल धानुका, राजेश सरावगी, प्रवीण भाटिया, राजेश चड्ढा व डॉ. प्रमेन्द्र स्वामी ने किया। हीरालाल गुप्ता, राजन सारस्वत व अमर अग्रवाल ने प्रथम रक्तदान कर शुभारंभ किया। चिरंजी लाल चौधरी, डॉ. विशाल कुमार छींपा, मोनू मुगल व महेंद्र स्वामी ने अतिथियों व रक्तदाताओं का सम्मान किया। लालचंद सहारण, मांगीलाल रांका, गणेश गुप्ता, सुनील कुमार, विपिन चलाना, रोहित गुप्ता, अमर सिंह, विकास मित्तल, राकेश मित्तल, बजरंग सरावगी, महावीर प्रसाद, भारत ऋषि रांका, योगेश स्वामी व मानसी बजाज ने सेवाएं दीं।

## 20 हजार 600 रूपए के नकली नोटों के साथ एक गिरफ्तार

**सादुलशहर।** आईजी बीकानेर ओमप्रकाश, एसपी श्रीगंगानगर हरिशंकर यादव, सीओ ग्रामीण भूपेंद्र सोनी के निर्देषन में सीआई पृथ्वीपाल सिंह के निकट सुपरविजन में एसआई षंभूदयाल स्वामी की पुलिस टीम ने वार्ड नंबर 17 में दबिश देकर एक व्यक्ति को 20 हजार 600 रूपए के नकली नोटों के साथ धर दबोचा। नकदी नोटों में 100-100 रूपए के कुल 206 नोट थे। सीआई पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि गष्त के दौरान एसआई शंभू दयाल स्वामी की पुलिस टीम ने वार्ड नंबर 17 निवासी आरोपी दीपक कुमार उर्फ दीपा 32 पुत्र दर्शन सिंह जाति ओढ राजपूत को उक्त भारतीय जाली मुद्रा सहित गिरफ्तार किया है। उक्त आरोपी के खिलाफ जिला नोडल पुलिस थाना कोतवाली श्रीगंगानगर में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस टीम में एसआई शंभू दयाल, पुलिस कर्मी गुरचरण सिंह, संदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार आदि शामिल थे। इनमें विशेष भूमिका गुरचरण सिंह की रही। सीआई पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि जिले के किसी भी थाना क्षेत्र में नकली नोट प्रकरण श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय पर स्थापित नोडल पुलिस थाना में ही दर्ज होता है। अब इस प्रकरण का अनुसंधान कोतवाली थाना में तैनात नगेंद्र सिंह करेंगे।

## आपदा प्रबंधन, युद्ध से बचाव और मॉक ड्रिल प्रशिक्षण आयोजित



**सादुलशहर।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं और स्टाफ को आपातकालीन व युद्ध जैसी परिस्थितियों के प्रति जागरूक करने के लिए एक दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर एवं मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह शिविर नागरिक सुरक्षा विभाग, श्री गंगानगर के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य नवल कुमार मदान एवं उप प्रधानाचार्य प्रीति मुंजाल की देखरेख में हुई। मंच संचालन दीपक चलाना द्वारा किया गया। अनुदेशक मनोज कुमार और मास्टर ट्रेनर कृष्ण कुमार ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में विद्यार्थियों को ह्यतैयारी ही सुरक्षा हैह्ल का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्राकृतिक आपदाओं के साथ-साथ युद्ध जनित आपातकाल और हवाई हमलों के समय बरती जाने वाली सावधानियों एवं बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## डॉ. पलविंदर सिंह की पुण्यतिथि पर 50 से अधिक ने किया रक्तदान

**सीमा सन्देश#पदमपुर।** सुरेंद्र कौर मेमोरियल एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर संस्था की ओर से डॉक्टर पलविंदर सिंह की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 50 से अधिक युवक - युवतियों रक्तदान कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मानव भलाई के लिए किया गया हर कार्य आत्मिक संतुष्टि में बदल जाता है । भाजपा नेता समन दीप बरिगां , नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र नारंग व भाजपा मंडल अध्यक्ष अंशु बिलंदी सहित बड़ी संख्या में प्रमुख व्यक्ति रक्तदान शिविर का हिस्सा बने और डॉ. पलविंदर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी। पालिकाध्यक्ष जितेंद्र नारंग ने कहा कि स्वेच्छा व शुभेच्छा से किया हुआ रक्तदान किसी जरूरतमंद जिंदगी को



बचाने में सार्थक साबित होगा । संस्था के डायरेक्टर मनजोत सिंह , प्राचार्य डॉ सुखविंदर सिंह , कृषि कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर बी एस यादव , कॉन्वेंट स्कूल प्रधानाध्यापक कुलवंत सिंह , नेहरू मॉडर्न स्कूल प्रधानाध्यापक मुकेश कायथ, डॉ. बीरबल राम, ओंकार कंबोज, निशु धमीजा, महावीर प्रसाद, अरविंद कुमार, कुलचंद्र , संदीप कुमार , डॉक्टर संदीप कौर ,हनुमान निलानिया सहित संस्था प्रतिनिधियों ने डायरेक्टर मनजोत सिंह के नेतृत्व में अतिथियों का स्वागत व सामान किया । रक्त संग्रहण राजकीय चिकित्सालय श्रीगंगानगर की टीम ने किया।

## तीसरे दिन दो प्रत्याशियों ने जमा करवाए नामांकन

**सादुलशहर।** पंचायत समिति अंतर्गत कुल 21 जोन के डायरेक्टर पद के लिए नामांकन जमा करवाने के तीसरे दिन सोमवार को दो प्रत्याशियों ने नामांकन जमा करवाए। एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी संजय अग्रवाल ने बताया कि जोन नंबर पांच से सावित्री, जोन नंबर 11 से राजबाला ने आजाद उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र जमा करवाए। एसडीएम संजय अग्रवाल ने बताया कि नामांकन जमा करवाने की तिथि 31 अक्टूबर से 4 नवंबर अपरान्ह तीन बजे तक निर्धारित है। सीआई पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि नामांकन नामांकन शुरू होने के साथ ही एसडीएम कार्यालय में पुलिस जाब्ता तैनात कर दिया गया है।

## खाजूवाला: विद्यार्थियों ने ली बिजली बचत की शपथ

सीमा सन्देश # खाजूवाला



ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक राजस्थान एक्शन प्लान के तहत सोमवार को पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, खाजूवाला में ह्यमिशन लाइफह्ल की ह्यसेव एनर्जीह्ल थीम के अंतर्गत ऊर्जा संरक्षण जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत सामूहिक शपथ ग्रहण से हुई, जिसमें विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ अतिथिगण ने दैनिक जीवन में ऊर्जा के अपव्यय को रोकने और ऊर्जा-दक्ष उपकरणों के उपयोग का संकल्प लिया। जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड खाजूवाला से एआरओ बीरबल मीणा, कनिष्ठ अभियंता रेवंत राम एवं संदीप कुमार एवं डिस्कॉम कार्मिक उपस्थित रहे। एआरओ बीरबल मीणा ने कहा कि आज के दौर में ऊर्जा अमूल्य है और बिजली की बचत ही वास्तव में बिजली का नया उत्पादन है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं ऊर्जा संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं, बल्कि अपने घरों और आस-पड़ोस में भी लोगों को गैर-जरूरी विद्युत उपकरणों को बंद रखने व बिजली के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करें। कनिष्ठ अभियंता रेवंत राम ने कहा कि छोटी-छोटी सजगताओं से हम भारी मात्रा में ऊर्जा बचा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पारंपरिक बल्बों की जगह आधुनिक एलईडी बल्बों उपकरणों के प्रयोग की सलाह दी।

साथ ही उन्होंने दिन के समय प्राकृतिक रोशनी के अधिकतम उपयोग और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए सौर ऊर्जा (सोलर एनर्जी) जैसी हरित ऊर्जा तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया। संस्था प्रधान लक्ष्मीनारायण शर्मा एवं समस्त स्टाफ द्वारा विद्युत विभाग के अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया।


Email : advt.seemasandesh@gmail.com

CLASSIFIED

99280-38379, 95095-96000

**NAME CHANGED**

■ I, PRATIBHA DEVI SPOUSE OF NO.15212075A RANK-HAV SANDEEP YADAV HAVE CHANGED MY NAME FROM PRATIBHA DEVI TO PRATIBHA YADAV VIDE AFFIDAVIT DATED-02/11/2026 BEFORE BIKANER COURT

■ I, NO.15212075A RANK-HAV SANDEEP YADAV HAVE CHANGED MY SON'S NAME FROM ANSH KUMAR YADAV TO ANSH YADAV VIDE AFFIDAVIT DATED-02/11/2026 BEFORE BIKANER COURT

■ I, MITHALESH RAM IS FATHER OF NO.14941433Y HAV JITENDRA KUMAR HAVE CHANGED MY NAME FROM MITHALESH RAM TO MITHLESH RAM VIDE AFFIDAVIT DATED-02/11/2026 BEFORE BIKANER COURT

**Teacher Hiring**

■ RYSEN Group of Schools- Pilibanga, Sri Vijaynagar , Shri Ganganagar
**Requires all subject teachers**
Coordinator, PGT, TGT, PRT, Pre-Primary Teachers, Activity Teachers (arts and craft) Female PTI & Administrative Staff. Attractive Salary | Immediate Joining | Experienced & Freshers Can Apply Mob.9216075291
E- mail- principal.svnr@rysen.group

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

✷ हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ टिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144- 32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

## ग्लोबल न्यूज

### ग्रोक बॉट की कमाई से ज्यादा उसे चलाने में लग रहा पैसा: एलन मस्क



एलन मस्क ने स्वीकार किया है कि एक्सएआई का अक चैटबॉट ग्रोक चलाना कमाई से महंगा पड़ रहा है। मस्क ने एक्स प्रीमियम के ग्राहकों की साप्ताहिक उपयोग सीमा जल्दी खत्म होने की शिकायतों के जवाब में यह बात कही। ग्रोक के करीब 8 लाख भुगतान ग्राहक हैं, फिर भी सदस्यता राजस्व कंप्यूटिंग खर्च पूरा करने में अपर्याप्त है।

### अब पुराने वीडियो गेम की नकल नहीं बना सकेगा क्लॉड एआई, एंथ्रोपिक ने बदला नियम




एंथ्रोपिक ने क्लॉड एआई के नियमों में बदलाव करते हुए मौजूदा वीडियो गेम की हूबहू नकल बनाने पर रोक लगाई है। गेम का नाम बदलकर बनाना भी प्रतिबंधित होगा। कंपनी के अनुसार, यह कदम कॉपीराइट उल्लंघन रोकने के लिए उठाया गया है। नए गेम और शैली से प्रेरित प्रोजेक्ट बनाने की अनुमति जारी रहेगी।

### रूस और यूक्रेन के आपातकालीन अलर्ट ऐप पर साइबर हमला, लोगों को भेजे गए फर्जी मैसेज



रूस और यूक्रेन के आपातकालीन अलर्ट ऐप पर साइबर हमला हुआ, जिसमें लोगों को परमाणु हमले, रासायनिक खतरे और मिसाइल तैनाती जैसे फर्जी मैसेज भेजे गए हैं। यूक्रेन की वायुसेना ने दावों को गलत बताया है। यूक्रेन ने हमले के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया है। रूस ने सोमवार सुबह टेलीग्राम पर बड़े साइबर हमले की जानकारी दी।

### 83 साल के फिल्ममेकर माइकल के साथ बड़ा हादसा, गलती से चलाई गोली



ऑस्कर के लिए नामांकित फिल्ममेकर माइकल मान ने शनिवार को लॉस एंजिल्स की एक शूटिंग रेंज में गलती से खुद के पैर में गोली मार ली। इस घटना के बाद 83 वर्षीय फिल्ममेकर को अस्पताल में भर्ती कराया गया और इलाज के बाद उन्हें छुट्टी भी दे दी गई है। उनकी आखिरी निर्देशित फिल्म 2023 में आई 'फेरारी' थी।

### ना गाड़ी ना फ्लाइट! 1998 से लगातार पैदल चल रहे कार्ल बुशबी, अब लौटेंगे घर



ब्रिटिश एडवेंचरर कार्ल बुशबी 1998 से लगातार पैदल चलकर आखिरकार अपने घर लौटने की दहलीज पर हैं। बिना किसी गाड़ी या फ्लाइट का इस्तेमाल किए 57-वर्षीय कार्ल ने 28-वर्षों में 4 महाद्वीपों और 30 देशों से गुजरते हुए करीब 50,000 किलोमीटर का सफर तय किया है। 'गोलियथ एक्सपेडिशन' नाम के इस अनोखे पैदल सफर का अंत अब बेहद करीब है।

### भारतीयों को लेकर पाक जा रहा एलएनजी टैंकर, मंजूरी देने के बाद ईरान ने किया हमला




ब्लूमबर्ग के अनुसार, कतर की एलएनजी लेकर पाकिस्तान जा रहे जहाज 'अल मायदा' पर होर्मुज स्ट्रेट के पास हमला हुआ जिसमें 6 भारतीयों समेत 25-क्रू सवार थे। ईरान ने हमले से कुछ घंटे पहले टैंकर के ट्रांजिट को मंजूरी दी थी। यह हमला तब हुआ जब पाकिस्तान अमरीका-इजरायल-ईरान युद्ध में बिचौलिया बना है और एनर्जी संकट से जूझ रहा है।

### चीनी छोड़ने के बाद कम नहीं हो रहा शुगर लेवल? रिवर्सल कोच ने बताए कारण



डायबिटीज रिवर्सल कोच अनूप गुप्ता ने ऐसे 8 कारण बताए हैं जिनकी वजह से चीनी ना लेने और दवा खाने के बावजूद डायबिटीज कम नहीं होती है। कारणों में 'डाइट में एसिडिक फूड होना', 'डाइट में मिनरल्स-विटामिन्स की कमी', 'डेयरी प्रोडक्ट अधिक लेना', 'बहुत ज्यादा ब्लड शुगर होना', 'खराब ब्लड सकुर्लेशन', 'कमजोर मसल्स', 'स्ट्रेस' और 'खराब स्लीप क्वॉलिटी' शामिल हैं।



**केदारनाथ में बर्फबारी के बीच श्रद्धालुओं का तांता**

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में भारी बर्फबारी और कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ मंदिर पहुंचे। मौसम की दुश्वारियों को दरकिनार करते हुए भक्तों में बाबा के दर्शन और विशेष प्रार्थना को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

# वनडे रैंकिंग : राशिद खान की अगुवाई वाली अफगान टीम छठे स्थान पर पहुंची

**सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन: इंग्लैंड, श्रीलंका, वेस्टइंडीज व बांग्लादेश टीम को पीछे छोड़ा**

नई दिल्ली

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान टीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। टीम ने आईसीसी की ताजा पुरुष वनडे टीम रैंकिंग में छठा स्थान हासिल कर लिया है, जो वनडे क्रिकेट के इतिहास में उसकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। इस उपलब्धि के साथ अफगानिस्तान ने श्रीलंका को पीछे छोड़ दिया है। अफगानिस्तान की टीम ने पिछले कुछ वर्षों में सीमित ओवरों के क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई है। साल 2009 में अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में डेब्यू करने वाली अफगानिस्तान अब बांग्लादेश, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज जैसी टीमों को भी रैंकिंग में पीछे छोड़ चुकी है। अफगानिस्तान की इस उपलब्धि के पीछे वनडे क्रिकेट में उसका लगातार बेहतर होता प्रदर्शन अहम रहा है। टीम ने अब तक खेले गए 191 वनडे मुकाबलों में से 96 में जीत दर्ज की है। उसका जीत-हार का अनुपात 1.09 रहा है।



### आयरलैंड के खिलाफ 4-0 से जीती सीरीज

अफगानिस्तान का हालिया प्रदर्शन भी शानदार रहा है। टीम ने आयरलैंड के खिलाफ उसकी धरती पर खेली गई सीरीज में 4-0 से क्लीन स्वीप किया। इसके बाद जिम्बाब्वे और बांग्लादेश के साथ खेली गई त्रिकोणीय सीरीज में भी अफगानिस्तान अजेय रही। टीम का शानदार प्रदर्शन टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी जारी है। अफगानिस्तान ने एक दिन पहले शारजाह में जिम्बाब्वे को तीसरे टी20 मुकाबले में 7 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। स्पिनर नूर अहमद ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 13 रन देकर 5 विकेट हासिल किए और जिम्बाब्वे की टीम महज 79 रन पर ऑलआउट हो गई।

### विश्व कप में पाक व श्रीलंका को हार चुके

अफगानिस्तान की टीम ने बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में भी अपनी क्षमता साबित की है। 2023 में भारत में खेले गए आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान और श्रीलंका जैसी मजबूत टीमों को हराकर सभी का ध्यान खींचा था। इन जीतों ने साबित किया कि टीम अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी बड़ी टीम को चुनौती देने में सक्षम है। वनडे के अलावा टी20 क्रिकेट में भी अफगानिस्तान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। टीम 2024 में पहली बार आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची थी।

## आस्ट्रेलिया टीम घोषित: स्टार्क, कमिंस, हेजलवुड बाहर

नई दिल्ली

इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे और टी20 सीरीज के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टीम का ऐलान कर दिया है। महली बियर्डमैन और ओलिवर पीक को टीम में शामिल किया गया है।

वहीं, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड को आराम दिया गया है। भारत के हालिया दौरे पर ऑस्ट्रेलिया ए के लिए शानदार प्रदर्शन करने के बाद माहली बियर्डमैन को टीम में वापस बुलाया गया है। 21 वर्षीय तेज गेंदबाज ने आखिरी बार जनवरी 2026 में ऑस्ट्रेलिया के लिए एक टी20 मैच खेला था और उन्होंने अभी तक वनडे में अपना डेब्यू नहीं किया है। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलियाई सिलेक्टर्स ने जैक एडवर्ड्स, स्पेंसर जॉनसन और लियाम स्कॉट को भी वनडे टीम में वापस शामिल किया है। इसके अलावा, एडवर्ड्स और जेक फ्रेजर-मैकगर्क की भी टी20 टीम में वापसी हुई है। फ्रेजर-मैकगर्क ने आखिरी बार जुलाई 2025 में ऑस्ट्रेलिया के लिए टी20 मैच खेला था। हाल ही में भारत के ऑस्ट्रेलिया ए दौरे और बिग बैश लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले लैचलान शॉ को पहली बार नेशनल टीम में जगह मिली है।

## रणजी ट्रॉफी: हर्ष दुबे ने लिये 9 विकेट

**नई दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी एलिट ग्रुप-ए में मध्य प्रदेश और विदर्भ के बीच खेले जा रहे मुकाबले का पहला दिन पूरी तरह से विदर्भ के बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे के नाम रहा। हर्ष दुबे ने घातक गेंदबाजी करते हुए 23.1 ओवरों में सिर्फ 53 रन देकर 9 विकेट चटकाए। दुबे की फिरकी के आगे मध्यप्रदेश की पूरी टीम 66.1 ओवरों में 209 रनों पर सिमट गई।

**मिनी नीलामी 16 दिसंबर को गोवा में होगी**

# आईपीएल नीलामी से पहले टीमों को मिली 2 दिन की राहत

नई दिल्ली

आईपीएल 2027 की मिनी नीलामी से पहले खिलाड़ियों की रिटेंशन और रिलीज लिस्ट जमा करने की तारीख में बदलाव किया गया है। अब सभी फ्रेंचाइजी को अपनी रिटेन और रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची 15 नवंबर के बजाय 17 नवंबर तक सौंपनी होगी। पहले इसके लिए 15 नवंबर की तारीख तय की गई थी। वहीं, आईपीएल 2027 की मिनी नीलामी 16 दिसंबर को गोवा में आयोजित किया जाएगा। यह एक दिवसीय नीलामी होगी, जिसमें फ्रेंचाइजी टीमों को मजबूत करने हेतु खिलाड़ियों पर बोली लगाएंगी।

**17 तक फाइनल करनी होगी रिटेंशन लिस्ट :** आईपीएल की




ओर से फ्रेंचाइजी को खिलाड़ियों की रिटेंशन और रिलीज लिस्ट जमा करने के लिए दो दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है। पहले यह डेडलाइन 15 नवंबर निर्धारित थी, जो भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांचवें वनडे मुकाबले का दिन भी है। अब टीमें 17 नवंबर तक अपनी अंतिम सूची जमा कर सकेंगी। फ्रेंचाइजी की ओर से रिटेंशन और रिलीज लिस्ट सौंपे जाने के बाद आईपीएल सभी टीमों को नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वाले खिलाड़ियों की सूची भेजेगा। इसके बाद टीमें अपनी जरूरत के मुताबिक खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट करेंगी।

**अब तक हुए दो बड़े ट्रेड :** आईपीएल 2027 की मिनी नीलामी से पहले अब तक दो ट्रेड सामने आए हैं। इनमें दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें शामिल हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स से अपने पूर्व कप्तान ऋषभ पंत को वापस टीम में शामिल किया है। इस ट्रेड के तहत बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव लखनऊ सुपर जाएंट्स का हिस्सा बने हैं। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स ने तेज गेंदबाज टी नटराजन को सनराइजर्स हैदराबाद के साथ ट्रेड किया है। इसके बदले हैदराबाद ने लेग स्पिनर जीशान अंसारी को दिल्ली कैपिटल्स के साथ भेजा है।

# राजस्थान के तीरंदाजों का स्विट्जरलैंड में शानदार प्रदर्शन

**सिल्वर पर लगे प्रिया व सचिन के तीर**




**जयपुर।** स्विट्जरलैंड के लॉजेन में स्विस ओपन तीरंदाजी टूर्नामेंट में राजस्थान के तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया। 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक हुई प्रतियोगिता में राजस्थान के खिलाड़ियों ने दो रजत पदक जीते। राजस्थान की प्रिया गुर्जर और सचिन चेची ने प्रतिभा और बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर पदक जीतकर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया। राजस्थान की प्रतिभाशाली तीरंदाज प्रिया गुर्जर ने रजत पदक हासिल किया। सचिन चेची के अंडर-21 वर्ग में निशाने सटीक रहे एवं सिल्वर मेडल जीता। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से राजस्थान के खेल जगत में खुशी का माहौल है।

**प्रदेश के लिए गर्व का विषय :** दोनों खिलाड़ी जयपुर की एडवांस आर्चरी अकादमी में प्रशिक्षक सुनील चौधरी के मार्गदर्शन में नियमित रूप से अभ्यास करते हैं। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतना खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और प्रशिक्षक के मार्गदर्शन का परिणाम माना जा रहा है। इस उपलब्धि से प्रदेश के युवा तीरंदाजों को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

राजस्थान आर्चरी एसोसिएशन के सचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी। गुर्जर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान के खिलाड़ियों का पदक जीतना प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों खिलाड़ी भविष्य में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राजस्थान और भारत का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने प्रशिक्षक सुनील चौधरी और एडवांस आर्चरी अकादमी को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी सफलता प्रदेश में तीरंदाजी के खेल को नई पहचान दिलाएगी।

## नीदरलैंड्स ने ओमान को 7 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की

**दुबई।** नीदरलैंड्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओमान को सात विकेट से करारी शिकस्त दी। मुकाबले में नीदरलैंड्स ने 84 गेंदें शेष रहते 183 रनों का लक्ष्य हासिल कर जीत अपने नाम की। गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों विभागों में नीदरलैंड्स की टीम ओमान पर भारी रही। टॉस जीतकर नीदरलैंड्स ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम नीदरलैंड्स के गेंदबाजों के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सकी और 49.2 ओवर में 182 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। ओमान की ओर से इमरान अली ने सर्वाधिक 44 रन बनाए, जबकि विनायक शुक्ला ने 38 रनों का योगदान दिया। दोनों बल्लेबाजों ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने का प्रयास किया।

नीदरलैंड्स की ओर से कोलिन एकरमैन ने घातक गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में महज 23 रन देकर चार विकेट हासिल किए। उनके इस प्रदर्शन ने ओमान की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। शानदार गेंदबाजी के लिए एकरमैन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।


183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स की टीम ने शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। सेड्रिक डी लांगे ने 79 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि जैच लायन-कैशेट ने 68 रन बनाकर टीम की जीत आसान कर दी। दोनों बल्लेबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत नीदरलैंड्स ने 36 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

## काठमांडू गोरखास ने रोमांचक मुकाबले में करनाली याक्स को हराया

**कीर्तिपुर।** काठमांडू गोरखास ने बेहद रोमांचक मुकाबले में करनाली याक्स को चार विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। आखिरी गेंदों तक चले इस मुकाबले में काठमांडू की टीम ने 181 रन का लक्ष्य दो गेंद शेष रहते हासिल कर लिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए करनाली याक्स ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। टीम के बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी काठमांडू गोरखास की टीम ने भी शानदार बल्लेबाजी की। काठमांडू के बल्लेबाजों ने दबाव के बीच धैर्य बनाए रखा और नियमित अंतराल पर रन जुटाए। हालांकि टीम ने 6 विकेट गंवाए, लेकिन लक्ष्य हासिल करने में सफल रही। काठमांडू गोरखास ने 19.4 ओवर में 6 विकेट पर 181 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। जीत के साथ टीम ने रोमांचक मुकाबले में अपनी श्रेष्ठता साबित की।

**SUCCESS PICTURES**



सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

सरकार गिरने के लिए हमेशा किसी बड़े तूफान की जरूरत नहीं होती, कभी कभी सिर्फ एक सहारा हटाना काफी होता है। सियासी सहारों में से एक डगमगाता दिखाई दे रहा है। - **मृगेन्द्र प्रताप सिंह**



## न्यूज इन ब्रीफ

### हेरोइन केस में फंसाने वाला एएसआई निलंबित

**खन्ना।** शिवसेना नेता महंत कश्मीर गिरि को हेरोइन के झूठे मामले में फंसाने के आरोप में एएसआई सुखदेव सिंह को निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि एएसआई ने गिरि के घर में गद्दे के नीचे हेरोइन रखी और बाद में पुलिस ने बरामदगी का दावा किया। कमरे में लगे गुप्त कैमरे में यह घटना कैद हो गई। एसएसपी दर्पण अहलूवालिया ने मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी है।

### जेईई की तैयारी कर रहे छात्र ने जान दी

**कोटा।** यूपी से यहां आकर जेईई परीक्षा की तैयारी कर रहे एक नागालिग छात्र ने सोमवार को हॉस्टल में आत्महत्या कर ली। उसका शव कमरे में मिलने के बाद सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को मोर्चरी में पहुंचाकर हॉस्टल के कमरे को सील कर दिया है। परिजनों के आने का इंतजार किया जा रहा है।

### बांग्लादेश में कपड़ा मजदूरों का प्रदर्शन

**ढाका।** बांग्लादेश में न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर कपड़ा मजदूरों का प्रदर्शन सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। कई फैक्ट्रियां बंद रहीं। सरकार ने आरोप लगाया कि प्रतिबंधित अवामी लीग समर्थक अशांति भड़का रहे हैं। श्रमिक 12,500 टका न्यूनतम वेतन को बढ़ाकर 30,000 टका करने की मांग कर रहे हैं। सरकार ने वेतन बोर्ड गठित किया है, जबकि फैक्ट्री मालिक आर्थिक चुनौतियों का हवाला दे रहे हैं।

### विमान हादसे में 9 लोगों की मौत

**पाम बीच काउंटी।** अमेरिका के फ्लोरिडा में रविवार को निजी लियरजेट 60 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गई। टेक्सास के ऑस्टिन से बहामास जा रहा विमान पाम बीच काउंटी में गिरा। पायलट ने हादसे से पहले झटकों और बर्फ जमने की सूचना दी थी। जांच एजेंसियां विमान के डेटा, कॉकपिट रिकॉर्डिंग और मौसम की स्थिति की जांच कर रही हैं।

### पुलिसकर्मियों के प्रदर्शन पर सीजेपी ने उठाए सवाल

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस मुख्यालय के बाहर पुलिसकर्मियों के जुटने को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने सवाल उठाए हैं। सीजेपी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर पूछा कि पुलिसकर्मी निर्धारित प्रदर्शन स्थल पर जाने के बजाय मुख्यालय के बाहर क्यों जमा हुए और क्या इससे आम जनता व व्यापारियों को परेशानी नहीं हो रही। सीजेपी ने एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें एसीपी मनस्वी वशिष्ठ मीडिया से बातचीत करते नजर आ रहे हैं। एसीपी ने कहा कि पुलिस आयुक्त के सामने अपनी मांगें रख दी गई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे प्रदर्शन करने नहीं, बल्कि संपर्क सभा के लिए आए थे। उन्होंने कहा कि कुछ मांगों पर तुरंत कार्रवाई की जरूरत है, जबकि कुछ मामलों में समय लगेगा। जब उनसे आगे प्रदर्शन को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि फिलहाल वे यहीं मौजूद हैं और अपनी मांगों को अधिकारियों तक पहुंचा चुके हैं।

### रिलायंस का बिस्किट बाजार में विस्तार

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की एफएमसीजी कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने बिस्किट बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने की तैयारी शुरू कर दी है। कंपनी ने तमिलनाडु में अपने 'इंडिपेंडेंस' ब्रांड के तहत 9 नए स्वादों में 28 नए उत्पाद पेश किए हैं। इन बिस्किटों को 5 रुपये के ट्रायल पैक, 10 रुपये के शेयरिंग पैक और 40 से 125 रुपये तक के फैमिली पैक में उतारा गया है। कंपनी ने इंडिपेंडेंस पावर अप बिस्किट में दूध, ग्लूकोज और प्रोटीन का संयोजन दिया है। आरसीपीएल के निदेशक टी. कृष्णकुमार ने कहा कि तमिलनाडु बिस्किट कारोबार के लिए महत्वपूर्ण बाजार है।

### शोरूम में फ्रेंचाइजी पार्टनर डॉ. दीपक आनंद, परिवारजनों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने किया भव्य स्वागत

# दीपावली पर ग्राहकों से जुड़ाव और कारोबार विस्तार पर दें जोर : घनश्याम ढोलकिया

**श्रीगंगानगर।** देश के प्रतिष्ठित आभूषण ब्रांड किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया सोमवार को पहली बार श्रीगंगानगर पहुंचे। दीपावली के उत्सवी माहौल के बीच उनका यह दौरा शहर के आभूषण कारोबार और स्थानीय बाजार के लिए विशेष महत्व रखता है। वे अपनी धर्मपत्नी श्रीमती धर्मिष्ठा ढोलकिया एवं कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम के साथ शाम करीब 5:30 बजे चार्टर विमान से सूरतगढ़ एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से सीधे गौशाला मार्ग स्थित किसना ज्वेलरी शोरूम पहुंचे। इस दौरान शोरूम के स्टोर मैनेजर नितेश कुमार सहित स्थनीय टीम भी मौजूद रही।

दौरे के दौरान घनश्याम ढोलकिया ने शोरूम का अवलोकन किया और स्थानीय टीम के साथ विस्तार से संवाद किया। उन्होंने क्षेत्र में ब्रांड की उपस्थिति, ग्राहकों की पसंद, आभूषण बाजार की संभावनाओं और भविष्य में कारोबार विस्तार को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसना का उद्देश्य केवल उच्च गुणवत्ता वाले हीरे एवं सोने के



आभूषण उपलब्ध करवाना ही नहीं, बल्कि हर परिवार के खास अवसरों और यादगार पलों का हिस्सा बनना भी है।

**हीरे की ज्वेलरी पर विशेष मूल्य वापसी सुविधा :** हीरे के आभूषणों की खरीदारी को लेकर उन्होंने बताया कि किसना के शोरूम पर हीरे की कीमत के साथ 10 प्रतिशत मेकिंग चार्ज की वापसी की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाती है। उनके अनुसार, इस पहल का उद्देश्य ग्राहकों को हीरे के आभूषणों की खरीदारी में अतिरिक्त मूल्य का लाभ देना और उनके विश्वास को मजबूत करना है।

#### गंगानगर की उद्यमशीलता-विश्वास खास

उन्होंने कहा कि श्रीगंगानगर की व्यावसायिक संस्कृति, उद्यमशीलता और यहां के लोगों का विश्वास इस क्षेत्र को कारोबार के लिए महत्वपूर्ण बनाता है। वे पहली बार शहर आकर काफी प्रसन्न हैं। किसना का प्रयास आकर्षक डिजाइनों और बेहतर गुणवत्ता के साथ ग्राहकों को भरोसेमंद खरीदारी का अनुभव प्रदान करना है। फ्रेंचाइजी पार्टनर डॉ. दीपक आनंद एवं उनकी टीम के सहयोग से शहर के ग्राहकों के साथ लंबे समय तक मजबूत संबंध स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

#### ग्राहकों से जुड़ाव का संदेश

घनश्याम ढोलकिया ने दीपावली के अवसर पर श्रीगंगानगर के सभी परिवारों को सुख, समृद्धि और खुशहाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसना भविष्य में भी गुणवत्ता, आकर्षक डिजाइन और विश्वास के साथ ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

## सेहत का मेवा महंगा...अफगानिस्तान से किशमिश और अमेरिका से बादाम-पिस्ता होते हैं आयात

# तीन माह में पिस्ता 30% और बादाम 25% तक महंगा, वजह- समुद्री रास्ते से हवाई मार्ग पर शिफ्ट हुई सप्लाई



**श्रीगंगानगर.** रविन्द्र पथ स्थित एक स्टोर पर सजे ड्राईफ्रूट्स।

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर**

सेहत बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले ड्राईफ्रूट अब आम आदमी की जेब पर भारी पड़ने लगे हैं। बादाम, काजू, पिस्ता, किशमिश और अंजीर जैसे मेवों की कीमतों में बीते कुछ महीनों के दौरान तेजी देखने को मिली है। इसका असर श्रीगंगानगर जिले के बाजारों में भी दिखाई दे रहा है। ड्राईफ्रूट बाजार में सबसे ज्यादा चर्चा बादाम और पिस्ता की कीमतों को लेकर है।

### त्यौहार में डिमांड बढ़ी



दीपावली सहित अन्य त्यौहारों और शादियों के सीजन के चलते ड्राईफ्रूट की मांग भी बढ़ी है। मेवों की बढ़ती खपत ने बाजार पर अतिरिक्त दबाव बना दिया है। एक ओर आयात व परिवहन लागत बढ़ने से सप्लाई महंगी हुई है। - **अश्वनी अग्रवाल,** दुकानदार

### 3 पॉइंट्स में पढें...रेट बढ़ने के कारण, क्वालिटी और विकल्प

#### विदेशी बाजार की हलचल का स्थानीय मार्केट पर असर

बाजार के व्यापारियों ने बताया कि ड्राईफ्रूट कारोबार काफी हद तक आयात पर निर्भर है। अमेरिका, ईरान, अफगानिस्तान और अन्य देशों से आने वाले मेवों की आपूर्ति, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें, डॉलर के मुकाबले रुपये की स्थिति, समुद्री मालभाड़ा और परिवहन खर्च इनके दाम तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंतरराष्ट्रीय तनाव, कमजोर रुपये और बढ़ती माल ढुलाई लागत ड्राईफ्रूट के महंगे होने के प्रमुख कारण हैं। समुद्री रास्ते की बजाय हवाई मार्ग से परिवहन खर्च महंगा है।



#### देसी बादाम ₹1600, अमेरिकन ₹1100, पिस्ता ₹1700 लगभग

श्रीगंगानगर के बाजार में देसी बादाम 1600 रुपए किलो के करीब बिक रहा है। अमेरिकन बादाम 1100 के लगभग रहता है। बादाम में बीते तीन माह में 400 रुपए तक की तेजी दिखी है। पिस्ता 1700-1800 रुपए, टॉप क्वालिटी में 2280 रुपए के आसपास है। पिस्ता में 700 रुपए तक तेजी रही। काजू 240 नंबर 1100 रुपए के आसपास बिक रहा है। सामान्य किशमिश के भाव 550-600 रुपए तक हैं। अंजीर 700-1200 रुपए है। अफगान की शुंडेरवाली किशमिश यहां आती है। भावों में मामूली उतार चढ़ाव बना रहता है।

#### बजट अनुरूप ड्राईफ्रूट्स के स्पेशल गिफ्ट पैक का ट्रेंड



कीमतें बढ़ने के कारण कई ग्राहक अब 250 ग्राम या इससे अधिक वजन के पैक खरीद रहे हैं। कईयों ने पिस्ता, काजू और अंजीर की मात्रा कम कर दी है। बाजार में बजट अनुरूप ड्राईफ्रूट्स की पैकिंग का क्रेज है। - **अतुल अग्रवाल,** मनुहार मेवा

### मीठा खाना 'जेब' के लिए भी ठीक नहीं

## चीनी, दूध, देसी घी के दाम तेज होने से मिठाईयों के रेट 15% बढ़े



अक्सर कहा जाता है कि ज्यादा मीठा खाना सेहत के लिए ठीक नहीं, विशेषकर शुगर पेशेंट के लिए, लेकिन अब मिठाईयों के बढ़ते दामों के चलते मीठा खाना आम आदमी की 'जेब' के लिए भी ठीक नहीं है। मिठाईयों के दामों में तेजी ने आम आदमी के जेब पर आर्थिक भार बढ़ा दिया है। मिष्ठान व्यापारियों ने बताया कि कुछ महीनों में चीनी के दाम बढ़े हैं। साथ ही देसी घी के रेटों में भी उछाल दिखा है, इसका असर मिठाईयों की लागत पर पड़ा है।

**असर इसलिए...चीनी ₹50 से ₹65 तक पहुंची:** मिठाई महंगी होने की एक वजह चीनी के दाम हैं। अमूमन 48-52 रुपए के मध्य बिकने वाली चीनी के रेट 70 रुपए किलो तक पहुंचे गए थे। इसके बाद वापस रेट नीचे गिरे और 57 रुपए तक पहुंची, लेकिन फिर 65 रुपए रेट हो गया।

**दूध महंगा हुआ तो देसी के दाम ₹60 तक बढ़े :** महंगी मिठाई के लिए दूसरा कारण दूध-देसी घी के दाम बढ़ना है। दूध के रेट 5 से 7 रुपए प्रति किलो तक बढ़ाए गए, जिससे देसी घी पर असर पड़ा। डेयरियों पर 600-650 रुपए के वाला देसी घी 700 रुपए तक पहुंच गई। हालांकि देसी घी इससे भी अधिक रेटों पर क्वालिटी अनुरूप बिक रहा है।



**क्वालिटी मेंटेन रखना जरूरी:** मिठाईयां पर लागत बढ़ने से रेटों पर असर पड़ना स्वाभाविक है। लड्डू हों, चाहे बर्फी या अन्य सामान्य बिकने वाली मिठाई, सबमें 12 से 15 प्रति. तक रेट बढ़े हैं। क्वालिटी मेंटेन रखना प्राथमिकता है। - **सुनील यादव,** श्रीभगवान यादव होलसेल-रिटेल मिष्ठान, श्रीगंगानगर

## केमिकल भरे टैंकर में लगी आग, ड्राइवर व खलासी ने बचाई जान

**हनुमानगढ़।**

टाउन थाना क्षेत्र में 32 एनडीआर गांव के पास सोमवार अलसुबह करीब 4 बजे केमिकल (इथेनॉल) से भरे एक टैंकर में अचानक भीषण आग लग गई। टैंकर गुजरात से पंजाब के बरनाला जा रहा था। रावतसर से पीलीबंगा की ओर जाते समय पंडितांवाली से करीब 4 किमी पहले यह हादसा हुआ। आग की लपटें उठते ही ड्राइवर और खलासी ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत बाहर छलांग लगा दी, जिससे दोनों की जान बच गई और एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना पर टाउन थाना पुलिस सहित हनुमानगढ़, पीलीबंगा और रावतसर से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इथेनॉल भरा होने के कारण आग इतनी विकराल थी कि सुबह 9 बजे तक भी उस पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।



### सड़क निर्माण के दौरान हादसा, मुख्यमंत्री ने दिए उच्चस्तरीय जांच के निर्देश

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई मशीन, 8 श्रमिकों की मौत

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं जिले के उदयपुरवाटी क्षेत्र के छापोली गांव में सोमवार को सड़क निर्माण के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में आठ श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब सड़क निर्माण में इस्तेमाल हो रही रोड़ी मिलाने वाली मशीन 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन बिजली लाइन के संपर्क में आ गई और उसमें करंट फैल गया। ग्रामीणों के जनसहयोग से छापोली में सड़क निर्माण कराया जा रहा था। इसी दौरान मशीन का हाइड्रोलिक जैक ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन से छू गया। अचानक करंट फैलने से मौके पर काम कर रहे श्रमिक इसकी चपेट में आ गए। हादसे में पांच श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि



उपचार के दौरान तीन अन्य ने दम तोड़ दिया। मृतकों में हरिराम गुर्जर, मंगलचंद गुर्जर, कालूराम गुर्जर, पवन गुर्जर, विष्णु सैनी, सुरेंद्र उर्फ सुरेश सैनी, मुकेश सैनी और फतेहचंद सैनी शामिल हैं।

#### मुआवजे का ऐलान किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झुंझुनूं हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की। जिला कलेक्टर अरुण गर्ग ने बताया कि घटना की जांच कराई जाएगी। प्रशासन ने घायलों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर दुख जताते हुए जिला कलेक्टर से घटना की जानकारी ली और प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा को मौके पर भेजकर राहत कार्यों की निगरानी करने को कहा।

### अपराध

## नाबालिग बेटे की मर्सिडीज से स्कूटर सवार की मौत के मामले में कार्रवाई तेज

# जज के खिलाफ सबूत मिटाने का केस, बेटे पर हादसे में मौत का आरोप

**कोच्चि।**

केरल में नाबालिग बेटे की कार से हुई मौत के मामले में अतिरिक्त जिला जज की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पुलिस ने जज के खिलाफ सबूत मिटाने की कोशिश के आरोप में नया मामला दर्ज किया है। इससे पहले उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या और लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में केस दर्ज किया जा चुका है। यह मामला 25 अक्टूबर को हुए सड़क हादसे से जुड़ा है। आरोप है कि जज के 17 वर्षीय बेटे की मर्सिडीज-बेंज कार ने स्कूटर सवार जयबालकृष्णन को टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक चिट्टूर क्षेत्र में सड़क किनारे खाने का ठेला लगाते थे और मंजली इलाके के निवासी थे।



#### किशोर की जमानत रद्द कराने की तैयारी

हादसे के बाद जज के बेटे को मौके पर ही पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया था। उसे पहले थाने से जमानत मिल गई थी। बाद में किशोर न्याय बोर्ड ने कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड नहीं होने के आधार पर उसे जमानत दे दी। हालांकि, पुलिस ने अब किशोर की जमानत रद्द कराने के लिए विशेष अदालत का रुख किया है। पुलिस कमिश्नर ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। मुख्यमंत्री और गृह मंत्री ने भी परिवार से बातचीत की है।

#### परिवार की शिकायत पर हुई नई कार्रवाई

चेरानल्लूर पुलिस के अनुसार, मृतक के परिवार ने रविवार को नई शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि हादसे के बाद जज काफी देर तक घटनास्थल पर मौजूद रहे और मामले से जुड़े सबूतों को प्रभावित करने की कोशिश की गई। परिवार का आरोप है कि जज हादसे के बाद चेरानल्लूर पुलिस थाने पहुंचे थे। वहां उन्होंने एक पुलिस अधिकारी पर दबाव डालकर मृतक के परिवार के सदस्य द्वारा खींची गई आरोपी बेटे की तस्वीर डिलीट करवा दी। कोच्चि पुलिस कमिश्नर आर. निशांतिनी ने शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए जज के खिलाफ नया केस दर्ज किए जाने की जानकारी दी।

#### सबूत मिटाने के आरोप में हो सकती है सजा

पुलिस के अनुसार, सबूत मिटाने की कोशिश से जुड़े अपराध में तीन साल तक की जेल, पांच हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों सजाएं हो सकती हैं। मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है। इस बीच घटना से जुड़े मामले में चार पुलिसकर्मियों को भी निलंबित किया गया है। पुलिस ने हालांकि निलंबन का आधिकारिक कारण नहीं बताया है। सूत्रों के अनुसार, शुरूआती जांच में आरोपियों के खिलाफ सख्त धाराएं नहीं लगाने और तस्वीर डिलीट किए जाने के मामले को लेकर यह कार्रवाई की गई है।

### प्रदूषण फैलाने वाले 41 उद्योगों को नोटिस

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।**

क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने और निर्धारित मानकों की अनदेखी करने वाले उद्योगों के खिलाफ क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सख्ती दिखाई है। बोर्ड की ओर से अलग-अलग औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण करने के बाद 41 उद्योगों को नोटिस जारी किए गए हैं। बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में संचालित उद्योगों की ओर से प्रदूषण फैलाने और निर्धारित मानकों की पालना नहीं करने संबंधी शिकायतें पोर्टल के माध्यम से तथा व्यक्तिगत रूप से प्राप्त हो रही थीं। कुल 50 उद्योगों की जांच की गई, जिनमें 41 उद्योग ऐसे पाए गए जो प्रदूषण नियंत्रण के निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतर रहे थे। इनमें प्लास्टिक, पीओपी, केमिकल सहित अन्य प्रकार के उद्योग शामिल हैं। जांच में सबसे अधिक खामियां ईटीपी और डिस्पोजल मैनेजमेंट से संबंधित सामने आईं। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के रीजनल ऑफिसर सुधीर यादव ने बताया कि संबंधित उद्योगों को कमियां सुधारने के लिए 15 दिन का नोटिस दिया गया है।

### मौसम अनुकूल बीजों से फसलों का होगा बचाव: वित्त मंत्री

**मुंबई।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार खेती में फसल विविधीकरण, जल संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि मौसम की मार झेलने में सक्षम जलवायु-अनुकूल बीज विकसित किए गए हैं, जिन्हें कृषि विज्ञान केंद्रों के जरिए किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। साथ ही किसानों को इनके फायदों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने मोर क्रॉप पर ड्रॉप (हर बूंद से ज्यादा फसल) योजना पर जोर देते हुए कहा कि सूक्ष्म सिंचाई के जरिए कम पानी में अधिक उत्पादकता हासिल करना सरकार का मुख्य लक्ष्य है। धान-गेहूं के प्रचुर भंडार को देखते हुए फसलों में विविधता लाई जा रही है। हरियाणा जैसे राज्य धान की जगह मक्का और जौ को बढ़ावा दे रहे हैं।

### गुरुग्राम; दो हथियार तस्कर गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** हरियाणा गुरुग्राम पुलिस ने आज अंतरराज्यीय अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए मध्य प्रदेश के दो आपूर्तिकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 8 अवैध पिस्टल और 16 मैगजीन बरामद की गई हैं। दोनों आरोपी बस के माध्यम से हथियारों की खेप लेकर गुरुग्राम पहुंचे थे। यहां से इन हथियारों को दिल्ली-एनसीआर के स्थानीय बदमाशों तक पहुंचाया जाना था लेकिन डिलीवरी से पहले ही पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

### भारत से व्यापार बंद पाक को नुकसान

**नई दिल्ली।** पुलवामा आतंकी हमले के बाद वर्ष 2019 से भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापारिक रिश्ते लगभग ठप हैं। पाकिस्तान-भारत व्यापार परिषद के अध्यक्ष नूर मोहम्मद कसूरी ने दावा किया है कि भारत के साथ व्यापार बंद होने से पाकिस्तान को अब तक करीब 4,000 करोड़ डॉलर का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। कसूरी ने दोनों देशों से व्यापारिक संबंध बहाल करने की अपील करते हुए कहा कि इससे कारोबार, निवेश और पर्यटन के नए अवसर पैदा हो सकते हैं।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

# सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

## सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

# हार्दिक धन्यवाद

### हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

**आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें**

**Helpline: 93528 93528**